नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 46

सोमवार, 18 से 24 दिसम्बर 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

रोहिणी कोर्ट परिसर की दयनीय हालत पर कानून मंत्री आतिशी... 03

सरकार-विपक्ष के टकराव से करोड़ों बर्बाद 08

# NCR समाचार

भारत ने कंगारुओं पर कसा शिकंजा 10

शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

पूरी हुई कृति-काजोल की दो पत्ती की शूटिंग 12

# जेएन.1 को हल्के में लिया तो पड़ेगा भारी

## कोरोना के नए वैरिएंट पर एक्सपर्ट ने दी चेतावनी, बचाव के उपाय भी बताए

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** जेएन.1 के तौर पर नया वैरिएंट आने के बाद देशभर में कोरोना के केसेज में उछाल आया है। अभी तक पूरे देश में कुल 3742 ऐक्टिव केसेज सामने आ चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक रविवार को एक दिन में यहां पर कुल 322 नए केसेज सामने आए। इस बीच हेल्थ एक्सपर्ट्स ने कोरोना के इस नए वैरिएंट को लेकर चेतावनी भी जारी की है। इसके मुताबिक जेएन.1 को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि पहले की ही तरह भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करें। अगर जाना भी पड़े तो मास्क समेत दूसरे उपाय करके ही बाहर निकलें।



### कैसे करें अपना बचाव

डॉक्टर नरेश त्रेहन ने बताया कि जो हालात हैं उसको देखते हुए बहुत जरूरी है कि लोग कोविड उचित व्यवहार करें। जिस तरह से पहले लोग करते थे कि मास्क लगाकर निकलते थे। सोशल डिस्टेंसिंग बरतते थे। उन तमाम चीजों को फिर से प्रैक्टिस में लाने की जरूरत है। अगर बाहर जाना बहुत जरूरी है तो एन95 मास्क लगाकर ही निकलें। इसके अलावा बूढ़े, पहले से बीमार, डायबिटीज पीड़ितों को और अधिक सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहाकि यह सर्दी का मौसम है। पॉल्यूशन है और ऐसे में निमोनिया होने का खतरा है। निमोनिया मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। इसी में कुछ मरीज कोरोना के भी हो सकते हैं। इसलिए काफी ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए।

### असावधानी बरतना होगा खतरनाक

डॉक्टरों का कहना है कि यह वैरिएंट मूलरूप से ओमिक्रॉन से आया है। इसलिए इसकी वेव्स आएंगी यह तो तय हैं। आज तक के मुताबिक मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर नरेश त्रेहन ने बताया कि विदेशों में तो हालत और ज्यादा खराब है। उन्होंने कहाकि अमेरिका में तो लोग अस्पतालों में भर्ती होने लगे हैं। डॉक्टर त्रेहन ने बताया कि जो ट्रेंड हमें भारत में दिख रहा है, वही ट्रेंड अन्य देशों में हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहाकि जेएन1 को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। इसे बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। डॉक्टर त्रेहन ने कहाकि लोग सोचते हैं कि इसके लक्षण बहुत घातक नहीं हैं और फिर असावधानी बरतने लगते हैं। लेकिन ऐसा करना घातक हो सकता है।

### क्या सभी को कराना चाहिए टेस्ट

जेएन.1 के सिम्पटम्स भी सर्दी, खांसी, जुकाम वाले ही हैं। ऐसे में क्या इस तरह के लक्षणों पर सभी को टेस्ट कराना चाहिए। इस पर डॉक्टर्स का कहना है कि हर किसी को टेस्ट कराने की जरूरत नहीं है। हां, अगर बुखार तेज आ रहा है। खांसी काफी ज्यादा है, खांसी के साथ खून आने की शिकायत है तो डॉक्टर को जरूर कंसल्ट करना चाहिए। फिर वहां पर डॉक्टर तय करेगा कि आपका इलाज किस तरह से किया जाना चाहिए। अगर हल्के-फुल्के लक्षण हैं तो खुद को आइसोलेट करके रखने की जरूरत है। साथ ही मास्क लगाकर रखें और परिवार के लोगों से संपर्क कम कर दें।

# अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन धन कुछ लोगों के हाथों में : राहुल

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन धन कुछ लोगों तक सीमित है और बेरोजगारी की समस्या एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत में कहा कि चुनाव लड़ने के लिए तटस्थ मीडिया, निष्पक्ष कानूनी प्रणाली, निष्पक्ष निर्वाचन आयोग, वित्तीय संसाधन तक पहुंच और तटस्थ संस्थानों की आवश्यकता होती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 15 दिसंबर को हुई बातचीत का एक वीडियो शनिवार को 'एक्स' पर साझा किया।



उन्होंने इस बातचीत के दौरान पिछले 10 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा, ह्यजब आप आर्थिक विकास के बारे में बात करते हैं तो आपको यह सवाल पूछना होगा कि आर्थिक विकास किसके हित में है। राहुल गांधी का कहना था, सवाल यह है कि विकास किस तरह का है और उससे किसे लाभ हो रहा है। भारत में विकास के आंकड़े हैं और दूसरी तरफ बेरोजगारी का आंकड़ा है। भारत बढ़ रहा है, लेकिन जिस तरह से यह बढ़ रहा है वह यह है कि बड़े पैमाने पर धन को कुछ लोगों तक समिति कर दिया है।

उन्होंने दावा किया, ह्यहमारे यहां अडाणी जी हैं, हर कोई जानता है कि वह सीधे प्रधानमंत्री से जुड़े हुए हैं। वह हमारे सभी बंदरगाहों, हवाई अड्डों, अवसंरचना क्षेत्र में स्वामित्व रखते हैं! इस तरह से आपको विकास हासिल होगा लेकिन समुचित वितरण नहीं होगा।

यह पूछे पर कि जनता से संवाद और संपर्क का असर चुनाव नतीजों में क्यों नहीं दिखता तो राहुल गांधी ने कहा, आपको एक निष्पक्ष मीडिया, निष्पक्ष कानूनी प्रणाली, निष्पक्ष चुनाव आयोग, वित्तीय संसाधन तक पहुंच, तटस्थ संस्थानों की आवश्यकता होती है।

आप एक ऐसे अमेरिका की कल्पना करें जहां आंतरिक राजस्व सेवा (आईआरएस), संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) का पूर्णकालिक काम विपक्ष को खत्म करने का हो। हम इसी स्थिति में हैं। उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा' का उल्लेख करते हुए कहा, ह्यमैं 4,000 किलोमीटर पैदल इसलिये नहीं चला क्योंकि मुझे 4,000 किलोमीटर चलना पसंद है।

# बेरोजगारी देश में सबसे ज्वलंत मुद्दा है : खरगे



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि बेरोजगारी देश का सबसे ज्वलंत मुद्दा है। भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला करते हुए खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "देश का युवा पूछ रहा है कि सालाना दो करोड़ नौकरियां कहां गईं? भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का सफर इतना जटिल क्यों हो गया है?" उन्होंने कहा, "बेरोजगारी देश का सबसे ज्वलंत मुद्दा है।" आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के जुलाई 2022-जून 2023 के आंकड़ों का हवाला देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "15-29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है।" पीएलएफएस आंकड़ों का हवाला देते हुए खरगे ने कहा कि जुलाई 2022-जून 2023 की अवधि में देश में 15-19 वर्ष आयु वर्ग में ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत थी, जबकि इसी अवधि में शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी। उन्होंने पूछा, "एमएसएमई क्षेत्र को बर्बाद कर, करोड़ों युवाओं की नौकरियां छीन, उनका भविष्य क्यों बर्बाद किया गया?"

# भारतीय नौसेना ने शुरू की लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर ड्रोन हमले की जांच

- हमले में भारतीय जहाज के शिकार होने के अमेरिकी दावे को खारिज किया
- लाल सागर में हौथी विद्रोहियों के शिकार जहाज को मुंबई रवाना किया गया

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** लाल सागर में भारतीय तट के पास दो व्यापारिक जहाजों पर ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच शुरू कर दी है।

नौसेना ने रविवार को अमेरिकी दावे को खारिज करते हुए कहा है कि हमले का शिकार एमवी साईबाबा भारतीय ध्वज वाला जहाज नहीं है, लेकिन इसके भारतीय चालक दल के सभी 25 सदस्य सुरक्षित हैं। उधर, विद्रोहियों के हमले का शिकार हुए लाइबेरिया के झंडे वाले एमवी चेम्प प्लूटो को आज सुबह भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में मुंबई की ओर रवाना कर दिया गया है।

दरअसल, ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों ने 23 दिसंबर को लाल सागर में दो जहाजों पर ड्रोन हमला किया था, जिसमें गैबॉन के स्वामित्व वाला कच्चा तेल टैंकर एमवी साईबाबा और लाइबेरिया के झंडे वाला एमवी चेम्प प्लूटो जहाज थे। हौथी विद्रोहियों ने अपने नियंत्रित क्षेत्रों से दक्षिणी लाल सागर में



अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन में दो हौथी एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इससे दोनों जहाजों में आग लग गई, लेकिन कोई गंभीर क्षति नहीं हुई थी। बाद में भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों ने मौके पर पहुंचकर सहायता की और दोनों जहाजों की आग बुझाई।

लाल सागर में स्थितियां सामान्य होने के बाद भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में आज सुबह व्यापारी जहाज संकटग्रस्त एमवी चेम्प प्लूटो को मुंबई के लिए रवाना किया गया है। भारतीय तटरक्षक जहाज विक्रम अरब सागर में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज एमवी केम प्लूटो को मुंबई ले जा रहा है। कल ड्रोन हमले की चपेट में आए व्यापारी जहाज ने आईसीजीएस विक्रम से एस्कॉर्ट किए जाने का अनुरोध किया था। व्यापारिक जहाजों पर नजर रखने और क्षेत्र में निगरानी करने के लिए आईसीजी ने डोर्नियर हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया है।

ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों के लाल सागर में दो जहाजों पर ड्रोन हमले में कच्चा तेल टैंकर एमवी साईबाबा भी शामिल था, जिसे अमेरिका ने भारतीय जहाज बताया था। भारतीय नौसेना ने रविवार को स्पष्ट करते हुए कि यह भारत-ध्वज वाला जहाज नहीं, बल्कि यह गैबॉन ध्वज वाला जहाज था। भारत ने आज एक बयान में कहा कि इस जहाज पर सवार सभी 25 भारतीय चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने बताया कि नौसेना भारतीय तट के पास व्यापारी जहाज पर ड्रोन हमले की जांच शुरू कर दी है।

यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक बयान में दावा किया कि हौथी विद्रोहियों की ओर से गोलीबारी की चपेट में आए दो युद्धपोतों में से एक पर भारत का झंडा लगा हुआ था। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा कि 17 अक्टूबर के बाद से हौथी विद्रोहियों की ओर से वाणिज्यिक शिपिंग पर किये गए हमलों में से 14वां और 15वां है। सेंटकॉम ने अपने एक बयान में दावा किया कि यूएसएस लैबून ने सफलतापूर्वक रोका और यमन में हौथी-नियंत्रित क्षेत्रों से आने वाले मानव रहित हवाई ड्रोन को मार गिराया। इस घटना में कोई चोट या क्षति नहीं हुई। यूएसएस लैबून (डीडीजी 58) ने इन हमलों से उत्पन्न संकटपूर्ण कॉलों का जवाब दिया।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी, जिसमें दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा पर चिंताएं साझा कीं थीं। पीएम मोदी ने प्रभावित लोगों के लिए निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सभी बंधकों की रिहाई सहित संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया।

एक्स पर एक पोस्ट में इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान बाब-अल-मंडेब में नेविगेशन की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के महत्व पर चर्चा की, जिसे हौथी उग्रवादियों के आक्रमण से खतरा है।

# कर्नाटक में अभी हिजाब पर प्रतिबंध हटाया नहीं गया : सिद्दारमैया

एनसीआर समाचार



**बंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने हिजाब पर प्रतिबंध अभी तक नहीं हटाया है, लेकिन सरकारी स्तर पर चर्चा के बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने अभी तक ऐसा (हिजाब प्रतिबंध हटाना) नहीं किया है। किसी ने मुझसे (हिजाब प्रतिबंध हटाने पर) सवाल पूछा था और मैंने जवाब दिया कि सरकार इसे हटाने पर विचार कर रही है।

हिजाब प्रतिबंध को हटाने की समयसीमा के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में सिद्दारमैया ने कहा, सरकारी स्तर पर चर्चा के बाद ऐसा किया जायेगा।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो देश में शरिया लागू किया जायेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार है। वह राज्य में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध हटाना चाहती है। यह केवल हिजाब पर प्रतिबंध हटाना नहीं है, बल्कि राज्य में शरिया कानून की स्थापना है। अगर राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन देश में सरकार बनाते हैं तो इस्लामिक कानून लागू किया जाएगा। श्री सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जहां भी कांग्रेस सरकार शासन कर रही है, वहां शरिया स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

# कश्मीर में सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक की गोली मारकर हत्या

एनसीआर समाचार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार तड़के आतंकवादियों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पेठ गंठमुल्ला गांव की मस्जिद में अजान पढ़ते समय पूर्व अधीक्षक मोहम्मद शफी (72)पर गोलियां चलाई गयी। घायल अवस्था में उन्हें बारामूला में एक चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संयुक्त टीम ने हमले के लिए जिम्मेदार अपराधियों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। पुलिस ने कहा कि श्री शफी वर्ष 2012 में सेवानिवृत्त हो गए थे और गांव में रह रहे थे। यह घटना ऐसे इलाके में हुई जहां आतंकवाद के चरम के दौरान भी कोई हिंसा नहीं देखी गई थी।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

# खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को किया निलंबित

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के सभी फैसलों को रोक लगा दी है।

खेल मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21 दिसंबर को जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इस साल के अंत से पहले शुरू कराये जाने की जो घोषणा की थी वह फैसला नियमों के विरूध है। उन्होंने कहा कि इस तरह निर्णय के लिए कम से कम 15 दिन पहले पहलवानों को इसकी जानकारी देनी होती है ताकि वे अपनी तैयारी कर सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय कार्यकारी समिति द्वारा लिए जाते हैं। समिति के समक्ष प्रस्ताव विचार के लिए रखा जाना आवश्यक होता है। भारतीय कुश्ती संघ के संविधान के अनुच्छेद ग्यारह के अनुसार, बैठक के लिए 15 दिन पहले नोटिस देना अनिवार्य होता है। यहां तक कि आपातकालीन बैठक के लिए भी कम से कम सात दिन पहले नोटिस देना होता है।



मंत्रालय ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि नवनिर्वाचित निकाय खेल संहिता की पूरी तरह अनदेखी करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, फेडरेशन का कामकाज पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नियंत्रित परिसर से चलाया जा रहा है। पूर्व पदाधिकारियों पर पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए गए हैं और वर्तमान में अदालत इस मामले की सुनवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह गुरुवार को हुए चुनाव में अध्यक्ष पद निर्वाचित थे। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को हराया था। चुनाव के बाद साक्षी मलिक ने विरोध करते हुए कुश्ती को अलविदा कह दिया था और इसके अलगे दिन बजरंग पुनिया ने अपना पदक लौटा दिया था।

### नड्डा ने बृजभूषण को तलब किया



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भारतीय कुश्ती महासंघ से जुड़े विवाद को खत्म करने की कवायद के तौर पर रविवार को पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को मिलने के लिए बुलाया। सिंह के करीबी लोगों के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का नियंत्रण लेने के बाद कुछ प्रमुख पहलवानों ने अपना प्रदर्शन फिर से शुरू कर दिया है जिससे एक विवाद खड़ा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि यह पार्टी नेतृत्व का दबाव ही था कि लंबे समय तक डब्ल्यूएफआई पर अपनी पकड़ बनाए रखने वाले सिंह ने घोषणा की कि अब उनका संघ से कोई लेना-देना नहीं है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से सांसद सिंह ने नड्डा से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा, "मैंने अब संन्यास ले लिया है। मेरे पास और भी बहुत जिम्मेदारियां हैं। मुझे चुनाव (लोकसभा) तैयारियां भी देखनी हैं।" उन्होंने नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर खेल मंत्रालय द्वारा डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने की घोषणा के बाद यह बयान दिया। यह पूछने पर कि बैठक में क्या बातचीत हुई, इस पर सिंह ने सिर्फ इतना कहा कि नड्डा उनके नेता हैं और उन्होंने दावा किया कि कुश्ती विवाद को लेकर उनके बीच कोई बातचीत नहीं हुई। पांच बार के लोकसभा सांसद सिंह ने रविवार को कुश्ती मुद्दे पर सवालों का जवाब देने में आत्म संयम दिखाया और उन्होंने कहा कि अब कुश्ती से उन्होंने नाता तोड़ लिया है। कैसरगंज से फिर से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि यह उनकी प्राथमिकता होगी लेकिन फैसला पार्टी को करना है। उन्होंने पहले दावा किया था कि उनके विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने के बाद उनका "दबदबा" जारी रहेगा लेकिन अब खत्म हो गया और इस बयान के साथ लगे पोस्टर भी अब हटा दिए गए हैं। सिंह ने स्वीकार किया, "मुझे अहसास हुआ कि इनमें से कुछ पोस्टर से अहंकार की बू आ रही थी।" देश के कुछ जाने-माने पहलवानों के डब्ल्यूएफआई में सिंह के वर्चस्व के खिलाफ प्रदर्शन करने के कारण भाजपा को चुनाव के दौरान जाट समुदाय के विरोध की चिंता है जो कि हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हैं।

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# विशेषज्ञों ने राजौरी-पुंछ इलाके में खुफिया नेटवर्क

## एलओसी प्रबंधन को मजबूत करने की आवश्यकता जताई

एनसीआर समाचार

**जम्मू।** सुरक्षा और रक्षा विशेषज्ञों ने जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा प्रबंधन और खुफिया नेटवर्क को तत्काल मजबूत करने की आवश्यकता जताई है। इस क्षेत्र में वर्ष 2023 में आतंकवादी घटनाओं में 59 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 24 सुरक्षाकर्मी और 28 आतंकवादी शामिल हैं।

सीमावर्ती पुंछ जिले में सेना के दो वाहनों पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिकों के मारे जाने और दो के घायल होने के एक दिन बाद विशेषज्ञों ने क्षेत्र में आतंकवादियों की बढ़ती गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की।

सेना की नगरोटा स्थित सोलहवीं कोर का नेतृत्व कर चुके लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) परमजीत सिंह ने स्वीकार किया कि जिस इलाके में यह घटना हुई, वह दुर्गम इलाका है। उन्होंने कहा, "लेकिन यह कहा सकता है कि सभी परिस्थितियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है।"

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि कोर के शीर्ष अधिकारियों को एक बार फिर से क्षेत्र में लगातार होने वाली घटनाओं का विश्लेषण करना चाहिए।

वर्ष 2019 में बालाकोट हमले में शामिल सेना के अधिकारियों में से एक ले. जनरल सिंह ने कहा, "इस क्षेत्र में तस्करों और 'ड्रग कार्टेल' और इस तंत्र से जुड़े लोगों के बीच अपवित्र गठजोड़ है। इसकी रीढ़ तोड़ने की तत्काल आवश्यकता है।"



फरवरी, 2019 में पुलवामा में एक कार बम विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवानों के मारे जाने के बाद भारत ने विशेष रूप से प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद समूह के आतंकी शिविरों पर जवाबी हमला किया था। ले. जनरल सिंह ने सलाह दी कि अब समय आ गया है कि शीर्ष अधिकारी जंगलों में लड़े जाने वाले युद्ध के बुनियादी प्रशिक्षण पर फिर से विचार करें। उन्होंने कहा, "हमें तकनीकी इनपुट पर अधिक निर्भर नहीं रहना चाहिए, क्योंकि वे कई बार गुमराह करने वाले होते हैं।"

रक्षा विशेषज्ञ कर्नल (सेवानिवृत्त) एसएस पठानिया ने आतंकी घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, "पिछले दो महीनों में यह दूसरी घटना है। यह क्षेत्र दो साल पहले तक शांतिपूर्ण था। पिछले दो वर्षों में यहां 24 सैनिक शहीद हुए हैं। ऐसा क्यों हो रहा है? आतंकवादियों का हौसला इतना बढ़ क्यों गया है?"

उन्होंने कहा कि एलओसी प्रबंधन और खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "एलओसी सुरक्षा प्रबंधन अचूक होना चाहिए और खुफिया नेटवर्क को मजबूत किया जाना चाहिए। सुरक्षा विशेषज्ञ कैप्टन (सेवानिवृत्त) अनिल गौड़ ने भी क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर चिंता व्यक्त की और खुफिया नेटवर्क में पूर्ण सुधार का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, "पाकिस्तान इन घटनाओं को अंजाम देकर इस क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा है। आतंकवाद से निपटने में कुछ खामियां हैं। यह चिंता का विषय है।"

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि क्षेत्र की खुफिया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए और सभी आतंकवादियों को नेस्तनाबूत किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्गम इलाका है, जिसमें बहुत सारी गुफाएं हैं।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बृहस्पतिवार को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच सैनिक मारे गए और दो घायल हो गए।

नवीनतम घटना के साथ, राजौरी, पुंछ और रियासी के सीमावर्ती जिलों में आतंकवादी घटनाओं में मारे गए लोगों की कुल संख्या 59 हो गई है।

# औपनिवेशिक विरासत के सभी अवशेषों को हटाने के लिए काम करना चाहिए: हिमंत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को लोगों से औपनिवेशिक विरासत के सभी अवशेषों को मिटाने और एक 'आत्मनिर्भर' राष्ट्र के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने असम के लोगों से कृषि से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तक सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक अभियान चलाने का संकल्प लेने की अपील की ताकि राज्य आर्थिक आत्म निर्भरता हासिल कर सके।

स्वतंत्रता सेनानी कनकलता बरुआ की जन्मशती के अवसर पर सोनितपुर जिले के गोहपुर में एक बैठक को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, "जैसे-जैसे भारत आजादी के 100 साल पूरे करने की ओर बढ़ रहा है, हम सभी को अपनी औपनिवेशिक विरासत के सभी अवशेषों को खत्म करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। हमें आर्थिक रूप से 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।"

'भारत छोड़ो' आंदोलन के दौरान 1942 में गोहपुर पुलिस थाना परिसर में तिरंगा फहराने के लिए एक समूह का नेतृत्व करते समय सत्रह वर्षीय कनकलता को पुलिस ने गोली मार दी थी।



शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नई दिल्ली में मौजूदा शासन औपनिवेशिक विरासत को खत्म करने के लिए काम कर रहा है।

उन्होंने औपनिवेशिक युग के आपराधिक न्याय कानूनों को नए अधिनियमों से बदलने, नए संसद भवन में स्थानांतरित होने और सड़कों का नाम बदलने का उदाहरण देते हुए कहा कि मोदी और शाह ने दिखाया है कि देश औपनिवेशिक विरासत से कैसे बाहर आ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, "औपनिवेशिक शासन के सभी अवशेषों को मिटाना होगा और उसकी जगह आत्मनिर्भर भारत बनाना होगा।"

उन्होंने कहा, "भारत आयातित उत्पादों के आधार पर अपनी अर्थव्यवस्था का निर्माण नहीं करेगा, बल्कि अपनी विरासत बनाने के लिए अपनी क्षमताओं का विकास करेगा।"

कनकलता और उनके जैसे अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शर्मा ने कहा कि उन्होंने जिस राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास किया था वह भले ही हासिल कर ली गई है, लेकिन आर्थिक स्वतंत्रता का सपना अब भी साकार नहीं हुआ है।

# आगामी आम चुनावों की दौड़ से बाहर हो सकते हैं इमरान खान?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान 08 फरवरी 2024 को होने वाले आगामी आम चुनावों की दौड़ से बाहर हो सकते हैं। वह वर्तमान में भ्रष्टाचार से लेकर देशद्रोह तक के गंभीर आरोपों के साथ बड़ी कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

10 अप्रैल 2022 को विपक्षी गठबंधन द्वारा अविश्वास मत के माध्यम से सत्ता से बेदखल किए गए इमरान खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान और अपने राजनीतिक विरोध के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और देश के सबसे लोकप्रिय नेता बन गए।

वह वर्तमान में जेल में हैं और प्रमुख कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। साथ ही 9 मई को देशभर में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर किए गए दंगों के कारण उनकी राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पूरी तरह से खत्म हो गई।

इमरान खान को अभी भी उनके समर्थक बहुत पसंद करते हैं, जो उनके खिलाफ सभी आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताते हैं। अब पाकिस्तान में जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसा लगता है कि इस चुनाव में इमरान खान भी दावेदारी में नहीं दिखेंगे, जिससे कमजोर मतदान भी हो सकता है।

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा, "यदि इमरान खान अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे और लोगों के बीच उन्हें अभी भी बहुमत का समर्थन प्राप्त है, तो पूरी चुनाव प्रक्रिया, इसकी विश्वसनीयता पर चिंताओं और सवालों से घिरी रहेगी।"

# कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में पटवारी समेत अन्य नेता हुए शामिल

एनसीआर समाचार

**भोपाल।** कांग्रेस द्वारा विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में आज किए जा रहे देशव्यापी प्रदर्शन के तहत मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हुए प्रदर्शन में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन में श्री पटवारी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी उपस्थित रहे।

कांग्रेस के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसे संबोधित किया। उनके अध्यक्ष बनने के बाद ये पहला प्रदर्शन है। हालांकि, कांग्रेस इस प्रदर्शन में कोई खास भीड़ जमा नहीं कर पाई। कार्यकताओं की संख्या बहुत कम रही। इस मौके पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और उप नेता हेमंत कटारे सहित कई नेता मौजूद रहे। पटवारी ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत के लोकतंत्र की दुनिया में मिसाल दी जाती है। इसका अनुशरण कई देशों में किया जाता है। सत्ता और विपक्ष देश की उन्नति के लिए दो पटरियां हैं। आज भारत की चुनाव प्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आधुनिक देशों ने ईवीएम को त्याग दिया है। आज देश में जिस तरह के चुनाव परिणाम आते हैं, उस पर लोगों को भरोसा नहीं होता है। आज लोकतंत्र खतरे में है। आगे पटवारी ने कहा कि मोदी के आने के बाद जनप्रतिनिधियों का दल-बदल बढ़ गया है। पिछले सत्र में विधानसभा में मुझे गलत तरीके से निलंबित किया था। ये लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा में अंदर भी लोकतंत्र नहीं बची है। वहां भी मोदी की तानाशाही चल रही है। भाजपा का पिछला घोषणा पत्र ही पूरा नहीं हुआ। 18 हजार से अधिक घोषणा अधूरा है, हम लोकतंत्र के लिए लड़ते रहेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश इकाइयों को निर्देशित करते हुए कहा था कि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला कर आश्चर्यजनक रूप से संसद के राज्यसभा और लोकसभा के दोनों सदनों के 1,497 सांसदों को निलंबित कर लोकतंत्र के साथ घिनौना कृत्य किया है। इंडिया एलायंस पार्टियों की बैठक में सर्वसम्मति से पारित निर्णय अनुसार, देश की सभी प्रदेश कांग्रेस इकाइयों में 22 दिसंबर को भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदेश एवं जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।




## एक नजर

### नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान प्रेशर बम विस्फोट, जवान घायल

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर साढ़े तीन बजे जांगला थाना क्षेत्र में पोटेनार गांव के पास जंगल में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि पोटेनार क्षेत्र में नक्सलियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति के बारे में सूचना मिलने पर पुलिस की इकाइयोंझ्र डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में भेजा गया था। अधिकारी ने बताया, ह्यजब सुरक्षा बल के जवान गस्त पर थे तब नक्सलियों ने सुरक्षा दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान के डीआरजी जवान सुरेश मिच्चा का पैर प्रेशर बम पर चला गया, जिससे विस्फोट हो गया और उनके पैर में चोटें आईं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गोलीबारी में दो-तीन नक्सली भी गोली लगने से घायल हो गए, लेकिन उनके सहयोगी उन्हें जंगल के अंदर ले जाने में कामयाब रहे। अधिकारी ने बताया, घायल जवान को बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 16 अन्य घायल

**बालोद, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में शुक्रवार को एक यात्री बस के सड़क पर पलटे एक ट्रक से टकरा जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुरूर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर मरकाटोला घाट पर एक निजी बस ने ट्रक के पिछले हिस्से को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि यह बस धमतरी से कांकेर की ओर जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस गुरुवार रात से सड़क पर पलटे ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जिनकी पहचान धमतरी के संजय राखाते और ललित साहू तथा अभनपुर के मेहंदी खान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 16 अन्य लोग घायल हुए हैं जिनमें 12 को कांकेर के चारामा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि चार को धमतरी ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और बस चालक को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। वह मौके से भाग गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है तथा अधिकारियों को घायलों को हरसंभव मदद देने का निर्देश दिया है।

### बाड़ में फंसकर मादा तेंदुए की मौत

**उधगमंडलम (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलनाडु के उधगमंडलम में एक चाय बागान के समीप बाड़ में फंसकर पांच साल की मादा तेंदुए की मौत हो गई। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महिला तेंदुआ बृहस्पतिवार रात को यहां थिट्टुक्कल में लगे बाड़े में फंसी थी और ऐसा प्रतीत होता है कि उसने खुद को छुड़ाने के लिए बहुत मशक्कत की होगी लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। अधिकारी के मुताबिक, सूचना मिलने के बाद वन विभाग के कर्मी तुरंत मौके पर पहुं?चे और तेंदुए को बेहोश किया गया। अधिकारी ने बताया कि तेंदुए को बाड़ से निकालने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि वह खड़ी नहीं हो सकी और तुरंत गिर गई, तथा उसकी मौत हो गई। वन अधिकारियों ने एक अलग मामले में नीलगिरि जिले के कोटागिरी में हिरण और एक तेंदुए का कथित तौर पर शिकार करने के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के आरोपी में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जींद (हरियाणा), एजेंसी।** हरियाणा में जींद के गुरथली गांव में एक युवक की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। नरवाना सदर थाने के प्रभारी ने बताया कि गांव के राजेश ने शिकायत की है कि उसका भाई राकेश उर्फ रॉकी (21) शराब की दुकान पर काम करता था तथा उसकी गुरथली गांव के जसबीर उर्फ रिकलू, जगतार, सेठी, गुरजोत एवं एक अन्य के साथ दोस्ती थी। थाना प्रभारी के मुताबिक शिकायतकर्ता का दावा है कि एक सप्ताह पहले राकेश को उसके इन दोस्तों ने जातिसूचक गालियां दी थी जिसपर विवाद हुआ था और पंचायती तौर पर इस मामले में समझौता हो गया था। पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इसी रंजिश के चलते 20 दिसंबर को जसबीर एवं उसके दोस्तों ने उसके भाई पर हमला कर दिया और लाठी एवं डंडों से पीट-पीटकर कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए।

# संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट, गाजा के 23 लाख लोग भुखमरी से जूझ रहे

एनसीआर समाचार

**यरुशलम।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना और हमास के बीच जारी भीषण लड़ाई के बीच संयुक्त राष्ट्र की आई रिपोर्ट युद्ध की भयावता के साथ डराने वाली है। इजराइली विमानों द्वारा गुरुवार को किए भीषण हमले व बमबारी में कई लोगों के मारे जाने की सूचना है।

अमेरिका, यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्धविराम का दबाव बना रहे हैं। युद्ध की वजह से अब तक 20 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र समर्थित निकाय ने गुरुवार को एक रिपोर्ट साझा की है। रिपोर्ट के अनुसार गाजा में 2.3 मिलियन यानी 23 लाख लोग भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं। वहीं, युद्ध की वजह से गाजावासियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है, जिसकी वजह से अकाल का खतरा हर दिन बढ़ रहा है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण की एक रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में लोग दो-जून की रोटी के लिए मशक्कत कर रहे हैं।



कुछ दिनों पहले मिस्त्र की ओर से गाजा वासियों के लिए भोजन, पानी और दवाएं भेजी गई थी। हालांकि, यह मदद ऊंच के मुंह में जीरे जैसी है। रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में मौजूद दस प्रतिशत लोगों को ही इस मदद से लाभ मिलने वाला है। आईपीसी की रिपोर्ट में आगे जानकारी दी गई कि गाजा में ईंधन की जबरदस्त कमी है। कुछ दिनों पहले कई वीडियो वायरल हुए जिसमें देखा गया कि जैसे ही मानवीय सहायता लेकर ट्रक गाजा पहुंचे, गाजावासी ट्रकों पर सहायता सामग्री लेने के लिए टूट पड़े। सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने गाजा में राहत सामग्री की धीमी आपूर्ति पर चिंता जताई है। कहा कि इसे लेकर विश्व में व्यापक चिंता है। इससे आमजन प्रभावित हो रहे हैं। हम राहत सामग्री की आपूर्ति तेज करने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका की सहमति से सुरक्षा परिषद में इससे संबंधित प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी चल रही है। दक्षिणी गाजा में भी बुधवार-गुरुवार की रात इजरायल ने भीषण बमबारी की। मिस्त्र की सीमा के नजदीक बसे रफाह कस्बे में गुरुवार सुबह हुई बमबारी में चार लोग मारे गए हैं।

# वाशिंगटन में चोर बना रहे भारतीयों को निशाना, पुलिस ने जारी की चेतावनी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य वाशिंगटन के बोथेल शहर में भारतीय-अमेरिकियों को निशाना बनाकर दिन के समय की जाने वाली चोरियों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के बाद पुलिस ने लोगों को चेतावनी जारी की है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि चोरियां स्नोहोमिश काउंटी में 35वें एवेन्यू साउथईस्ट के साथ 180वीं स्ट्रीट साउथईस्ट और 228वीं स्ट्रीट साउथईस्ट में हो रही हैं।

सिएटल स्थित कोमो टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, स्नोहोमिश काउंटी शेरिफ कार्यालय (एससीएसओ) ने बुधवार को तीन संदिग्धों की तस्वीरें जारी कीं और उनकी पहचान करने में सार्वजनिक सहायता मांगी।

कुछ महीने पहले ही इस क्षेत्र में आयी अनु ने चैनल को बताया, "जब हम यहां आए थे, मुझे ऐसा लगता था कि यह बहुत सुरक्षित जगह है, लेकिन अभी ऐसा नहीं लगता।"

उनके पति राम ने कहा कि उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए पेपर स्प्रे और सिक्योरिटी कैमरे खरीदने पर हजारों डॉलर खर्च किए हैं।

राम ने कोमो टीवी को बताया, "हमारे पास एक डॉग है, लेकिन मैं खुद को सुरक्षित महसूस करने के लिए एक गार्ड डॉग लेने के बारे में सोच रहा हूं।" रॉबरी एंड बर्गलरी यूनिट (आरबीयू), एससीएसओ का मानना है कि संदिग्ध पूरे क्षेत्र में सक्रिय एक बड़े संगठित समूह का हिस्सा हैं, और उन्होंने क्षेत्र के निवासियों से संदिग्धों के किसी भी सर्विलांस वीडियो या पिक्चर शेयर करने के लिए कहा है।

# विरोध के बाद ब्रिटेन ने पारिवारिक वीजा के लिए वेतन सीमा ले ली वापस : रिपोर्ट

**लंदन, एजेंसी।** व्यापक विरोध के बाद, यूके सरकार ने परिवार के सदस्यों को देश में लाने के लिए आवश्यक वेतन को जीबीपी38,700 से जीबीपी29,000 तक बढ़ाने की योजना को वापस ले लिया है। बीबीसी ने यह जानकारी दी।

अनुमानित 300,000 गैर-ब्रिटेन, इनमें से कई भारतीय हैं, प्रवासन को कम करने की योजना के हिस्से के रूप में इस महीने की शुरूआत में जीबीपी18,600 के वर्तमान स्तर से वृद्धि की घोषणा के बाद परेशान हैं।

योजना में बदलाव की पुष्टि एप्सम के लॉर्ड शार्प ने एक संसदीय प्रश्न के उत्तर में की थी।

उन्होंने कहा कि सीमा अब वसंत ऋतु में जीबीपी 29,000 तक बढ़ जाएगी, उसके बाद "पूवार्नुमानितता" देने के लिए "वृद्धिशील चरणों में" बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि योजना यह है कि इसे अंततः जीबीबी 34,500 और फिर जीबीपी 38,700 तक बढ़ाया जाए, लेकिन कोई तारीख नहीं दी गई। यू-टर्न पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विपक्षी लेबर ने कहा कि यह बदलाव "टोरी सरकार की अराजकता" को दर्शाता है।

छाया गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा कि मंत्री नई सीमा पर ठीक से परामर्श करने में विफल रहे हैं, "यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वे अब जल्दबाजी में पीछे हट रहे हैं"।

सरकार शुद्ध प्रवासन के बाद आगमन संख्या में कटौती करने के दबाव में थी - यूके आने और छोड़ने वाले लोगों की संख्या के बीच का अंतर, पिछले साल रिकॉर्ड 745,000 तक पहुंच गया था।


एक नीति दस्तावेज में कहा गया है कि नई सीमा इस वर्ष कानूनी प्रवासन में 300,000 की कटौती करने के सरकार के समग्र लक्ष्य में "हजारों की कम" कटौती का योगदान दे सकती है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तक वर्ष में 82,395 परिवार-संबंधित वीजा जारी किए गए - 79 प्रतिशत भागीदारों को, 13 प्रतिशत बच्चों को और 8 प्रतिशत अन्य रिश्तेदारों को।

# संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिणी गाजा में नागरिकों को निकालने के इजरायली आदेश पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिणी गाजा में नागरिकों को निकालने के इजरायली आदेश पर चिंता व्यक्त की है।

इजरायली सेना ने बुधवार को तत्काल निकासी के लिए खान यूनिस शहर के मध्य और दक्षिण के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से को कवर करने वाला एक नया क्षेत्र नामित किया। युद्ध शुरू होने से पहले, यह क्षेत्र लगभग 111,000 लोगों का घर था। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को कहा कि इस क्षेत्र में 32 आश्रय स्थल भी शामिल हैं, इनमें 141,000 से अधिक विस्थापित पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को रखा गया है, इनमें से अधिकांश पहले उत्तरी गाजा से विस्थापित हुए थे। उन्होंने मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के हवाले से कहा कि खान यूनिस पर निकासी जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंच दूरसंचार में रुकावट और बिजली की कमी के कारण बाधित है। गाजा के अधिकांश हिस्सों में लगातार आठवें दिन भी दूरसंचार सेवाएं ठप हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डुजारिक ने जोर देकर कहा कि गाजा में कोई भी क्षेत्र सुरक्षित नहीं है।



प्रवक्ता ने कहा वर्तमान में, तीव्र लड़ाई, बिजली की कमी, सीमित ईंधन और बाधित दूरसंचार ने लोडिंग पॉइंट और ट्रकों तक पहुंच को गंभीर रूप से प्रतिबंधित कर दिया है, साथ ही महत्वपूर्ण कार्यों को करने, प्राथमिकता देने, योजना बनाने और समन्वय करने की क्षमता भी सीमित कर दी है, इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, निरंतर उच्च मात्रा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सबसे मददगार चीज तत्काल मानवीय संघर्ष विराम होगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का ध्यान यथाशीघ्र अधिक से अधिक सहायता प्राप्त करने की कोशिश पर है। "हम बेहद खतरनाक स्थिति में काम कर रहे हैं। हमारे 135 से अधिक सहयोगियों ने अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकाई है। हम एक बेहद जटिल प्रणाली में काम कर रहे हैं जहां विभिन्न सत्यापन करने पड़ते हैं।" स्वास्थ्य के मोर्चे पर, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पूरे गाजा में 36 में से केवल नौ स्वास्थ्य सुविधाएं आंशिक रूप से कार्यात्मक हैं, वे सभी दक्षिण में हैं। प्रवक्ता ने कहा, उत्तर के अस्पताल अभी भी हजारों विस्थापित लोगों को आश्रय दे रहे हैं। गुरुवार को जारी खाद्य सुरक्षा विश्लेषण के अनुसार, गाजा में पांच लाख से अधिक लोग भयावह भूख की स्थिति का सामना कर रहे हैं।

एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण द्वारा जारी किए गए विश्लेषण और जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, खाद्य और कृषि संगठन और कई अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों के डेटा भी शामिल हैं, ने भी पुष्टि की कि गाजा की पूरी आबादी लगभग 2.2 मिलियन लोग संकट में हैं या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना क रहे हैं।

# रोहिणी कोर्ट परिसर की दयनीय हालत पर कानून मंत्री आतिशी ने जताई नाराजगी

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** कानून व पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने रोहिणी कोर्ट काम्प्लेक्स की दयनीय हालत को लेकर नाराजगी जताई है। इस बाबत उन्होंने प्रधान सचिव पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए है कि 30 दिसंबर तक प्रधान सचिव पीडब्ल्यूडी, कानून विभाग के प्रधान सचिव के साथ बातचीत कर रोहिणी कोर्ट काम्प्लेक्स के लिए विस्तृत मेंटेनेंस कॉंट्रैक्ट का ड्राफ्ट तैयार करें।

रोहिणी कोर्ट काम्प्लेक्स में खराब फैसिलिटीज मेंटेनेंस पर जजों और वकीलों से आई रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कानून मंत्री आतिशी ने रोहिणी कोर्ट परिसर का दौरा किया। इस दौरान कानून मंत्री ने पाया कि कोर्ट परिसर की हालत दयनीय है। पूरी इमारत में सीलन की बड़ी समस्या है और इस कारण दीवारों और छत से पानी रिस रहा है। सीलन के कारण दीवारें नम और गंदी हो गई है और दीवारों से पेंट और सीमेंट उखड़ रहा है। उन्होंने पाया कि, फॉल्स सीलिंग भी खराब हालत में है, उसके कई पैनल गायब है और तार भी लटक रहे है।

साथ ही कानून मंत्री ने पाया कि कोर्ट रूम और वकीलों के चैम्बर में उचित रखरखाव का अभाव था। कोर्ट काम्प्लेक्स में बिल्डिंग की साफ-सफाई भी एक बड़ा मुद्दा था। यहां शौचालय, विशेषकर महिलाओं के शौचालय, गंदी हालत में थे। कानून मंत्री ने इमारत के बेसमेंट का भी निरीक्षण किया, जिसकी हालत बहुत खराब थी। यहां बिजली की फिटिंग गायब थी, सीढ़ियाँ टूटी हुई थी और वहां अंधेरा था। कोर्ट परिसर की इस स्थिति को देखकर कानून मंत्री बेहद नाराज हुई। उन्होंने कहा कि, रोहिणी कोर्ट कॉम्प्लेक्स का उपयोग बड़ी संख्या में जजो, वकीलों और उनके कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि इन लोगों को यहाँ अपना काम करने के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा की, इस कोर्ट में न्याय की तलाश में, अपने कानूनी मुद्दों को सुलझाने के लिए रोजाना हजारों लोग भी आते हैं। उन्हें भी असुविधा पहुंचाना अमानवीय होगा। इसलिए, कोर्ट काम्प्लेक्स में बेहतर कोर्ट रूम, चैम्बर्स, स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना और उन्हें ठीक स्थिति में रखना बहुत महत्वपूर्ण है।

कानून मंत्री ने कहा कि, नियमों के अनुसार सभी अदालतों में बुनियादी सुविधाएं मौजूद होनी चाहिए। और यह संयुक्त रूप से पीडब्ल्यूडी और कानून विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि, रोहिणी कोर्ट काम्प्लेक्स के अधिकांश मुद्दों को मेंटेनेंस कॉंट्रैक्ट के रूप में एक व्यापक फैसिटिली मैनेजमेंट सिस्टम जिसमें इमारत की साफ-सफाई, बुनियादी रखरखाव आदि शामिल हो, द्वारा आसानी से हल किया जा सकता है। यहां फैसिलिटी मैनेजर जजों, वकीलों और आम जनता के सामने कोर्ट परिसर में आने वाले दिन-प्रतिदिन के समस्याओं को देखते हुए समाधान कर सकता है।

ऐसे में कानून मंत्री आतिशी ने प्रमुख सचिव (पीडब्ल्यूडी) को निर्देश दिये है कि वो 30 दिसंबर तक प्रमुख सचिव (कानून) के परामर्श से रोहिणी कोर्ट कॉम्प्लेक्स के मेंटेनेंस के लिए एक व्यापक मेंटेनेंस कॉंट्रैक्ट का ड्राफ्ट तैयार करें। इसके बाद, दिल्ली के सभी अदालत परिसरों का मेंटेनेंस इसी के तर्ज पर किया जाए।

# विपक्षी एकता व बैलेट पेपर चुनाव से मिलेगी इंडिया गठबंधन को सफलता

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की एकजुटता एवम बैलेट पेपर से चुनाव से होगी 2024 में बीजेपी की विदाई।

यह उद्गार प्रकट करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल में ह्यूमन राइट के महामंत्री एडवोकेट हरीश गोला ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जुझारू अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली के आह्वान पर दिल्ली के तमाम कांग्रेसजन जंतर मंतर की विशाल सभा में शामिल हुए। सभा में उपस्थित विभिन्न विपक्षी दलों के जोश और खरोश को देखते हुए यह बात तो स्पष्ट है की 2024 के चुनाव में मोदी सरकार का जाना तो तय है। परंतु ई वी एम से चुनाव नहीं कराए जाने चाहिए क्योंकि इसमें परिणाम संदेह पूर्ण है, वैलेट पेपर से चुनाव होने चाहिए जिससे चुनावों वास्तविक परिणाम सामने आ सके। इसके अलावा वोटिंग और उसकी गिनती के दरमियान ज्यादा समय न दिया जाए जिससे कि घपला को रोका जा सके। इंडिया गठबंधन की एकता पर बोलते हुए महामंत्री एडवोकेट हरीश गोला ने बताया एकता में बल है इस बात का ध्यान सभी विपक्षी दलों को ध्यान रखना चाहिए और उनसे इसकी अपेक्षा भी करी जाती है अगर गठबंधन में एकता रहेगी तभी हम मोदी की भाजपा सरकार से मुकाबला कर पाएंगे इसलिए सभी दलों को समझना चाहिए देश को बचाना है प्रजातंत्र और संविधान खतरे में है इसलिए एकता से हमें 2024 का चुनाव जीतना है, तभी इस देश में भाईचारा, सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता, प्रजातंत्र, संविधान बचाए जा सकेगा।

# दिल्ली एम्स को शोध के लिए तलाश है चेन स्मोकर्स की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अधिक धूम्रपान करने वाले 50 साल से अधिक उम्र के लोगों को दिल्ली एम्स बुला रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि एम्स का पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन विभाग लंग कैंसर को लेकर एक शोध करने की तैयारी में है। एम्स विशेषज्ञों का कहना है कि वह इस शोध से कम खुराक वाली कंप्यूटर टोमोग्राफी सीटी स्कैन जांच कर यह देखना चाहते हैं कि क्या इससे लंग कैंसर का जल्दी पता लगाया जा सकता है। यह जांच एम्स विशेषज्ञ अधिक धूम्रपान करने वाले चैन स्मोकर्स में देखना चाहते हैं। अगर यह जांच सफल हो जाती है तो इससे लंग कैंसर को जल्दी पकड़ने में मदद मिल सकती है।

शोध के लिए सिर्फ चेन स्मोकर्स की तलाश क्योंः एम्स के पल्मोनरी क्रिटिकल केयर विभाग के डॉक्टर आयुष गोयल के अनुसार, इस शोध के लिए एम्स चेन स्मोकर्स को इसलिए तलाश रहा है कि सामान्य लोगों की तुलना में चेन स्मोकर्स में लंग कैंसर का अधिक खतरा होता है। अभी तक लंग कैंसर का पता लगाने के लिए जो टेस्ट किया जाता है उस टेस्ट द्वारा जब तक लंग कैंसर का पता चलता है तब तक यह बीमारी इतनी फैल चुकी होती है कि मरीज के ठीक होने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

लंग कैंसर का पता चलने के बाद डॉक्टर के अनुसार, मरीज की उम्र 8-9 महीने तक ही रह जाती है। इस शोध के जरिए एम्स यह पता करने की कोशिश करेगा कि क्या लो डोज सीटी स्कैन के जरिए नजर आने वाले बदलाव से शुरूआती स्टेज में ही फेफड़े का कैंसर पकड़ा जा सकता है। ताकि बीमारी का समय रहते इलाज हो सके और लंग कैंसर को फैलने से रोका जा सके। इसलिए एम्स के पलमोनरी मेडिसिन विभाग ने 50 वर्ष की उम्र से ज्यादा अधिक धूम्रपान करने वाले लोगों से इस शोध का हिस्सा बनने की अपील की है।

# फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के 605 छात्र हुए ग्रेजुएट

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के छठें दीक्षांत समारोह में 605 ग्रेजुएट स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। 2015 में इस फार्मास्यूटिकल इंस्टिट्यूट को देश के पहले फार्मास्यूटिकल यूनिवर्सिटी के रूप में बदला गया था। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि शिक्षा हमेशा दिल्ली सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। पिछले 8 सालों से दिल्ली सरकार अपने बजट का लगभग 25 प्रतिशत शिक्षा को दे रही है।

उन्होंने कहा कि, शिक्षा खर्च नहीं है ये देश के बेहतर भविष्य के लिए एक निवेश है। हम आज शिक्षा के क्षेत्र में निवेश कर युवाओं को सशक्त बनाते है, उन्हें शानदार एक्सपोजर प्रदान करते हैं तो मुझे इस बात का भरोसा है कि इस देश की सारी समस्याओं का समाधान देश के युवा जरुर कर सकते हैं। यही कारण है कि केजरीवाल सरकार हमेशा शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अपने स्कूलों में, कॉलेजों में निवेश करती है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि, दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी से आज 605 स्टूडेंट्स ग्रेजुएट कर रहे हैं। डीपीएसआरयू एक ऐसी यूनिवर्सिटी है जो सिर्फ अपने कैंपस तक सीमित नहीं रही है। डीपीएसआरयू की एक पहल 'दिल्ली की योगशाला' ने योग को दिल्ली के घर-घर तक पहुंचाने का काम किया। शायद कोई ऐसी यूनिवर्सिटी होगी, जिसने इतना बड़ा आउटरीच प्रोग्राम किया, जिसे न केवल दिल्ली से बल्कि पूरे देश से प्रसंशा मिली। अब, डीपीएसआरयू को देखकर कई और राज्यों ने भी इस प्रकार से योगशाला के कार्यक्रम की शुरूआत की है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि, न केवल योग बल्कि इंडियन मेडिकल सिस्टम चाहे वो आयुर्वेद हो, यूनानी हो, योग हो डीपीएसआरयू इनको आगे ले जाने का काम भी करेगी। उन्होंने कहा कि, भारत सदियों से मेडिसिन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में रहा है। जब दुनिया में किसी ने मेडिसिन और सर्जरी का नाम नहीं सुना था तब चरक जैसे सर्जन भारत में पैदा हुए और मेडिसिन और सर्जरी को नए आयाम दिए। अब एक लीडिंग यूनिवर्सिटी के रूप में डीपीएसआरयू की ये जिम्मेदारी है कि, वो भारतीय मेडिसिन सिस्टम को भी बढ़ावा दे। उन्होंने ग्रेजुएट कर रहे स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, आप स्टूडेंट्स को इस यूनिवर्सिटी ने आगे बढ़ने का मौका दिया, अब आप स्टूडेंट्स की ये जिम्मेदारी है कि अपने शानदार काम के बदौलत आप देश को आगे लेकर जाएं और भारत को दुनिया का नंबर 1 देश बनाएं। उल्लेखनीय है कि, दीक्षांत समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना व आईसीएमआर के पूर्व डायरेक्टर-जनरल निर्मल के.गांगुली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कम नहीं हो रहा है दमघोटू प्रदूषण का खतरा : गुरमीत सिंह सूरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी दिल्ली के सह प्रभारी वरिष्ठ नेता गुरमीत सिंह सूरा का कहना है कि एक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर हवा में पराली के कण अब शून्य होने के बावजूद राजधानी में दमघोटू प्रदूषण का खतरा कम नही हो रहा है क्योंकि दिल्ली सरकार खोखली बयानबाजी तथा भविष्य की घोषणा करके लोगां को भ्रमित कर रही जबकि प्रदूषण से लोग लगातार प्रभावित होकर बीमारियों से जूझ रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण वाहन का धुआँ और सडकों से उड़ने वाली धूल है, जिस पर नियंत्रण करने के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार देश की राजधानी में दमघोटू प्रदूषण का निवारण करने असहाय होना सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी साबित हो रही है। गुरमीत सिंह सूरा ने कहा कि प्रदूषण जनहित से जुड़ा मुद्दा है जिसका हल निकालने में दिल्ली सरकार पूरी तरह विफल रही हैं। दिल्ली में ध्वस्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और सड़कों की बदहाल स्थिति प्रदूषण की प्रमुख भागीदार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीटीसी बेड़े में केवल 5 हजार के करीब ही बसें है जिनमें से आधी से अधिक की लाईफ पूरी हो चुकी है और जो बसें चल रही है वो भी प्रदूषण फैला रही है। इसके साथ ही चारों कूड़े के पहाड़ों पर बायोमास बर्निंग की हिस्सेदारी भी दिल्ली के प्रदूषण में कम नही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा प्रर्याप्त ग्रीन कवर अप नही करने के कारण प्रदूषण में बढ़ोतरी हो रही है।

### महरौली जिला पार्क को बनाया लैंडफिल साइट : नेता विपक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने महरौली के जिला पार्क में अवैध तरीके से लैंडफिल साइट खोलने का आरोप लगाया। नेता विपक्ष शुक्रवार को दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव, पार्षद जगमोहन महलावत, पूर्व पार्षद आरती सिंह, आरडब्ल्यूए से जुड़े शरद वशिष्ठ के साथ पार्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर निगम पर आरोप लगाते हुए कहा कि 8 से 9 माह से निगम दक्षिणी जोन के आसपास के वार्डों का कूड़ा संजय वन में डाल रहा है। इस लापरवाही के कारण संजय वन का बड़ा हिस्सा एक लैंडफिल साइट बन गया है। वहां बदबू और मच्छरों की वजह से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

### लेडी इर्विन कॉलेज में कार्यशाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीयू से संबद्ध लेडी इरविन कॉलेज में हिंदी राजभाषा के कार्यान्वयन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदेश्य संचार के माध्यम से समाज को मानसिक समस्याओं से अवगत कराना था। कॉलेज की निदेशक प्रो. अनूपा सिद्धू ने कहा कि सभी को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छी जीवनशैली को अपनाना चाहिए। जो व्यक्ति मानसिक रोग से पीड़ित हैं, उनको डॉक्टर से परामर्श कर दवाइयों का सेवन करना चाहिए।

### दिल्ली में पंखे से लटका मिला एक व्यक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में शुक्रवार को 27 वर्षीय एक व्यक्ति अपने घर में छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान उत्तरी दिल्ली के मलकागंज निवासी माणिक के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को सुबह 10:53 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सब्जी मंडी पुलिस स्टेशन में मलकागंज के एक घर में घटना की सूचना मिली।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीना ने कहा, "कॉल से संकेत मिला कि एक व्यक्ति ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है।" थाना प्रभारी (एसएचओ) पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। डीसीपी ने कहा, पहुंचने पर, उन्होंने कमरा अंदर से बंद पाया। फिर टीम ने कमरे में प्रवेश करने के लिए पीछे की खिड़की को तोड़ दिया। माणिक को तौलिये के सहारे छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। डीसीपी ने कहा, "माणिक अपने भाई के साथ विवाह समारोहों में मजदूर के रूप में काम करता था, जो अपने परिवार और मां के साथ बगल के कमरे में रहता था।"

### अयोध्या रामलला स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव पर्व मनाया जाएगा : घनश्याम गुप्ता जावेरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर की महिमा दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इसलिए यहाँ भक्तगणों के साथ साथ देश के महान गुरु व जानीमानी हस्तियां भी आती रहती है आज का दिन भी ऐसा ही रहा क्योंकी आज मंदिर में पीठ जगत गुरु श्री रामभद्राचार्य, सिद्धगुरु श्री ब्रह्मऋषि गुरुदेव, तिरुपति गुरु काली दास, गुरु नरेश चंद शास्त्री व राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने खाटू श्याम दिल्ली धाम आकर खाटू श्याम जी का आशीर्वाद लिया व लाखों भक्तों की उपस्थिति में भारत नमो धाम बनाने की घोषणा की, ये कहना था खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी का, उन्होंने आगे कहा की अयोध्या रामलला स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भारत नमों धाम में खाटू श्याम दिल्ली धाम दीपोत्सव पर्व मनाया जाएगा जिस पर गुरु राम भद्राचार्य और उपस्थित सभी संतों ने आशीर्वाद दिया।

# राहुल गांधी के मंच पर आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडा लहराकर जोरदार स्वागत किया : लवली

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** संसद के दोनो सदनों में इंडिया गठबंधन के सांसदों के अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबन के खिलाफ आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर हजारों लोगों ने अपने गुस्से इजहार करते हुए मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सुबह 11 बजे से ही दिल्ली के चारो कौनों से हजारों लोग जलूसों की शक्ल में हाथों में सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां लिए जंतर मंतर पहुच रहे थे। इतने कम समय में हजारों लोगों की भीड़ जो हाथों में तिरंगे झंडे लिए हुए थी उससे यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार के अलोकतांत्रिक रवैये के खिलाफ भारी गुस्सा है। इंडिया गंठबंधन के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में मौजूद हजारों लोगों को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, शरद पवार, सीमाराम येचुरी, के.सी वेनुगोपाल, डी राजा, एस डी हसन, संदीप पाठक, जेएमएम की महुआ सहित गठबंधन के सांसद व सरीखे नेताओं ने संबोधित किया और रणदीप सिंह सुरजेवाला, जयराम रमेश, दीपक बावरिया, अधीर रंजन चौधरी, दिग्विजय सिंह, तरुण गोगई, कांग्रेस वर्किंग सदस्य, सांसद भी मौजूद थे। जैसे ही श्री राहुल गांधी मंच पर पहुचे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के हजारों कार्यकताओं ने मंच के नीचे से जबरदस्त नारेबाजी करके पार्टी झंडा लेकर जोरदार स्वागत किया। अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व सहित में दिल्ली कांग्रेस के सभी छोटे बड़े नेताओं व पर्यवेक्षकों ने सभी 280 ब्लाकों में जाकर इस प्रचंड प्रदर्शन की तैयारियां की थी। आज कांग्रेस कार्यकर्ता अलग-अलग साधनों जिसमें मेट्रो भी शामिल है, से जंतर मंतर पहुचे। इसके चलते कनॉट पलेस आस पास के क्षेत्र यहां तक आईटीओ तक 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जंतर मंतर के पास निजी वाहनों को खड़ा करने की पार्किंग भी उपलब्ध नहीं थी। मंच का संचालन कर रहे अरविन्दर सिंह लवली ने बार-बार पुलिस से आग्रह किया कि वो ट्रेफिक खुलवाए ताकि कार्यकर्ता आ सके। कार्यकताओं के अनुसार पुलिस ने उन्हें भारी भीड़ के चलते रास्ते में रोका भी और पदर्शन खत्म होने के बाद भी कार्यकर्ता नारे लगाते हुए जंतर मंतर पहुच रहे थे। जिससे यह साबित होता है कि सरकारी तंत्र ने लोगों को प्रदर्शन में आने से रोका है, लेकिन उसके गुस्से से भरे उत्साहित नौजवान, महिलाएं जंतर-मंतर पहुंचने में कामयाब रहे।

# दिल्ली में लिव-इन पार्टनर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कई महीनों तक सात राज्यों में बड़े पैमाने पर तलाशी के बाद अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या करने के आरोप में 39 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान पंकज कुमार महतो के रूप में हुई, जो बिहार के समस्तीपुर जिले का मूल निवासी है।

पुलिस के मुताबिक, 26 अगस्त को नांगलोई थाने में एक मृत महिला का शव खून से लथपथ हालत में छत पर पड़े होने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान 32 वर्षीय तमन्ना के रूप में हुई। संपत्ति के मालिक ने पुलिस को बताया कि तमन्ना अपने दो बच्चों और अपने लिव-इन पार्टनर पंकज के साथ किरायेदार के रूप में रहती थी। घटना के वक्त पंकज घर पर मौजूद नहीं था। जांच के दौरान, विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जाँच की गई और उनका विश्लेषण किया गया। स्थानीय स्तर पर पूछताछ भी की गई। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिराम ने कहा, यह पता चला कि आरोपी बिहार के जिला समस्तीपुर का स्थायी निवासी था और उसका ससुराल पश्चिम बंगाल में था। सात राज्यों पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार और जम्मू-कश्मीर में आरोपियों के रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों पर छापेमारी के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। डीसीपी ने कहा, "चार महीने के अथक प्रयासों के बाद, पंकज को पुरानी दिल्ली के तीस हजारी के पास गोखले मार्केट से गिरफ्तार किया गया।

# महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्मदिन मनाया गया डीएवी स्कूल गांधी नगर में

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** गणित आचार्य प्रियंका अग्रवाल ने बताया श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसम्बर, 1887 को तमिलनाडु में इरोड जिले के कुम्भकोणम नामक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान पर हुआ था। वहाँ कुम्भ की तरह हर 12 वर्ष बाद विशाल मेला लगता है। इसीलिए उस गांव का नाम कुम्भकोणम पड़ा। रामानुजन बचपन में सामान्य छात्र थे; पर कक्षा दस के बाद गणित में उन्होंने तेजी से प्रगति की। जब तक अध्यापक श्यामपट्ट पर प्रश्न लिखते, तब तक वे उसे हल भी कर लेते थे। इसी कारण बड़ी कक्षाओं के छात्र भी उनसे सहायता लेने आते थे। आचार्य सतीश शर्मा ने बताया कॉलेज के दिनों में उन्होंने 'प्रोफेसर जॉर्ज शूब्रिज' की गणित की एक पुस्तक पढ़ी। इसके बाद वे पूर्णतः गणित को समर्पित हो गये; पर इस दीवानगी के कारण वे अन्य विषयों में अनुत्तीर्ण हो गये। उनकी छात्रवृत्ति भी बन्द हो गयी। वे प्रायः कागजों पर गणित के नये-नये सूत्र लिखते रहते थे। वे हर महीने डेढ़ दो हजार कागज खर्च कर डालते थे। उनके देहांत के बाद इन्हीं से 'फ्रेयड नोटबुक्स' नामक पुस्तक का निर्माण किया गया। कुछ समय बाद उन्हें मद्रास बंदरगाह पर क्लर्क की नौकरी मिल गयी। वहाँ भी वे गणित के सूत्रों में ही खोये रहते थे। उस समय केवल 17 पृष्ठों वाला उनका पहला अध्ययन प्रकाशित हुआ। यह किसी तरह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में गणित के विख्यात प्रोफेसर हार्डी के पास पहुँच गया। रामानुजन ने उन्हें अपनी सौ प्रमेयों को लिखकर अलग से भी भेजा था। उसकी प्रतिभा देखकर प्रोफेसर हार्डी ने भारत प्रवास पर जा रहे प्रोफेसर नेविल से कहा कि वे प्रयास पूर्वक रामानुजन को अपने साथ कैम्ब्रिज ले आयें। आचार्य सुनील जैन ने बताया कैम्ब्रिज आने पर प्रोफेसर हार्डी ने देखा कि रामानुजन में प्रतिभा तो बहुत है; पर विधिवत शिक्षण न होने के कारण वे कई प्राथमिक बातें नहीं जानते थे। अतः उन्होंने रामानुजन को कैम्ब्रिज में प्रवेश दिला दिया।

यहीं से रामानुजन ने बी.एस-सी उत्तीर्ण की। आगे चलकर उन्हें इसी विश्वविद्यालय से फैलोशिप मिली। यह पाने वाले वे पहले भारतीय थे। 1918 में वे रॉयल सोसायटी के सदस्य बने। यह सम्मान पाने वाले वे दूसरे भारतीय थे। प्रधानाचार्य के मुरली ने बताया इंग्लैण्ड के मौसम और खानपान के कारण रामानुजन का स्वास्थ्य बिगड़ गया। अतः वे 1919 में भारत लौट आये। एक वर्ष बाद केवल 32 वर्ष की अल्पायु में 26 अप्रैल, 1920 को चेन्नई में उनका देहांत हो गया। उनके देहान्त के बाद कैम्ब्रिज में उनके प्राध्यापक रहे प्रोफेसर आर्थर बेरी ने बताया, ह्यह्यमैं एक बार श्यामपट पर कुछ सूत्रों को हल कर रहा था। मैं बार-बार रामानुजन को देखता था कि उसे सब समझ में आ रहा है या नहीं? मैंने देखा कि उसका चेहरा चमक रहा है और वह बहुत उत्तेजित है। वस्तुतः वह मुझसे कुछ कहना चाहता था। मेरे संकेत पर वह उठा और उसने श्यामपट पर उन सूत्रों के हल लिख डाले। वास्तव में वह कागज और कलम के बिना मन में ही सूत्रों को हल कर चुका था। संख्याओं के सिद्धान्त पर उसकी पकड़ कमाल की थी। इन्हें हल करने में उसे कोई बौद्धिक प्रयास नहीं करना पड़ता था। अन्य प्राध्यापकों का भी ऐसा ही मत था। 1936 में हावर्ड विश्वविद्यालय में भाषण देते हुए प्रोफेसर हार्डी ने रामानुजन को एक ऐसा योद्धा बताया, जो साधनों के अभाव में भी पूरे यूरोप की बौद्धिक शक्ति से लोहा लेने में सक्षम था। आज भी उनके अनेक सूत्रों को हल करने के लिए गणितज्ञ प्रयासरत हैं।

# प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने लिए बढ़-चढ़ कर हिस्सा

**राहुल शर्मा**

**हरियाणाः** राहुल शर्मा कनीना 22 दिसंबर खंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के मुख्य अध्यापक नरेश कुमार कौशिक ने कहा कि आज के युग में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भाव भरना विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का सबसे बेहतरीन विकल्प है तथा हमें बच्चों में वैज्ञानिक भावना का विकास करना होगा तभी हम सच्चे अर्थों में आज के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के में आगे ला सकते हैं उन्होंने विद्यार्थियों का आवाहन किया कि वे लीक से हटकर सोचे क्योंकि आविष्कार दुनिया में उन्हीं लोगों ने किए हैं जिन्होंने परंपरागत तरीके से हटकर नई सोच का अपने मन में संचार किया है।

इस अवसर पर तीन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें दो वर्ग में कक्षा 6 से 8 तथा 9 से 12 वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई 9 से 12वर्ग में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में पर्यावरण व जीवन शैली विषय पर हुई। जिसमें राजा बाई ,राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना की प्रथम तथा पायल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी दूसरे स्थान पर रही 6 से 8 कक्षा वर्ग में प्रथम स्थान



साजिद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दोगड़ा अहिर, सुहानी यदुवंशी शिक्षा निकेतन द्वितीय तथा पृथ्वी यदुवंशी शिक्षा निकेतन तीसरे स्थान पर रही।

कृषि आधारित प्रतियोगिता में प्रिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डोंगरा अहिर प्रथम साहिल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागोत द्वितीय तथा खुशी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबास तीसरे स्थान पर रहे पर्यावरण में जीवन शैली प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहोर की मुस्कान प्रथम डोंगरा अहिर की नेहा द्वितीय तथा शालू राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी तीसरे स्थान पर रही ।

स्वास्थ्य विषय पर प्रथम स्थान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी की हिना ने दूसरा स्थान भी इसी विद्यालय की कामनी ने तथा तीसरा स्थान सीहोर की मुस्कान ने प्राप्त किया। मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में पर्यावरण व जीवन शैली विषय पर दोगडा अहिर के मनीष प्रथम तथा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना की रिया दूसरे स्थान पर रही।

स्वास्थ्य विषय पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय खरकड़ावास की प्रिया प्रथम स्थान पर रही प्रतियोगी सोच पर आयोजित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में पहला स्थान सीहोर के अंकित को दूसरा स्थान धनौंदा के भविष्य को तथा तीसरा स्थान सुंदरह के पीयूष शर्मा को मिला कृषि आधारित पोस्टर में प्रथम स्थान पोता के जतिन को दूसरा स्थान खरकड़ा वास की निशा को तथा तीसरा स्थान यदुवंशी की पायल को मिला।

6 से 8 कक्षा वर्ग में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में स्वास्थ्य विषय पर प्रथम स्थान दोगडा अहीर के साजिद को ,दूसरा स्थान यदुवंशी विद्यालय की सुहाना को तथा तीसरा स्थान इसी विद्यालय की पृथ्वी को मिला।

पर्यावरण विषय पर पोस्टर बना में जिमिका डोंगरा अहिर प्रथम रही वहीं कृषि विषय पर कीर्ति, सीहोर विद्यालय से तथा डोंगरा अहिर की सिमरन पहले व दूसरे स्थान पर रही संचार व परिवहन विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना की हर्षिता प्रथम तथा डोंगरा अहिर के किशन दूसरे स्थान पर रहे प्रगतिशील सोच विषय पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डोंगरा अहिर की नाजिया पहले स्थान पर रही।

रोल प्ले में संचार एवं परिवहन विषय पर राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना की प्रिया प्रथम रही वहीं स्वास्थ्य विषय पर रोल प्ले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामवास की नेहा प्रथम राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना की सिमरन दूसरे तथा इसी विद्यालय की प्रिया तृतीय स्थान पर रही। रोल प्ले में 6 से 8 वर्ग में पर्यावरण व जीवन शैली, स्वास्थ्य तथा कृषि विषयों पर पर पहला स्थान राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना की पूजा , शिवानी व दिशा ने हासिल किया।

# 'सांसदों का निलंबन कर संविधान और लोकतंत्र को दबाने का काम कर रही भाजपा सरकार' बलवन्त सिंह

**उत्तर प्रदेशः** आज अखिलभारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आह्वाहन पर तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ललितपुर के अध्यक्ष बलवन्त सिंह राजपूत के नेतृत्व में 146 लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों का निलंबन कर मोदी सरकार ने संविधान और लोकतंत्र की हत्या की है जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय ललितपुर से घंटाघर तक केंद्र की मोदी सरकार के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया गया।

जिसमें कांग्रेसिजनो द्वारा निलंबन की कार्यवाही की निंदा की तथा सरकार के इस कृत्य को लोकतंत्र की हत्या कहा।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष बलवन्त सिंह राजपूत ने कहा कि जनहित के सवालों तथा संसद में हुए हमले के सवालो के जवाब से बचने के लिए सरकार इस तरह तानाशाही रवैया अपना कर सांसदों को निलंबित कर रही है जिससे सरकार अपनी जवाब देही से बच सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संसद के अंदर हुए हमले के विषय में सरकार से सवाल पूछना लोकतंत्र में विपक्ष का अधिकार है और सरकार उससे ये छीन नहीं सकती।

सरकार अलोकतांत्रिक तरीका अपनाकर विपक्ष को डराने, धमकाने



तथा लोकतंत्र की आवाज को दवाने का प्रयास कर रही है। जिसे विपक्ष किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेगा चाहे लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्ष को कोई भी कुवार्नी क्यों न देनी पड़े।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्त्ता "लोकतंत्र को बचाना है कांग्रेस को लाना है","तानाशाही नहीं चलेगी","सांसदों का निलंबन वापस लो" आदि नारे लगा रहे थे।

जिलाध्यक्ष बलवन्त सिंह राजपूत ने कहा कि जनता के हितों के लिए कांग्रेस का एक एक कार्यकर्त्ता संसद से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगा फिर चाहे इसके लिए उसे अपने प्राण ही क्यों न देने पड़े वो पीछे नहीं हटेगा। प्रदर्शन से पहले कांग्रेसिजनो द्वारा जम्मू कश्मीर के पूंछ में आतंकवादी हमले में शहीद हुए सैनिको की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया तथा भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

जिलाध्यक्ष बलवन्त सिंह राजपूत ने कहा कि पूरा देश सेना के साथ खड़ा है और हमारी सेना आतंकवाद का सफाया करके ही दम लेगी।केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह राजपूत महिला जिला अध्यक्ष नेहा तिवारी,पीसीसी रामभरोसे कुशवाहा,उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, अजय प्रताप तोमर, अशोक कुमार स्वर्णकार, रामनरेश दुबे, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव बिट्टू राजा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगभान सिंह बुंदेला,डॉ रामसिंह यादव,यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, कुलदीप पाठक,मोंटी शुक्ला,मकरंद किलेदार, नाती राजा, राजमती जैन, नीतू झा, रोहित कुशवाहा,रजनी यादव, राहुल सेन, ब्रजेश बंशकार,महेंद्र पनारी, सूर्या बुंदेला,अशोक कुमार पंथ, महेश रजक, आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राधा-कृष्ण मंदिर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन, श्रद्धालओं की लगी भीड़



**अनुप कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** अहरौरा नगर के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में चल रहे रासलीला के चौथे दिन भगवान चन्द्र खिलौना मांगने की हट करते हैं। वही माखन मथते मा यशोदा के पास कृष्ण पहुंचते हैं और कहते हैं मईया तोको दूध पसंद है या पुत मईया ने बोला पुत वही दुध खौलते हुए गिर जाता है।

तो माता यशोदा भागी भागी जाती है। इधर मित्र मनसुखा के साथ कान्हा पुरा दही माखन खा जाते हैं और मटकी फोड़ दिया माता यशोदा गुस्से में भगवान को ऊखल में बांध दिया जिसके बाद आंगन में लगे यमला और अर्जुन वृक्ष का उद्धार किया।

वही इस लीला की साक्षी वहां उपस्थित क्षेत्र की जनता ने रही। रासलीला को शुरू करने से पहले मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह ने राधा कृष्ण की पूजा अर्जन करने के बाद रासलीला को शुरू किया गया।

# बिजनौर के धामपुर बस डिपो में घुसे अज्ञात लोगों ने की मारपीट

**अकिल अली**

**उत्तर प्रदेशः** अज्ञात लोगों द्वारा रोडवेज बस डिपो के भीतर घुसकर चालक परिचालकों के साथ लाठी डंडों लात-घूसों से जमकर मारपीट की गई। जिसमें रोडवेज डिपो के इंचार्ज सोमपाल सिंह एवं लिपिक दीपक कुमार सहित करीब एक दर्जन से अधिक चालक परिचालक घायल हर हैं। घटना को तहरीर पुलिस में दी गई। पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। पटना से नाराज रोडवेज बस डिपो के चालक परिचालकों ने बसों का चक्का जाम कर प्रदर्शन किया।

एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्शल द्वारा 3 आरोपियों को गिरफ्तारी तथा बाकी की तलाश में जांच टीम भेजे जाने का आश्वासन दिये जाने पर रोडवेज कर्मचारियों ने जाम व धरना समाप्त कर दिया। जिससे यात्रियों को राहत मिली। दोपहर



12 बजे के बाद बसों का संचालन शुरू हो गया। पुलिस ने दिल्ली निवासी सुहैल पुत्र जाहिद, मछली बाजार धामपुर निवासी मोहम्मद रफी पुत्र सचीर और दिल्ली निवासी नासिर को गिरफ्तार कर लिया तथा 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिये हैं।

बसों का चक्का जाम कर प्रदर्शन करने वालों में दिलीप सिंह, प्रदीप कुमार, अतुल कुमार, निर्भय यादव, रविंद्र कुमार, परविंदर कुमार, रजनीश कुमार, इंद्रजीत, प्रदीप चौहान आदि ने बताया कि पटना रात के करीब 9 बजे के आसपास की है।

कुछ लोगों का डिपो से बाहर किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, लेकिन हमलावरों ने यह समझा कि मारपीट करने के आरोपी धामपुर रोडवेज बस डिपो के चालक वे परिचालक है रोडवेज डिपो परिसर में धावा बोल दिया।

आरोपियों की संख्या करीब 30 से अधिक थी इस दौरान 31 आरोपियों के सामने जो भी चालक परिचालक आया, उसी को लात-घूंसो, लाठी-डंडों से मारपीट की।

घटना से स्टाफ और वहां मौजूद अन्य कर्मचारीयों में अफरा-तफरी मच गई।

रोडवेज बस डिपो के इंचार्ज सोमपाल सिंह सहित करीब एक दर्जन से अधिक चालक परिचालक घायल हो गये। घायलों में दीपक शर्मा, दिलीप, विपिन, प्रदीप, रविंद्र निरंकारी आदि शामिल हैं। इनमें से इंचार्ज सोमपाल सिंह और परिचालक दीपक कुमार शर्मा के सर में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने रात में ही पुलिस की तहरीर दे दी थी। परंतु पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की।

## एक नजर

### कार दुर्घटना में में चालक की मौत, ओवर स्पीड बनी मौत की वजह



**अमन पांडे, उत्तर प्रदेशः** चिरईगांव-चौबेपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी-गाजीपुर नेशनल हाईवे मार्ग संदहा रिंगरोड चौराहा के पास शनिवार भोर में तीन बजे एक कार डिवाइड से टकरा गई। जिसमें कार चालक प्रियांशु पटेल पुत्र गोकुल पटेल (42 वर्ष) निवासी नवापुरा थाना सारनाथ की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार मृतक का मित्र नूरहशन कानपुर निवासी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार संदहा रिंगरोड से उतरकर तीव्र गति आशापुर की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकरा गई। जिससे कार के अगले हिस्से का परखच्चे उड़ गए जिसके चपेट में आने से चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### दतिया युवक को पीटने वाले अपराधीको पुलिस ने दबोचा



**श्याम सिंह राणा, मध्यप्रदेशः** किलाचौक पर छोटा बाजार दरोगा वाली गली निवासी राजेंद्र सिंह (38) पुत्र कैलाश सिंह भदौरिया को पीट पीटकर अधमरा करने वाला आरोपी सोहिल खान निवासी दांतरे की नरिया पकड़ा।पुलिस ने पकड़े गए बदमाश का बीच बाजार निकाला जुलूस।पकड़े गए आरोपी पर पहले से ही दर्ज हैं संगीन अपराध। कोतवाली पुलिस ने पूरे बाजार से निकाला आरोपी सोहिल का जुलूस।इसी तरह बदमाशों की निकलेगी बारात। कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा ने बदमाशों को सबक सिखाने का लिया फैसला। चुन चुनकर बिलों में घुसकर बाहर निकाले जाएंगे बदमाश।बदमाशों को बिलों के अंदर से बाहर निकालकर सख्ती से पेश आएगी पुलिस।

### राम कथा आयोजन में कलश लेकर 5 किमी पैदल चली विधायक रिंकी कोल



**सूरज मौर्य, उत्तर प्रदेशः** आज मिजार्पुर के लालगंज में स्थित बढ़ाना बाबा महादेव मंदिर परिसर में आयोजित पांच दिवसी श्री राम कथा के कलश पूजन कार्यक्रम में विधायक 96 रिंकी कोल ने कलश उठाकर ग्रामीण जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर कलश पूजन कार्यक्रम को संपन्न किया। विधायक को देखकर क्षेत्र की जनता के मन में सकारात्मक विचार उत्पन्न हो रहे थे। लोगों ने कहा कि विधायक में किसी प्रकार का कोई शान और शौकत रुतबा या घमंड नहीं दिखाई दे रहा है, विधायक हो तो ऐसा जनता के बीच जाकर जन भावनाओं के अनुसार कर्तव्यों का निर्वहन करना देख लोग भाव विभोर हो गए।

लोगों ने कहा इनका व्यवहार बिल्कुल पूर्व विधायक स्व. राहुल प्रकाश की तरह ही है आपको बता दें आज से पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन पूर्व प्रमुख जय सिंह की अध्यक्षता में जनता के सहयोग से बढौना बाबा महादेव मंदिर में किया जाएगा जिसका प्रवचन बाल योगी संजय जी महाराज के द्वारा लोगों को सुनने को मिलेगा

# जसवंतपुरा चांदूर में चल रहे अवैध खनन एवं गैर कानूनी झाड़ियां काटने के खिलाफ सौंपा शिकायत पत्र

**विक्रम कुमार मेघवाल**

**राजस्थानः** उपखंड अधिकारी जसवंतपुरा जसवंतपुरा ( विक्रम मेघवाल) जसवंतपुरा उपखंड मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पंचायत चांदूर में चल रहे अवैध खनन एवं गैर कानूनी तरह से पेड़ एवं झाड़ियों की कटाई को रोकने के लिए जसवंतपुरा उपखंड अधिकारी को सोफा ज्ञापन । ज्ञापन में कहा "उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन हम प्रार्थीगण समस्त ग्रामवासी चान्दुर तहसील जसवंतपुरा जिला जालोर का इस प्रकार है।

कि सरहद मौजा चान्दुर के खसरा नम्बर 1062 एवं अडौस-पडौस के सरकारी अन्य खसरा नम्बरान् में अनाधिकृतरुप से 2 जे.सी.बी. से बबुलो को कांटा जा रहा है। जिसकी जानकारी ग्रामवासीयों को लगने पर ग्रामवासियों द्वारा ग्राम विकास अधिकारी महोदय को दुरभाष



नम्बर 8824807741 पर सम्पर्क किया। जिसमें महोदय द्वारा बताया गया की इसकी जानकारी मुझे नहीं है। ना ही इस बाबत कोई ग्राम पंचायत में कोई ठेका (टेंडर) वगैराह लिया है।

ग्राम विकास अधिकारी को उक्त बबुल काटने के बारे में पुछ तो उन्होने इसकी जानकारी नहीं होना बताया व एक बार सरपंच महोदय से बात करने का बोला। जिससे यह सिद्ध हो रहा है की शायद यह कार्य सरपंच महोदय द्वारा करवाया जा रहा है। ऐसे ही बबुल कांटने का कार्य गत वर्ष भी सरपंच महोदय द्वारा यह कहकर करवाया गया था की इससे प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायत के विकास के लिये करवाया जायेगा।

परन्तु इस राशि का उपयोग किसी भी विकास कार्य में नहीं लिया गया है। गतवर्ष बबुल काटने का ठेका भी करीब 5 लाख से 6 लाख में दिये जाने की संभावना है वो राशि भी गाँव के विकास कार्य में न लगाकर ठेका देने वाले ने स्वयं के उपयोग उपभोग में लगायी है। उक्त दोनों बार जो ठेके दिये गये उसकी जानकारी न तो ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी महोदय को है ना ही ग्रामवासीयों को। उक्त सरकारी भूमि में खड़े बबुल जो की सरकारी सम्पति है जिसे बिना संबंधित विभाग की अनुमति के ठेके पर दिया जाना गैर कानुनी है।

अतः श्रीमान के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि ग्राम चान्दुर में गत वर्ष व इस वर्ष दिये गये बबुल कांटने के ठेके की जाँच करवायी जाये तथा हाल ही में किये जा रहे बबुल कटाई के कार्य को रुकवाया जाये। इस मौके पर चांदूर ग्राम पंचायत सरपंच प्रत्याक्षी शंभू सिंह, पेप सिंह, उम्मेद सिंह, योगेश भट्ट, पुरण सिंह, पिंटू सिंह मौजूद रहे।

# छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण, सीखे नए-नए तकनीक



**उत्तर प्रदेशः** ललितपुर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत आज एक औद्योगिक संस्थानों के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम के अंतर्गत बजाज पावर प्लांट चिगलौआ एवं सोलर प्लांट महर्रा का भ्रमण 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को दो बसों द्वारा कराया गया,बसों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिलाधिकारी महोदय ने इस अवसर पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करते हैं एवं देखकर बच्चे अधिक सीखते हैं शैक्षिक भ्रमण से उनके अंदर की जिज्ञासा शांत होगी।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की इस प्रकार की पाठ्य सहगामी क्रियाएं माध्यमिक शिक्षा में अनवरत जारी रहेगी।

# निर्माणधीन रेलवे स्टेशन का अधिकारी ने नरीक्षण कर किया उदघाटन

**फारूक**

**मध्य प्रदेशः** मध्य रेलवे मुंबई जीएम आर के यादव वार्षिक निरीक्षण के लिए बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे और निरीक्षण शुरू किया। खंडवा की ओर बनी आरपीएफ चौकी का उद्घाटन करने के साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया सहित अन्य निरीक्षण कर कहा-मध्य रेलवे देश का सबसे पुराना रेलवे है। सेफ्टी, पंक्चुअलिटी, चेन पुलिंग, यात्रियों को टिकट मिलने में देरी तो नहीं हो रही है इस दिशा में विशेष तौर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कुछ कमियां तो रह जाती है, लेकिन उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में इंप्रूवमेंट दिखेगा।



मध्य रेलवे मुंबई जीएम के आगमन को लेकर रेलवे द्वारा करीब 15 दिनों से तैयारियां की जा रही थी, जीएम स्पेशल ट्रेन से भुसावल से बुरहानपुर पहुंचे। यहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण रेलवे अफसरों ने किया। स्टेशन पर उतरते ही वह प्लेटफार्म नंबर एक का निरीक्षण करते हुए खंडवा की ओर बनी नई आरपीएफ चौकी का उद्घाटन करने पहुंचे।

रेलवे ओवरब्रिज के अधूरे निर्माण को लेकर कहा, एक्शन लेंगे रेलवे स्टेशन से सटकर एक ओवरब्रिज का निर्माण करीब छह सात सालों से हो रहा है। इसका काम अब तक पूरा नहीं कराया गया है। इसे लेकर जीएम ने कहा अधूरे निर्माण को जल्द पूरा कराया जाएगा। हम एक्शन भी लेंगे। यात्री आरक्षण केंद्र को लेकर जीएम ने कहा-धीरे धीरे टिकट खिड़की बंद हो रही है।

सारा कामकाज ऑनलाइन हो रहा है। इस दौरान डीआरएम ईति पांडे सहित अन्य अफसर मौजूद थे, मध्य रेल देश की सबसे पुरानी रेलवे है। मध्य रेल रेलवे का रोल मॉडल है। जो भी कमियां है उसे पूरा कर मध्य रेल को और उत्कृष्ट बनाने का प्रयास करेंगे। अधूरे रेलवे ओव्हर ब्रिज के निर्माण में तेजी लाई जाएंगी। तीसरी लाइन के लिए किसानों व जमीन मालिकों की जमीन अधिग्रहण होने पर नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा आज पहुंची डरौली जाट एंव खातीवास



**राधेश्याम**

**हरयाणा:** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज गांव डरौली जाट व खातीवास में पहुंची। इस यात्रा में गांव डरौली जाट व खातीवास में मुख्य अतिथि एसईपीओ अशोक कुमार मौजूद थे। इस मौके पर गांव के सरपंच ममता व गांव खातीवास में सरपंच मुकेश कुमार ने विकसित भारत की शपथ दिलाई।

इस यात्रा में गांव डरौली जाट के सरपंच ने मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में गांव के स्कूल के टॉपर बच्चे तन्नू, सिद्धार्थ, दक्ष, नचिता, वर्तिका, नमन, हेमलता को सम्मानित किया। इसी प्रकार गांव खातीवास में गांव के स्कूल के टॉपर बच्चे साहिल, अंशुल, दिशू, प्रिया, कार्तिक, हर्षित,सोनम शर्मा,साहिल, रवीना, गौतम, लक्की, साक्षी, वर्षा, मितांशी, प्रशांत व तरुण को सम्मानित किया। गांव खातीवास में गांव के शहीद प्रवीन कुमार के परिजनो को सरपंच ने स्याल पहनाकर सम्मानित किया व गांव के सरपंच ने गांव के सबसे बुजुर्ग पुरुष जवाहरलाल एवं सबसे बुजुर्ग महिला शांति देवी को को सम्मानित किया।

कृषि विभाग की ओर से किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण कर दिखाया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया का छिड़काव करना न केवल आसान है बल्कि यह किसानों के लिए आर्थिक तौर पर भी फायदेमंद है। ड्रोन के जरिए केवल 7 मिनट में एक एकड़ में छिड़काव किया जा सकता है। आज गांव डेरोली जाट में किसानों को सरसों के 1 एकड़ में छिड़काव करके दिखाया। इस मौके पर किसानों ने उत्सुकता से इस ड्रोन के बारे में जानकारी प्राप्त करी। इस यात्रा में नागरिकों ने परिवहन पहचान पत्र व आधार कार्ड में त्रुटि, पेंशन बनाना,आयुष्मान कार्ड बनाना ,कृषि के बारे में जानकारी, हेल्थ चेकअप का लाभ उठाया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से अनीता भाटी ने गांव में हर घर जल पहुंचाने पर गांव डरौली जाट के सरपंच ममता देवी को व खातीवास के सरपंच मुकेश कुमार को अभिनंदन पत्र दिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर शिवानी यादव की अध्यक्षता में गांव खातीवास में सरपंच ने गांव की पूजा, पूनम, की गोद भराई कर आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में नागरिक संसाधन सूचना विभाग से मैनेजर रवि तंवर बसई, खाद एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीन यादव बैरावास, डीईओ नितिन कुमार, ग्राम सचिव विकाश कुमार, एचपीसीएल से जितेंद्र के अलावा अन्य अधिकारी एवं गांव के नागरिक मौजूद थे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं से मिला गरीबों को लाभ



**हरिश उपाध्याय**

**उत्तराखंड:** जनपद हरिद्वार केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार पूर्वक गरीबी रेखा में निवास करने वाले असंगठित श्रमिक रेडी पटरी स्ट्रीट वेंडर्स श्रमिक करो। मैं काम करने वाली महिलाओं मोदी सरकार की गारंटी योजना से लाभार्थी करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन का सिटीजन का पढ़ाओ शंकराचार्य चौक पर किया गया।

वेद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर दास के संयोजन में लगभग 8 विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी के मौजूदगी में भारत विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डॉक्युमेंट्री फिल्म को दशार्ते हुए योजनाओं का घर-घर तक पहुंचने का संकल्प लिया गया। तथा उसके साथ भारत विश्व गुरु बनाने की भी शपथ दिलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने पूर्ण सहयोग करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय सरकार तथा भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक किया।

इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व की बदौलत आम जनता बरेली पटरी स्टेट वंडर्स लघु व्यापारी भारत सरकार प्रधानमंत्री की सभी योजनाओं का उठाने को जागरूक किया इस दौरान नगर निगम के सिटी मेंशन विभाग द्वारा 20 हजार रुपए से लेकर 50 हजार तक का लोन का पंजीकरण किया जा रहा है।

# उत्तराखंड: शो पीस बन कर रह गया सरकारी भवन

**दर्शन जोशी**

**उत्तराखंड:** विकास खण्ड स्याल्दे के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान' भवन केवल एक ही ट्रेड रह गया। जबकि सन् 1988 में स्याल्दे में आई टी आई पाँच ट्रेडो के साथ खोली गई। कुछ साल कार्य अच्छा हुआ पूरे कर्मचारी थे, लेकिन अब खस्ताहाल है। केवल एक ही ट्रेड कोपा रह गया है ना ही पूर्ण स्टाफ है जबकि 238.40 लाख रुपये कि लागत से भवन बना है। जो बदहाली कि खाक छान रहा है।



फोरमैन प्रेम सिह जी ने बताया, स्टोर में सारा सामन है, जो जंग खा रहा है व रेगुलर पाँच कर्मचारी है। पाँच उपनल के बहारी कर्मचारी है। प्रसासनिक अधिकारी का पद भी रिक्त है। एसे में कैसे चलेगा, किसी समय पर पाँच ट्रेड इलैक्ट्रोनिक्स' सौ० वायर मैन, कारपेन्टर, फिटर चलाने वाला संस्थान मात्र एक ट्रेड पर सिमट गया है।

बताया गया कि, पहले (SCVT) के तहत पाँच ट्रेड चले, लेकिन अब (N.CVT) के तहत कोपा ही चलता है। जो केन्द्र सरकार द्वारा संचालित है। वास्तव में कभी इस का निजीकरण कर दिया गया तो भी अनदेखा ही रहा। जबकि भवन वर्ष 2017 संस्थान के आधिन किया गया। लेकीन वह एक दिखावा है, पूरे ट्रेड नही होने के कारण पूरे क्षेत्र में नाराजगी है। साथ ही विभाग द्वारा अनदेखी के आरोप भी जनता लगाती है न जाने कितनों का भविष्य अधर में लटकेगा ।

# ओडिशा: मल्टी स्पोर्ट्स बीच फेस्टिवल में दमन और डीयू के लिए ओडिशा टीम का चयन

**दुर्गेश नंदन मोहनपात्रा**

**ओडिशा:** 10 दिसंबर को पैनकक सिलाट एसोसिएशन ओडिशा मुख्यालय सर्वल मल्टी स्पोर्ट्स बीच फेस्टिवल में दमन और डीयू के लिए ओडिशा टीम का चयन किया गया है। जिसमें 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और 10 जिलों के प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया` बालक वर्ग में 8 तथा बालिका वर्ग में 8 प्रतियोगियों का चयन किया गया है।



इनके नाम हैं - भुबन राय, अमलेंद्र दे, सौरय प्रताप सिंह चंदेल, शोहिल गुरुंग, दार्दुमन वाउमिक, दीपांशु बामेल, सोनू सेमलिया, कुणाल बेहरा, अनिमा बेनिया, तनु मेहर, तान्या ठाकुर, अद्यसा पांडा, पिउ दास, लारिका पैन, मुक्ता होता, पायल तांडी आदि। इस पर पेंचक सिलाट एसोसिएशन ओडिशा चीफ पार्टन एवं झारसुगुड़ा बिधायिका सुश्री दीपाली दास, अध्यक्ष श्री तापस कुमार रॉय चौधरी, उपाध्यक्ष अरविंद बारिक, जनरल एडिटर गुरु प्रेम सिंह थापा, निजी सलाहकार श्रीमती सुमन मोदी आदि ने सभी प्रतियोगियों को बधाई दी।

# स्कूल का ताला तोड़ चोरों ने उड़ा लिए रसोई के सामान

**श्रवण कुमार**

**उत्तर प्रदेश:** कुशीनगर हाटा कोतवाली क्षेत्र के गांव पोखरभिंडा में बीती रात विधालय का बांउड्री बाल फाद कर अज्ञात आठ कमरे का ताला तोड़ कर उसमें रखे सारा समान उठा ले गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव पोखरभिंडा में स्थित कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय में वृहस्पतिवार की रात अज्ञात चोरों ने विधालय का बांउड्री बाल फादकर स्कूल में पहुंच कर आठ कमरों का ताला तोड़कर खंगाला कुछ न मिलने के बाद रसोई घर का ताला तोड़कर उसमें रखे गैस सिलेंडर चुल्हा, बड़ा दो हण्डा,पांच बोरी चावल दो बोरी गेहूं , टुल्लू पम्प का मोटर,स्टेनरी के कागजात सहित अन्य समानो को उठा ले गए।



शुक्रवार सुबह कार्यवाहक प्रधानाध्यापक मु०शराफत अली जब आए और अंदर गये तो विद्यालय की घटना को देखकर दंग रह गये।इस घटना के सम्बन्ध में थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। वही इस घटनाक्रम की जानकारी ग्राम प्रधान शीला को हुआ तो स्तब्ध रह गयी और कहा कि अब तक कयी बार चोरी की घटना घट चुकी है परन्तु अब तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण चोरों का मनोबल बढा हुआ है। पुलिस प्रशासन अगर इसी तरह से चोरी की घटना पर अंकुश लगाने में बिफल है जिसके चलते चोरो द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।

# साधू सिंह तोमर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में भिंड जिले ने मारी बाजी

**अजय सिंह तोमर**

**मध्यप्रदेश:** पोरसा क्षेत्र के जनप्रिय नेता स्वर्गीय साधू सिंह तोमर की 35? वी पुण्यतिथि के अवश्य पर नागाजी गोविंद शिक्षा परिषद पोरसा के द्वारा आयोजित 11 किलोमीटर लंबी मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में चार दर्जन से अधिक धावकों ने भाग लिया। जिसमें से प्रथम स्थान गोलू सिंह गुर्जर सुकांड भिंड ने 35 मिनट में प्रथम स्थान संदीप सिंह लोधी बलालपुरा भिंड ने 36 मिनट मैं द्वितीय स्थान राम भरत सिंह भदोरिया कचोगरा भिंडी ने 37 मिनट में दूरी तय करके तूतईय स्थान प्राप्त किया।



अटेर रोड पर स्थित साधू सिंह तिराहे से दौड़ का शुभारंभ टी आई ओम प्रकाश रावत ने हरी झंडी तथा पार्षद रामनरेश शर्मा के द्वारा लाल झंडी दिखाकर के रवाना किया गया सवरप्रथम सुबह 7:30 बजे से पचौरीपुरा स्थित टेकरी पर स्थित समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर पूजा करने के अपरात दौड़ शुभारंभ कराई गई पूजा कार्यक्रम में मोहन सिंह तोमर पूर्व जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तोमर पूर्व सरकारी संस्था अध्यक्ष प्राचार्य सुरेंद्र बाबू शर्मा शिवराज सिंह चौहान राजेन्द्र सिंह भदोरिया दीवान सिंह तोमर अशोक सिंह तोमर निलेश सिंह तोमर जितेंद्र ओझा राजेश श्रीवास आदि ने पूजा करने के बाद साधू सिंह तेरा से दोड को रवाना किया।

दौड़ जोटई धरमगढ़ पचपेड़ा होते हुए नागाजी गोविंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरसा के परिसर में संपन्न हुई यहां पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेंद्र वर्मा मोहन सिंह तोमर भूपेंद्र सिंह तोमर सियाराम वर्मा विक्रम सिंह पटेल महेश सिंह तोमर अनिल सिंह तोमर राजू सिंह तोमर सरपंच ज्ञानचंद जैन केशव सिंह कुशवाहा नेता राम उपाध्यक्ष रामनिवास उपाध्याय सहित आदि अतिथियों ने साधू सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की पोरसा को शासकीय माध्यमिक विद्यालय व वेयरहाउस तथा नगर पालिका की सौगात साधु सिंह तोमर के द्वारा ही दिलवाई गई थी।

वह जनप्रिय एवं गरीबों के हितैषी नेता थे जिन्होंने गरीबों को न्याय दिलाने में अपनी एहम भूमि का अदा की इसके बाद विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए एवं पुरस्कार वितरण समारोह की व्यवस्था आशीष सिंह तोमर सुभाष अग्रवाल डबल्ले श्रीवास पार्षद मुकेश सिंह तोमर राधाचरण सिंह तोमर सहित आदि लोगों ने देखी।

# पुजारी ने किया मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, दिल दहलाने वाली घटना

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** रिश्तो को तार तार करने वाला एक मामला जिला जम्मू के सब डिवीजन चौकी चुरा से है। जहां पर एक हवस के पुजारी ने एक मासूम बच्ची को अपना शिकार बनाया और शिकार बनाने वाले कोई ओर नहीं रिश्ते में उसके जीजा लगते थे। घटना जो है सुंदरवानी से मात्रा 100 मीटर की दूरी पर है। जहां पर प्रवासी मजदूरों की झोगिया झोपुरिया है। झोगि झोपुरिया के अंदर रहने वाले प्रवासी मजदूरों ने एक मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया।



जब मासूम बच्ची को हवस का शिकार बनाया तो उसके बाद मामला उजागर हुआ परिजनों द्वारा पुलिस चौकी चुरा जो जम्मू के तहत आते जिले की अंतिम सबडिवीजन चौकी चुरा है। चौकी चुरा पुलिस को जैसे ही मामले की जानकारी मिली तो चौकी चुरा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज पंकज काटोज जी अपने पुलिस दलबल के साथ मकरा गांव के अंदर पहुंचे। जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा कुछ घंटे के बाद ही दोनों जो दुष्कर्म के आरोपी थे।

दोनों आरोपी को जिन्होंने एक मासूम बच्ची जो रिश्ते में उनकी साली लगती थी। उसको अपनी हवस का शिकार बनाया और रिश्तो को तार तार कर देने वाली इस प्रकार की घिनौनी घटना को सामने आने के बाद पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। छापेमारी कर दोनों आरोपो को सुंदरवानी से गिरफ्तार कर लिया गया। एक आरोपी सुंदरवानी के पेट्रोल पंप के साथ रहता था और दूसरा आरोपी उसी मकरा गांव के अंदर रहता था। जहां पर दोनों दरिंदे आरोपियों ने एक वैश्वी कार्यना हरकत को अंजाम दिया और एक मासूम बच्ची की इज्जत के साथ खेल।

इज्जत को तार तार किया और उसकी इज्जत लूटने के बाद फरार होने के प्रयास कर रहे थे। लेकिन जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा कुछ ही घंटे में इन दोनों आरोपी को दबोचा और मामले की इस गुत्थी को सुलझाया। दोनों अरोपी जो भागने की साजिश में थे। इस समय चौकी चुरा पुलिस की सलाखों के पीछे हैं। पुलिस द्वारा पास्को एक्ट धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। लड़की को फिलहाल सब डिस्ट्रिक्ट अखनूर हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप और ट्रीटमेंट के लिए भेज दिया गया है।

दोनों आरोपी की पहचान इस रूप में हुई है पहले का नाम दैया लाल पुत्र यमना चौधरी उम्र 25 साल निवासी पाली जिला पन्ना मध्य प्रदेश मौजूदा निवासी पेट्रोल पंप सुंदरबनी के पास झोगी झोपड़िया में रहता था और दूसरे आरोपी का नाम सुनील चौधरी पुत्र राम भैरव सिंह उम्र 23 निवासी सिधौली जिला पन्ना मध्य प्रदेश मौजूदा निवासी मकरा सुंदरबनी का रहने वाला था पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे का रास्ता दिखाकर आगे की तहकीकात शुरू कर दी गई है पुलिस इस मामले की बड़ी बरकी के साथ जांच कर रही है।


## एक नजर

### मनौना धाम पर बना सेल्फी पॉइंट, लगी दर्शकों की भीड़



**अंकुर सिंह, उत्तर प्रदेश:** आज मनौना धाम पर एक सैल्फी पॉइंट के रूप में यादों को संजोने की सुखद शुरूआत पूज्य महंत महाराज के द्वारा की गई, निरंतर कुछ नया करने की प्रेरणा ही मनौना धाम की विशिष्ट पहचान है। बाबा श्याम स्वयं अपने प्रिय धाम को सजा रहे हैं पूज्य महंत महाराज, श्याम भक्तों के अमूल्य सहयोग से, बाबा श्याम के मौन आदेशों का पूर्णतया पालन कर रहे हैं। बाबा आपकी छाया यूँही बनी रहे, जय श्री श्याम, जय हो महंत जी महाराज, जय मनौना धाम।

### गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में राम कथा का आयोजन



**इंद्रजीत, राजस्थान:** गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में श्री राम कथा का आयोजन बड़ी धूमधाम से मुरली मनोहर दौरा भीनासर बीकानेर में किया जा रहा है भव्य दरबार सजाया गया है स्वरूप दास जी महाराज (ऋषिकेश वाले)के मुखारविंद से ज्ञान रूपी अमृत वर्षा की जा रही है और लोगों को सनातन धर्म का ज्ञान दिया जा रहा है। सुबह 11:00 से शाम 5:00 तक गीता जी का सामूहिक पाठ किया जाएगा और संतो के द्वारा सत्संग किया जाएगा और भारी मात्रा में लोगों को दुर्लभ सत्संग का लाभ उठा रहे हैं इस सत्संग में भारी मात्रा में भक्तजन ज्ञान का लाभ उठा रहे हैं और इसमें हर वर्ग के छोटे बड़े बुजुर्ग माताएं बहने सब आनंद ले रहे हैं इस सत्संग का उद्देश्य बच्चों के अंदर भक्ति भाव पैदा करना है सनातन धर्म का प्रचार करना है।

### सफाई कर्मी को दुर्घटना में घायल किया



**अनील, हरियाणा:** प्रेम भरथाराम निवासी सिसाय भोला पाना जो गली में सफाई का काम कर रहा था। आज उसको एक बाइक वाले ने पीछे से टक्कर मारी और प्रेम को चोट आई जो प्रेम के साथ-साथी काम करे थे। उन्होंने मोटरसाइकिल वाले को वहीं पर पकड़ लिया जो की मोटरसाइकिल वाले ने नशा कर रखा था। जो साथ में थे उन्होंने चौकीदार के पास फोन किया चौकीदार ने सरपंच के पास फोन किया सरपंच ने एंबुलेंस को बुलाया सरपंच को फोन किया सरपंच ने 102 पर फोन किया।

मौके पर एंबुलेंस आई एंबुलेंस उसको सिसाय के नागरिक अस्पताल में ले गई और वहां से उसको हांसी रेफर कर दिया। अब हंसी में उसका इलाज चल रहा है जिसकी टांग पर चोट लगी है और टांके आए हैं अभी तक कोई पुलिस कानून कारवाई नहीं हुई है।

### पीपाखेड़ी में हुआ संत रामपाल महाराज का सत्संग का आयोजन




**राजस्थान:** गंगधार उपखण्ड क्षेत्र के गांव पीपाखेड़ी में हुआ संत रामपाल महाराज का सत्संग एलईडी के माध्यम से हुआ संत रामपाल जी महाराज का सत्संग सतसंग के सुनने के लिए आसपास के क्षेत्र के सैंकड़ों लोगो ने सुना सत्संग सत्संग में संत रामपाल महाराज ने समाज में फैली कुरीति और पाखंडवाद को हटाने के लिए जोर दिया गया सत्संग में मानव जीवन का मूल उद्देश्य परमात्मा की साधना कर के मोक्ष प्रदान करना साथ ही समाज को नई दिशा प्रदान करना।

दहेज प्रथा को समाप्त करना नशा मुक्त भारत बनाना मृत्यु भोज खतम करना और समाज में फैले पाखंडवाद को खत्म करना मूल उद्देश्य रहा इनके साथ ही 2 पुण्यात्माओं ने नाम दीक्षा लेकर आजीवन प्रभु भगति करने का संकल्प लिया।

### ऑवरलोड चल रहे है ऑटो, दुर्घटना को दे रहे हैं दावत



**मकसूद अहमद, उत्तर प्रदेश:** सोनभद्र नियमों की धज्जिया उडाने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर करवाई करते हुए यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के उद्देश्य से जिले के प्रमुख चट्टी चौराहो सहित हायवे पर तैनात यातायात पुलिस कर्मी की कार्य शैली पर सवाल उठाये जा रहे है। आरोप है की बाइको का ई-चालान कर अपनी जिम्मेदारी की पीठ थपथपाने वाले यातायत पुलिस के कर्मी ओवरलोड मजदूरों से भरी ऑटो रेक्सा व पिकअप मे बड़े ही तेज रफ्तार से गाँव देहात व हाइवे पर आय दिनों चलते नजर आ रहे है। समय रहते यदि इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकता है। आप को बता दे की बीते 09 दिसम्बर को ओवरलोड मजदूरों से भरी एक पिकअप सदर कोतवाली क्षेत्र के तेंदू पूल के नहर में पलट गई थी।

# ओखा कोस्टगार्ड के किंडरगार्टन स्कूल में क्रिसमस से पहले मनाया क्रिसमस

छनतबर राजेशभाई

**गुजरातः** ओखा कोस्ट गार्ड एच.15 में किंडरगार्टन स्कूल में प्री-क्रिसमस मनाया गया जिसमें बच्चों ने क्रिसमस की सजावट और बेहतरीन बनियानें बनाईं, जबकि उस स्कूल में छात्रों को उनकी सारी शिक्षा दी जाती है और इसमें चिकित्सा, शिक्षा, परियोजना शामिल है, इसके लिए अलग-अलग हिस्सों का निर्माण किया गया है। गतिविधियाँ, खेल आदि ताकि बच्चों को उन सभी कौशलों का प्रशिक्षण मिल सके।



मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में जीवन शैली व पर्यावरण पर पहला स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के दीक्षित को दूसरा स्थान। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की निधि को तथा तीसरा स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोता के पंकज को मिला परिवहन तथा संचार विषय पर आयोजित मॉडल में पहला स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुदरह के धर्मेंद्र को दूसरा स्थान, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी की चिंकी को तथा तीसरा स्थान, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना के राहुल को मिला प्रगतिशील सोच पर पहला स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेवल के सुमित को दूसरा स्थान दोगडा अहीर के योगेश को तथा तीसरा स्थान।

बागोत के युद्धवीर को मिला स्वास्थ्य विषय पर मॉडल बनाने में पहला स्थान रामबास की नेहा को तथा दूसरा स्थान सीहोर की कविता को मिला कृषि विषय पर मॉडल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामदास की खुशी को पहला स्थान हासिल हुआ। विजेता विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को ?500 द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को ?300 तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को ?200 का नगद इनाम खंड संसाधन संयोजक दिलबाग सिंह व मुख्य अध्यापक नरेश कुमार कौशिक ने वितरित किए।

विद्यार्थियों को खंड संसाधन संयोजक दिलबाग सिंह ने प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इससे भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा तथा राज्य स्तर तक विद्यालयों तथा खंड व का नाम आगे ले जाना होगा वितरित किया आज के कार्यक्रम में दौगड़ा अहीर से सुनीता यादव , भागवत से नित्यानंद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना से प्रवक्ता मनीष कुमारी तथा विज्ञान अध्यापक मनोज कुमार रसायन शास्त्र की प्रवक्ता स्नेह लता शर्मा कनीना मॉडल संस्कृति स्कूल से नितिन मुदगिल एवीआरसी मनोज कुमार सोमवीर सिंह बीआरपी अनुराधा, रोशनी, ज्योति एबीआरसी, मोनिका, रिंकू वर्मा सहित खंड के अनेक विद्यालयों के अध्यापक व प्रवक्ता उपस्थित थे।

# वात्सल्य स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का हुआ आयोजन, 'खेल हमे सिखाता है टीमवर्क' आईजी प्रमोद वर्मा

मुकेश हरियाणी

**मध्यप्रदेशः** सागर शहर के प्रतिष्ठित वात्सल्य स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्क्ष्प्रमोद वर्मा सागर ,अध्यक्षता प्राचार्य अलका श्रीवास्तव ने की अतिथियों ने परेड की सलामी ली और खेलकूद की शुरूआत की। स्पोर्ट्स मीट के मुख्य अतिथि क्क्ष्प्रमोद वर्मा सागर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन के लिए नहीं है बल्कि हमें मिलजुल कर रहना सिखाता है । वही जीत हासिल करता है जो लगन और मेहनत से खेलता है।

उन्होंने सफल आयोजन के लिए वात्सल्य परिवार को बधाई दी स्वागत भाषण वात्सल्य स्कूल की प्राचार्य अलका श्रीवास्तव ने दिया एवं स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला प्राइमरी स्कूल ल्टट मैडम कुलविंदर भाटिया ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एनुअल स्पोर्ट्स मीट के शुभारंभ पर वात्सल्य स्कूल के ब्लू,ग्रीन, रेड, येलो हाउस के बच्चों ने आकर्षक मार्च पास्ट निकाला तत्पश्चात स्कूल एंथम, संगीत की



धुन पर मास ड्रिल एवं 30 बच्चों के बैंड ग्रुप की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समा बांध दिया।

बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पिरामिड बनाकर दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी` खेलकूद उत्सव में 100 मीटर, 75 मीटर , योगा दौड़, कैटरपिलर रेस, बटरफ्लाइ रेस, स्लो साइकिल रेस, एवं बाधा दौड़, का आयोजन किया गया। साथ ही साथ पेरेंट्स रेस का आयोजन भी किया गया। जिसने पैरेंट्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पुरस्कार प्राप्त किए।

सांता क्लॉज ने सभी को उपहार वितरण किए। छात्र छात्राओं द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुत दी गई जिसकी दर्शकों द्वारा काफी सराहना की गई। वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन बेहद सफल व उद्देश्यपूर्ण रहा। साथ ही वात्सल्य स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# दीपचंद चौधरी महाविद्यालय ललितपुर में लॉ कॉलेज की स्थापना



**उत्तर प्रदेशः** ललितपुर दीपचंद चौधरी महाविद्यालय में प्रबंधक कमलेश चौधरी की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई जिसमें जिसमें प्रबंधक को महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर के एस तोमर एवं समस्त स्टाफ में ने माला पहनकर स्वागत किया प्रबंधक द्वारा दीपचंद चौधरी महाविद्यालय मे लॉ कॉलेज की स्थापना होने के समाचार प्राप्त होने पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्रों में खुशी का माहौल छा गया। प्रबंधक कमलेश चौधरी ने कहा जो छात्र ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट करने के पश्चात घर बैठे हुए थे।

उनके लिए लॉ कॉलेज में प्रवेश का सुनहरा अफसर प्राप्त हो चुका है दीपचंद चौधरी महाविद्यालय में ला कोर्स शुरू होने से हर वर्ग के छात्रों को मिलेगा फायदा अनुभवी अध्यापकों द्वारा शिक्षण कार्य प्रारंभ होगा एवं भविष्य में ला एक नया अध्ययन केंद्र के रूम में उबरेगा समिति की बैठक में डॉक्टर जेएस तोमर ने प्रस्ताव रखा की प्रवेश के समय अधिक विद्यार्थी लॉ कॉलेज में प्रवेश के लिए मांग करते थे जिनकी मांग को पूर्ण करने के लिए प्रबंधन समिति ने लॉ कॉलेज की स्थापना का सपना पूर्ण किया काफी समय से प्रयास रत ला विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ की प्रक्रिया शुरू हो गई है छात्रों को अपना भविष्य को सामान्य एवं शिक्षा के प्रति नई दिशा देने का कार्य किया।

# नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह 2023 जयपुर में आयोजित

योगिता मेरवाल

**राजस्थानः** वूमेन पॉवर सोसायटी जयपुर राजस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनिका अरोड़ा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना सक्सेना के निर्देशन में प्रदेश संयोजक सन्तोष कुमार, महासचिव योगिता मीर वाल, प्रदेश सह संयोजक डाक्टर नेहा गोयल, की अनुसंशा सेमुख्य अतिथि यशस्वी डॉक्टर शिखा मील बराला, विधायक चौमू, संजय यादव एम डी हैपी होम्स शशांक बंसल प्रॉप टीम फाउंडर" दामिनी टिक्कीवाल मिलेनियम कार्गो लॉजिस्टिक एल. एल. पी बसंत जैन एम डी सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज राजेंद्र यादव महासचिव प्रदेश कॉन्ग्रेस कमेटी राज, एवं संगीता गर्ग सदस्य बाल सरंक्षण आयोग राजीव चौधरी नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ग्रेटर जयपुरविद्या स्वामी मेहंदी आर्टिस्ट एवं पर्यावरण प्रेमी अन्य विशिष्ट अतिथि गणों की उपस्थिति द्वारा इस गौरव मयी सम्मान समारोह में मानवता रुपी महायज्ञ से समाज की महान विभूतियों नारी शक्तियों का विभिन्न क्षेत्र में विषेश अनुभव,




योगदान, समय समय पर सहयोग जो खास तौर पर समाज हित में महिलाओ, बच्चों की शिक्षा, संरक्षण, अधिकार के क्षेत्र में आवाज बनकर संस्था।

ऑगेर्नाइजेशन,इंस्टीट्यूशन लेखन, गायन ,पर्यावरण रचनात्मक ,कलात्मक, कवि, साहित्य, मिडिया ,मनोरंजन ,खेल कूद प्रौद्योगिकी आदि किसी भी क्षेत्र में कार्य शैली रही है , समाज सेवी रहे हैं , की अग्रिम पंक्ति में वूमेन पावर सोसायटी आपको मानव जीवन की उत्कृष्टता का पुरुस्कार देकर सम्मानित करने का संकल्प लेती है " विश्व संरचनाकृति नारी शक्ति को वंदन सम्मान समारोह में 70 नारी शक्तियों को सम्मान देना उचित समझ कर घर परिवार समाज क्षेत्र राज्य देश में नारी शक्ती की।

शिक्षा,संरक्षण, अधिकार सर्वोपरि है , की भावना को ध्यान में रखते हुऐ, दान करने से दया, दया करने से धर्म , धर्म करने से कर्म, नारी शक्ति वंदन सम्मान में (महिला एवं बाल विकास)को समर्पित संस्था वूमेन पावर सोसायटी राजस्थान " के सम्मान समारोह में आपका सहयोग आवश्यक है , समाज हित आपको मानव मात्र पुण्य प्राप्ति के मार्ग प्रशस्त करता है ! कार्यक्रम में मुख्य सहयोग हैपी होम्स शंकर बिल्ड होम एवं सहयोगी प्रॉप टीम ट्रॉफी पार्टनर सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज के बसंत जैन, रामाज कुरती एंड रिसोर्ट्स , वीनस फिल्म्स, एनएमसी डीजे , न्यू लुक्स पार्लर, यशिका पार्लर, उम्मीद स्पेशल स्कूल ने सहयोग कर गौरव शाली सम्मान समारोह समारोह में हिस्सा बनकर आपकी मानव जीवन की उत्कृष्टता को देखते हुए , उपस्तिथि दर्ज करवाई " वूमेन पावर सोसायटी राजस्थान के आपकी गौरवमई उपस्थिति का स्वागत, अभिनंदन करती है।

## एक नजर

### नेवादा में शिव धाम मंदिर स्वछ भारत अभियान हुआ सपन्न



**बचेलाल, उत्तर प्रदेशः** मल्ला हरदोई विकास खंड माधौगंज थाना क्षेत्र मल्लावां के राघौपुर चौकी के अन्तर्गत नेवादा में शिव धाम मंदिर प्रांगण में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। आपको बताते चले आज दिनांक 21-12-23 को राघौपुर के ग्राम नेवादा में शिव धाम मंदिर प्रांगण में भाजपा मंडल की ओर से प्रधान दुर्गेश अवस्थी और भाजपा मंडल के महामंत्री नीरज सिंह चंदेल जितेंद्र सिंह और भाजपा मंडल के अध्यक्ष रतनेश सिंह के द्वारा राघौपुर के नेवादा में शिव धाम मंदिर प्रांगण में साफ सफाई किया।

भारत स्वछ अभियान के तहत लोगों को साफ सफाई के बारे में जागरूक भी किया है कि साफ सफाई होने से कई बिमारियाँ दूर रहतीं है और साफ सफाई करने से होने वाली बिमारियों से भी बचा जा सकता है ऐसे साफ सफाई के बारे में कई निर्देश भी दिये है।

### दमोह जिले कीर्ति स्तंभ चौराहा होती जा रही हैं जर्जर, सरकार ने बढ़ती लापरवाही



**आशिष दुबे, मध्यप्रदेशः** दमोह जिले के बीच बीच स्थित कीर्ति स्तंभ चौराहा जो कि शहर की सुंदरता का प्रतीक है। उसकी हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है इसके आसपास लगी पत्थर की फर्सी टूट गई है। जिसे ऐसे ही खड़ा कर के टिका दिया गया है और उसी खड़ी हुई फर्सी पर अब विज्ञापन भी चिपकाए जाने लगे हैं। इसी कीर्ति स्तंभ के अंदर रंगीन लाइटें भी लगवाई गई थी जो की बंद हैं और इसमें लगा हुआ फव्वारा भी बंद पड़ा है।

इसी कीर्ति स्तंभ चौराहे की सड़क पर एक बड़ा सा गड्ढा भी बना हुआ है। जो दुर्घटनाओं निमंत्रण दे रहा है यह गड्ढा लगभग 2 साल से इसी प्रकार यहां जमा हुआ है। फिलहाल इसे भरवाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। इसी चौराहे के पास भारतीय जनता पार्टी का ऑफिस, जिले का पुलिस थाना भी मौजूद है। पिछले महीने ही विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं अब मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और दमोह में भी बीजेपी का ही विधायक है अब देखना यह होगा कि कब दमोह का विकास शुरू होगा और कीर्ति स्तंभ का जीर्णउद्धार होगा।

### 25 दिसंबर को श्री गौड़ ब्राह्मण सभा सम्मान समारोह आयोजित




सतीश, हरयाणाः श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल द्वारा आगामी 25 दिसंबर को भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मोत्सव पर विप्र समाज के वृद्धजनों (85 साल व इससे ऊपर) किया जाएगा। इसके साथ समाज की विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सभा के प्रधान अधिवक्ता राकेश मेहता ने बताया कि इसके साथ नारनौल के समस्त पत्रकारों तथा जिला महेंद्रगढ़ के विप्र पत्रकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही नारनौल के मंदिरों के समस्त ब्राह्मण पुजारीगण को भी सम्मानित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल के प्रांगण में 25 दिसंबर को 11 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री गौड़ ब्राह्मण सभा ?महेन्द्रगढ़ ने पहले ही पहल करके अन्य समाज की विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया है। उन्हें आशा है कि इसका अनुसरण आने वाले समय में सभी समाज की सभाएं करेंगी। इससे समाज की समरसता व एकजुट की भावनाओं को बल मिलेगा तथा जातिवादी प्रथा पर भी रोक लगेगी।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डैया उदयपुर राजस्थान में ऑन दी जॉब ट्रैनिंग शुरू, छात्र-छात्राए उत्साहित



चंदूभाई मूलाभाई पटेल

**राजस्थानः** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डैया उदयपुर राजस्थान के कक्षा 11 एवं 12 के व्यावसायिक शिक्षा कंप्यूटर(it/tes) विज्ञान वर्ग(trade) के छात्र-छात्राओं के लिए 10 दिवसीय OJT (an Job Training) का शुभारंभ। पीजीडीसीए कॉलेज अन्द्रोखा आश्रम विजयनगर गुजरात में किया गयो कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्थानीय कॉलेज के निदेशक प्रवेश भाई पटेल एवं उदयपुर जिले के समसा ऑफिस के पदाधिकारी APC कैलाश नागदा जी एवं प्रोग्राम ऑफिसर (PO) देवीलाल एवं मंजिल संस्था के पदाधिकारी रत्नाभ पाठक एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डैया उदयपुर की प्रधानाचार्य जिज्ञासा व्यास के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की इसी कड़ी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डैया उदयपुर के समस्त अध्यापकों द्वारा उदयपुर समसा से पधारे हुए अधिकारियों एवं स्थानीय कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य जी का माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डैया उदयपुर की प्रधानाचार्य श्रीमती जिज्ञासा व्यास , उप प्रधानाचार्य श्रीमान सोम प्रकाश, कौशल प्रभारी श्रीमान सोमराज गमार, कंप्यूटर अध्यापक (it) श्रीमान श्याम सैनी, वरिष्ठ अंग्रेजी अध्यापक श्रीमान ईश्वर सिंह गरासिया, संस्कृत अध्यापिका श्रीमती सुरेखा बेन, कनिष्ठ सहायक श्रीमान पंकज कुमार गरासिया, एवं पीजीडीसीए कॉलेज की प्रधानाचार्य मानसी पटेल, DMLT(HOD) श्रीमती राजेश्वरी ढूंढ, एवं सभी विभागों के अध्यक्ष मौजूद रहे इसमें सभी पदाधिकारी द्वारा कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं आत्मनिर्भरता के बारे में बताया गया` इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं अध्यापकों एवं बच्चों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डैया की तरफ से किया गया।

# ग्राम निंबोला में कॉलोनाइजर हाँजी बशीर कर रहे मनमानी



फारूक

**मध्य प्रदेशः** ग्राम निंबोला में कॉलोनाइजर हाँजी बशीर मनमानी कर रहे है। खेतिहर ग्रामीण किसानों को पहुंचने नहीं दे रहा है। खेतों में बीच मार्ग में ही दीवार खड़ी कर दी गई है। अवैध कॉलोनी ग्रामीण शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

बुरहानपुर जिले के निंबोला में किसानों को अपने खेत में जाने से रोक रहा है। कालो नायजर ने खेती में जाने वाले मार्गों को अवरुद्ध बीच मार्ग में खड़ी कर दी दीवार जिसके चलते किसान परेशान हो रहे है। किसानों को अपनी फसल खेत में रखने के बावजूद नहीं पहुँच पा रहे है। उपजमंडी जिसे रखी लाखों का नुकसान हो रहा है।

शिकायत लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट कार्यालय जहाँ डिप्टी कलेक्टर से शिकायत की है। डिप्टी कलेक्टर ने जांच का भरोसा देकर किसानों को जाने को कहा। इस धंधे को आगे बढ़ाने के लिए काश्तकारों को मोहरा बना रहे हैं कि, इनके खेती के जाने का रास्ता रोक दो तो फिर इनकी जमीन की कीमतें कम हो जाए। अंत में इनको खेत बेचना पड़ेगा।

# बाइक रेट्रो सायलेंसर से लोग परेशान, प्रशासन से की शिकायत

मोहित दखनी

**मध्यप्रदेशः** मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर तहसील में दौड़ रही रेट्रो सायलेंसर वाली बाइक पटाखे जैसी आवाज से लोग हो रहे परेसान, टीआई बोले करेंगे कार्यवाही। नगर में पटाखे की आवाज निकालने वाली बाइक के कारण लोग परेशान है। कुछ युवा बाइक में रेट्रो सायलेंसर लगवा कर धड़ल्ले से सड़क पर दौड़ रहे है, लेकिन कोई धड़ पकड़ नही हो रही।

कुछ वर्षों से शहर में दौड़ रही बाइक में अवैध रूप से रेट्रो सायलेंसर लगाए जा रहे है। इनसे पटाखा या बंदूक की गोली चलने जैसी आवाज निकलती है। बीच सड़क पर युवा तेजी से गाड़ी दौड़ाते हुए यह आवाज निकालते है,जिससे आस-पास के



वाहन चालक असंतुलित हो जाते है ऐसे में हादसा होने का भी डर बना रहता है।

बर्दास्त नही कर सकते ये आवाज

कम्पनी से मिलने वाला बाइक का साउंड मापदंड के अनुसार होता है,ताकि अन्य लोगो को परेशानी न हो। लेकिन युवा इन्हें मोडिफाइड करवाते है इस साउंड को कोई भी व्यक्ति ज्यादा समय तक बर्दास्त नही कर सकता। डॉ,कृष्णा राठौर ने बताया कि तेज ध्वनि से हार्ट पर ज्यादा असर पड़ता है। खासकर बुजूर्ग ओर बच्चों को यह प्रभावित करते है।

वहीं नगर में टैक्सी ओर अन्य वाहन चालक भी तेज आवाज वाले टेप रिकॉर्डर लगा कर घूम रहे है,जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है नगर के राहुल जैन ने बताया कि देर रात तक चलने वाले ऐसे वाहनो से अधिकांश लोग परेशान है इनसे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। जब ये वाहन कॉलोनीयो से गुजरते है तो लोगो की नींद खराब हो जाती है। रोगी,बुजुर्ग ओर नवजात तो बुरी तरह घबरा जाते है।

अंतिम सोलंकी ने बताया कि पटाखे जैसी आवाज करने वाली बाइक ज्यादातर शाम के समय सड़को पर दौड़ती नजर आती है। बाइकर्स महिलाओं के पास से गुजरते है जिससे वे घबरा जाती है इन बाइक से कई बार हादसे भी हो चुके है। इस संबंध में टीआई दीपक सिंह चौहान का कहना है कि हम समय-समय पर कार्यवाही करते रहते है अब ऐसे वाहनो को भी चिन्हित कर कार्यवाही करेंगे।

# राजकीय बालक बालिका छात्रावास के लिए आई धनराशि नियमविरुद्ध ढंग से की गई खर्च

**उत्तर प्रदेश:** राजकीय बालक बालिका छात्रावास के लिए आई धनराशि नियमविरुद्ध ढंग से बाबू जगजीवनराम हॉस्टल के रेनोवेशन पर खर्च कर दी गई। इस हॉस्टल में छात्र नहीं रहते बल्कि समाज कल्याण अधिकारी इसको अपना निवास बनाए हैं। इस संबंध में शिकायत के बाद हुई जांच के दौरान वित्तीय अनियमितता उजागर होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने डीएम को रिपोर्ट भेज दी।



जनपद में रहने वाले अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए शहर में वर्णी कालेज के पास राजकीय हॉस्टल बना हुआ है। इसका संचालन जिला समाज कल्याण विभाग करता है। समय-समय पर छात्रावास में विभिन्न मरम्मत कार्य रंगाई, पुताई आदि कराने के लिए शासन बजट जारी करता है। फिलहाल जिला समाज कल्याण विभाग के पास इस हॉस्टल के लिए 04 लाख रुपये मौजूद थे। नियमानुसार यह धनराशि राजकीय हास्टल पर ही खर्च की जानी चाहिए थी लेकिन समाज कल्याण अधिकारी ने आला अधिकारियों की इजाजत बगैर 1.50 लाख रुपये बाबू जगजीवनराम छात्रावास की रंगाई पुताई व अन्य रेनुवेशन कार्य में खर्च कर दिए।

मजेदार बात यह है कि, इस छात्रावास में एक भी छात्र निवास नहीं करते हैं। समाज कल्याण अधिकारी इसको अपने निवास के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं और अपनी सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ही छात्रावास में रेनुवेशन का काम कराया था। इसकी जानकारी मिलते ही कुछ लोगों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से इस संबंध में शिकायत दर्ज की। जिसके बाद जिलाधिकारी ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी केके पांडेय ने जिला विकास अधिकारी व डीएसटीओ की दो सदस्यीय टीम गठित कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। दोनों जांच अफसरों ने बेहद बारीकी से जब अभिलेख खंगाले तो तमाम कमियां सामने आ गयीं।

राजकीय हास्टल के लिए आए धन को बाबू जगजीवनराम छात्रावास में खर्च नहीं किया जा सकता था। अपने निवास के रूप में इस्तेमाल छात्रावाल की सुरक्षा के लिए सिफ्टवार पीआरडी जवानों की तैनाती और विभाग से भुगतान अनुचित व आपत्तिजनक पाया गया। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों का बेवजह वेतन रोकने सहित विभिन्न कार्रवाईयों को भी जांच टीम ने अनुचित करार दिया है। जांच में गड़बड़झाला मिलने के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी। अब जिलाधिकारी समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखेंगे। इस जांच से विकास भवन में खलबली मची रही।

# नाबालिग को बंधक बना कर किया समूहि बलात्कार, दो आरोपी गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश थाना बानपुर अंतर्गत एक गांव की नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर दो युवकों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपितों के चंगुल से किसी तरह छूटकर अपने घर पहुंची पीड़िता ने अपने परिजनों को फोन पर घटनाक्रम से अवगत कराया। घर लौटे पिता ने पुत्री के साथ थाना जाकर आरोपितों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने भी दोनों आरोपितों को दबोच लिया।



थाना बानपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। वह मजदूरी करने के लिए अपनी पत्नी के साथ खाटू श्याम राजस्थान गया हुआ था। घर पर पुत्र व 16 वर्षीय पुत्री को देखभाल के लिए छोड़ गया था। उसके ही गांव में रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के मनचले कुंजन पुत्र जहर सिंह व नन्हे राजा पुत्र अनमोल सिंह ने गत 16 दिसंबर को करीब 3.00 बजे उनकी नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर कर किसी काम के बहाने अपने घर ले गए। घर के कमरे में उसको बंधक बना लिया।

फिर तमंचे के बल पर दोनों युवकों ने रातभर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। उनकी पुत्री किसी तरह आरोपितों के चंगुल से छुटकर अपने घर आई और मोबाइल फोन पर अपने साथ हुई घटना की उनको जानकारी दी। घर लौटकर गुरुवार को वह पीड़िता के साथ थाने गए और पुलिस को घटनाक्रम से अवगत कराया। थाना बानपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने टीम बनाकर छापेमारी की और दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

## एक नजर

### फैक्ट्री में राख के वजह से है लोग परेशान, उद्योग कर्मचारी हैं लापरवाह

**उत्तर प्रदेश:** ललितपुर चिगलौआ मे बना बजाज पॉवर पिलान्ट से जिले के लोगो को कुछ फायदा तो दूर की बात चारो तरफ नुकसान ही नुकसान नजर आ रहा है। कुछ लोग तो यह तक कह रहे है कि जब जीबित रहेगे तभी तो देख पायगे फायदा और नुकसान पावर पिलान्ट की निकलने वाली दूषित राख को बताते जहर समान जहाँ देखो बहा देखा जा सकता है।

दूषित राख का भंडार फैल रही अनेखो बीमारी किसानी की पज हो रही कम लोगो मे बना रहता। चिंता का विषय प्रशासन के पास जा चुके सैकड़ो प्रार्थना पत्र इसके बाद भी नहीं की जाती कोई कठोर कार्यवाही शहर से लेकर गाव तक जनरेशन कंम्पनी बालो के लगे हुए एजेन्ट खूब चल रहा कमीसन का काम भोले भाले किसानो को मीठी मीठी बाते कर देते गुमराह और जब कोई बातो मे नही आता ओर राख पर्याप्त मात्रा में निकल रही होती है।

तो इधर-उधर डाल दी जाती है जगह-जगह दबंग किस्म के हैं उनके एजेंट जिससे लोगों के मन में भह बना रहता है और उनकी वजह से ज्यादा कुछ बात भी नहीं कर पाते हैं कई जगह तो सरकारी जमीन पर दबंगई से पहले खोद के खदाने बना देते फिर भारी मात्रा मे दूसित राख डाली जाती जिससे लाखों रुपए की कमीशन तैयार हो जाती दबंग किस्म के लोग जेनरेशन कंपनी को दे रहे बढ़ावा एसा ही मामला थाना बानपुर कस्तूरवा गाँधी आवासीय विद्यालय का मामला कुछ दिन सुर्खियों में छाया रहा है आखिर मामले को क्यों ठंडा कर दिया गया है इसमें भी कोई बड़ी साठ गांठ हो आखिर मामले को क्यों नहीं लिया गया संज्ञान में क्यों नहीं की गई कोई कार्यवाही मामले की सच्चाई बहुत जल्द होगी उजागर।

### विधायक लक्ष्मी राजवाडे के मंत्री बनने पर कार्यकताओं ने मनाया जश्न




**प्रशांत कुमार मिश्रा**

**छत्तीसगढ़:** भटगाव विधानसभा के विधायक लक्ष्मी राजवाडे को पहली बार मे ही भारी बहुमत से विजय होने पर भाजपा सरकार मे मंत्री पद के शपथ लेने पर भटगाव मंडल के कार्यक्रताओ ने तहसील चौक मे एकत्रीकरण होकर पुरे शहर में ढोल नगाड़े के साथ मिष्ठान्न लड्डू बाट कर जुलुस निकाल कर जगह जगह पटाखा फोड आतिशबाजी किया।

व लक्ष्मी राजवाडे जिंदाबाद, महिला एवं बाल विकास मंत्री जिंदाबाद, विधानसभा के प्रभारी पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा जी जिंदाबाद के नारों के साथ पुरा शहर मे खुशी का वातावरण निर्मित हुआ एक दूसरे कार्यक्रता ओ ने मुंह मीठा करा कर मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश पदाधिकारी परमेश्वरी राजवाडे ,जिला पदाधिकारी अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाडे ,महामंत्री रमेश गुप्ता, आशीष बाजपेयी, उपाध्यक्ष जगरेलाल यादव,प्रदीप पैकरा, जिला पदाधिकारी वीरेन्द्र गुप्ता, कमलेश सिंह, वरिष्ठ नेता पुरन राजवाडे, पूनम चंद गुप्ता,सोनामती राजवाडे,बुद्धदेव सिंह, रज्जू राम, उरमिला राजवाडे,अनिता सोनवानी,अध्यक्ष गयानंद राजवाडे, विजय प्रजापति, चंदर राजवाडे, राजेन्द्र पाटले,विजय राजवाडे, शैलेन्द्र राजवाडे, रामप्रसाद, अमित, उपाध्यक्ष,उपाध्यक्ष भोला मानीकपुरी ,राजेश सोनी, अहिबरन, बाबूलाल, जमधर, सरवन व सैकड़ो कार्यक्रता उपस्थित थे।

### भारत के उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाना लोकतंत्र का अपमान है : नरेंद्र राणा

**मोहित कुमार मित्तल**



**पंजाब:** गरीब किसान के बेटे,भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का विपक्षी दलों द्वारा मजाक उड़ाना और नकल उतारना भारतीय लोकतंत्र का अपमान है। इन शब्दों का प्रयोग प्रदेश कोर कमेटी सदस्य किसान मोर्चा भाजपा पंजाब नरेंद्र राणा ने व्यक्त किये, जिन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि विपक्ष के नेता, विशेषकर कांग्रेस पार्टी, पिछले 20 वर्षों से लगातार प्रधान मंत्री नरेंद्र के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मोदी का अपमान किया जा रहा है और देश की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी अपमान किया और अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी का अपमान करते हुए उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का अपमान है। नरेंद्र राणा ने कहा कि विपक्ष ने सारी हदें पार कर दी हैं। वे लगातार देश के संवैधानिक पदों पर बैठे माननीयों का अपमान कर रहे हैं। नरेंद्र राणा ने कहा कि यह भी अफसोस की बात है कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी की नकल करते समय तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के कृत्य का मजाकिया वीडियो बना रहे थे।

# खेलकूद बच्चों के विकास में सहायक- श्रीमती रीता जैन



**उत्तर प्रदेश:** सिद्धि सागर एकेडमी के क्लास फर्स्ट एवं सेकेंड के छात्र - छात्राओं ने गुरुवार को डे आउट कैम्प के तहत चंद्र शेखर आजाद बाल क्रीड़ा स्थल में अपने गुरुजनों के साथ पिकनिक मनाई। पिकनिक पर बच्चों के साथ गईं एकेडमी की डायरेक्टर श्रीमती रीता जैन ने कहा कि, खेलकूद बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ उनकी मानसिक शक्ति को सुद्दढ करते हैं ।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे पढ़ाई के तनाव से मुक्त होकर अपने शिक्षकों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में समय बिताकर नई उर्जा प्राप्त करते हैं । नई शिक्षा नीति में बच्चों के सम्पूर्ण विकास एवं उनकी प्रतिभा को आगे लाने के लिए शैक्षिक व खेल सम्बन्धित गतिविधियां समाहित की गई है।

पार्क में बच्चों ने अपने अपने ग्रुप में विभिन्न प्रकार के खेलों को खेलते हुए धमाल किया। इस पिकनिक पर शिक्षिकाएं जौली नामदेव, पूजा सोनी, प्राची ताम्रकार, प्रियंका तोमर, कल्पना राय के साथ कला, पुष्पेन्द्र आदि स्कूल स्टाफ सदस्य बच्चों के साथ पार्क में उपस्थित रहे ।

# हवा ने बदल दिया मौसम का मिजाज, शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन

**उत्तर प्रदेश:** मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। पिछले कई दिन से रात में हल्का पाला पड़ने और दिन में शीतलहर चलने से मौसम में ठिठुरन कायम है। बुधवार सुबह धूप निकलने के बाद भी ठंड से राहत नहीं मिली। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी ठंड और कोहरा बढ़ने की संभावना है। अपर जिलाधिकारी ने सर्दी से बचाव के संबंध में एडवायजरी जारी कर दी।



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने शीतलहर से बचाव के उपाय संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि, टीवी, रेडियो, समाचार पत्र, सोशल मीडिया आदि पर मौसम के बारे में मौसम विभाग से जारी चेतावनी के प्रति सजग रहें। सर्दी के आने से पहले गर्म कपड़े, एक अधिक सतहों वाले कपड़े की व्यस्था उचित मात्रा में करके रखें। आकस्मिक समय में काम आने वाली वस्तुओं की व्यस्था पहले से कर लें। सर्दी, खांसी, बुखार, फ्लू, एलर्जी, अस्थमा आदि ठण्डे मौसम के लगातार बने रहने से उक्त बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है।

अंतः ऐसी स्थिति मे तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करते हुये यथोचित उपचार करायें। मौसम विभाग से जारी अलर्ट सबंधी सूचनाओं को नियमित तौर से देखते रहें। अलर्ट के दौरान जारी की जाने वाली एडवायजरी में जारी किये जाने वाले नियमों का पालन करें। यथा संभव घर पर रहे एवं यात्रा कम से कम करें। अपने आप को सूखा रखें। एक से अधिक सतहों वाले ऊनी कपड़ों से शरीर व शरीर के अन्य भाग जैसे- सर, गला, हाथ एवं पैर को ढककर रखें। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता एवं शरीर के तापमान को सामान्य बनाये रखने के लिए स्वास्थ्यवर्धक खाना फल, सब्जियां एवं प्रचुर विटामिन सी की मात्रा वाली खाद्य सामग्री संग गर्म पेय पदार्थों का नियमित सेवन करें।

घर में विशेष कर बूढे बुर्जगों एवं बच्चों का अच्छी तरह से ख्याल रखें। घर के अन्दर गर्मी बनाये रखने के लिए कोयला जैसी चीजों को न जलायें यह खतरनाक हो सकता है। यह कार्बन मोनो ऑक्साइड उत्सर्जित करता है, जो कि बहुत जहरीला होता है इससे कमरों के अन्दर रह रहे व्यक्तियों की जान भी जा सकती है। ठण्ड के मौसम में फ्रॉस्ट बाइट (हिमदाह), हाइपोथर्मियां जिससे शरीर में कपकपी, बोलने में परेशानी, उनींदापन, मांसपेशियों में अकड़न, सांस लेने में भारीपन होना, कमजोरी या बहोशी हो सकती है। हाइपोथर्मियां एक चिकित्सा अपातकालीन स्थिति है जिसे चिकित्सीय सहायता हेतु तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

# जांच अभियान में पुलिस ने गांजा समेत आरोपी को पकड़ा

**श्रवण कुमार**

**उत्तर प्रदेश:** जनपद कुशीनगर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध द्रव्य पदार्थो की बिक्री परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 21.12.2023 को थाना कोतवाली पड़रौना पुलिस द्वारा नौका टोला चौराह जंगल हनुमानगंज पडरौना के पास से एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक झोले मे 1.550 ˝ गांजा व जेब से 70 रुपए नगद बरामद हुआ है।



बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 1198/23 धारा 8/20 ठउ्द्धर.अउळ बनाम श्याम बदन पुत्र राजधारी साकिन नोनिया पट्टी जंगल हनुमानगंज थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 1198/23 धारा 8/20 ठउ्द्धर.अउळ गिरफ्तार अभियुक्त श्याम बदन पुत्र राजधारी साकिन नोनिया पट्टी जंगल हनुमानगंज थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर विवरण बरामदगी 1-एक झोले मे 1.550 किग्रा गांजा ( कीमत लगभग 30 हजार रुपए ) 2-जामा तलाशी से 70 रुपए नगद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. नि0अ0 श्री अरविन्द कुमार यादव थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर 2. उ0नि0 अनुराग शर्मा थाना को0 पड़रौना जनपद कुशीनगर 3. का0 विवेक कुमार थाना को पडरौना जनपद कुशीनगर 4. का0 हरिराम यादव थाना को पडरौना जनपद कुशीनगर 5. का0 संदीप मौर्य थाना को पडरौना जनपद कुशीनगर 6. का0 अमित वर्मा थाना को पडरौना जनपद कुशीनगर।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में नहीं पहुंची असवा दुबरहा में एलईडी वाहन, जाने क्या हैं मामला

**सूरज मौर्य, उत्तर प्रदेश:** छानबे क्षेत्र के विजर कला एवं असवा दुबरहा गांवों में शुक्रवार को चौपाल में पशु पालन विभाग व जल जीवन मिशन के अधिकारी अनुपस्थित रहे। विजर कला गांव व सवा दुबरहा गांव में पंचायत भवन के परिसर में संपन्न हुई चौपाल में विजर कला गांव में राजा राम सरोज व असवा दुबरहा गांव में नोडल अधिकारी दिलीप कुमार सोनकर व मंडल अध्यक्ष इंद्र बहादुर सिंह हरशू प्रसाद दुबे ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया।असवा दुबरहा गांव में एलिडी वाहन नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने नहीं सुना प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण। वही प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा।विजर कला गांव में120 तथा असवा दुबरहा गांव में 90 महिलाओं ने आवास के लिए पंजीकरण कराया। विजर कला प्रधान रवी कुमार यादव एवं असवा दुबरहा गांव में सुशीला देवी ने अध्यक्षता की। सेक्रेटरी पीयूष दुबे व दिलिप विश्वकर्मा ने संचालन किया।एड़ियों समाज कल्याण अधिकारी प्रेम चंद पटेल एड़ियों कृषि दयाराम चौकसे सप्लाई विभाग से अनुराग मिश्रा गुलाब शंकर पाण्डेय पंकज कुमार पांडे एनम मनिवाला आंगन बाड़ी विमला पांडे सुनिता देवी आशा देवी प्रधान प्रतिनिधि आशीष पांडे हेल्थ डिपार्टमेंट से निशा प्रभा देवी आदि रहे।

# अवैध पॉलीथिन जाँच में जुटी टीम, कई पर लगाया जुर्माना




**श्रवण कुमार**

**उत्तर प्रदेश:** जनपद कुशीनगर के सुकरौली नगर पंचायत मे अधिशाषी अधिकारी ने की दुकानों पर पालिथिन की जाँच व्यापारियों मे आक्रोश। नगर पंचायत सुकरौली के अधिशासी अधिकारी सृष्टि सिंह द्वारा आज नगर पंचायत के दुकानों पर अवैध रूप से पॉलिथीन के प्रयोग के जांच के लिए अपने मातहत कर्मचारीयों के साथ चलाया जाँच अभियान। अभियान दौरान किया अवैध रूप से पालिथिन के प्रयोग को लेकर।

नगर मे स्थित दुकानों पर छापा मारकर अधिशासी अधिकारी ने पॉलिथीन का प्रयोग करने की सख्त चेतावनी देने हुए 250 से लेकर 2000 रुपये तक जुमार्ने की रसीद काटी गई। जिससे व्यापारियों मे रहा अफरा तफरी का माहौल रहा, इस तरह से कुल 4500 रुपये की जुमार्ने की रसीद काटकर राजस्व की वसूली की गई आपको बता दें कि नगर पंचायत सुकरौली मे अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा सुकरौली नगर में लगभग 3 घंटे पदयात्रा करके दुकानों में पॉलिथीन की जांच की गई।

पॉलिथीन मिलने पर 250 रुपये से लगाए 2 हजार रुपये तक की रसीद भी काटी गई। जिससे नगर पंचायत के प्रति व्यापारियों मे आक्रोश भी व्याप्त है । आपको बताते चले की नगर पंचायत सुकरौली बाजार नवसृजित नगर पंचायत है। जहां नगर पंचायत कार्यालय द्वारा व्यापारियों को किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। नगर के कस्बे में नगर पंचायत द्वारा एक भी शौचालय या मूत्रालय का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है।

जिससे बाजार मे बाहर से आने वाले ग्राहको, नागरिकों खास कर महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन

# मार्शल आर्ट्स में 30 खिलाड़ियों को मिला मार्शल बेल्ट

**दीपक यादव**

**उत्तर प्रदेश:** लाल कुआँ स्थित मार्शल आर्ट्स अकैडमी में बेल्ट एग्जाम का आयोजन किया गया जिसमें अकैडमी के अलावा सी.एस.एस. पब्लिक स्कूल और क्रोसिंग रिपब्लिक के टोटल 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें 30 खिलाड़ी ही बेल्ट परीक्षा को उतीर्ण कर पाए हैं।



बता दें कि रणजीत मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स बेल्ट एग्जाम में काफी हार्ड परीक्षा होती है जिसमें खिलाड़ियों का फिजिकल, लिखित, मौखिक और डिसिप्लिन का टेस्ट होता है जिसमें सभी में 100 नम्बर में से पास होने के लिए 60 नम्बर लाना होता है इसी की वजह से खिलाड़ियों को पास होना बहुत मुश्किल होता है। ऑल ओवर टॉपरः- 391/400 नम्बर के साथ प्रथम स्थान पर आदित्या शर्मा, 379.5/400 नम्बर के साथ द्वितीय स्थान पर राघव अवस्थी, 378.5/400 नम्बर के साथ तृतीय स्थान पर दक्ष कुमार रहे।

इसके साथ ही अन्य बेल्ट में निम्न टॉपर हैं

**रेड बेल्ट**
प्रथम स्थान दक्ष कुमार (378.5/400)
द्वितीय स्थान रुद्रांश शर्मा (373.5/400)
तृतीय स्थान प्रशांत शर्मा (366/400)

**ऑरेंज बेल्ट**
प्रथम स्थान पर्व जैन (376/400)
द्वितीय स्थान मानव सिंघल (355/400)
तृतीय स्थान सक्षम धौण्डियाल (346400)

**ब्लू बेल्ट**
प्रथम स्थान मोनिका (365.5/400)
द्वितीय स्थान रुद्रांश भटनागर (328.5/400)
तृतीय स्थान लकी पांडेय (325/400)

**येल्लो बेल्ट**
प्रथम स्थान मोनिका (362/400)

**ग्रीन बेल्ट प्रथम**
प्रथम स्थान आदित्या शर्मा (391/400)

**ग्रीन बेल्ट द्वितीय**
प्रथम स्थान राघव अवस्थी (379.5/400)
द्वितीय स्थान नैतिक त्यागी (368.5)
तृतीय स्थान अनन्या शाक्य (352/400)

**ब्राउन बेल्ट प्रथम**
प्रथम स्थान चित्रगुप्त मौर्य (275/400)

**ब्राउन बेल्ट द्वितीय**
प्रथम स्थान संध्या भारती (338.5/400)
द्वितीय स्थान चित्रगुप्त (275/400)

**ब्राउन तृतीय**
प्रथम स्थान राज राठौर (298/400)

इसके साथ ही और भी जिन खिलाड़ियों ने बेल्ट एग्जाम पास किया है।:- साध्या श्रीवास्तव, सार्थक सिंह, दीपांशी, सक्षम पुंधिर, अनन्या शर्मा, रचित शर्मा, तनु सारस्वत,वैभव सिंह, विराट आर्या, अमन सारस्वत, विनय सागर, अर्जून शुक्ला। पास होने वाले सभी खिलाड़ियों को रेन्शी तरुण शर्मा, सी.एस. एस.पब्लिक स्कूल के कोच सुमित शाक्या क्रॉसिंग रिपब्लिक के कोच ठाकुर राज प्रताप सिंह ने बेल्ट, सर्टिफिकेट, मेडल और प्राइज देकर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# कोरोना की 'लहर' नहीं

कोरोना वायरस के कुछ मामले जरूर आ रहे हैं, लेकिन यह कोई 'लहर' नहीं है। महामारी की सुनामी नहीं है। जो भयानक मंजर हम देख और झेल चुके हैं, एकदम उसकी वापसी भी नहीं है। वायरस की एक नई नस्ल भारत में भी है-जेएन-वन। यह बीए-2-86 या पिरोला का ही एक और प्रकार है, जो ओमिक्रॉन वायरस के ही प्रकार हैं। उन्हीं की कतार में जेएन-1 है। आज इसके संक्रमण का विस्तार 40 देशों में बताया जा रहा है। हमारे देश में गुरुवार, 21 दिसंबर तक कुल 2669 संक्रमित मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उनमें से 2300 से अधिक अकेले केरल में हैं। अभी तक सिर्फ 6 मौतें भी दर्ज की गई हैं, जिनमें से 3 केरल में हुई हैं। बाकी महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब में दर्ज की गई हैं। पिछले दौर में भारत संक्रमण के हजारों मामले रोजाना देख चुका है। कुछ बड़े अस्पतालों में संक्रमित मरीजों की सांसें ऑक्सीजन की कमी के कारण टूटी थीं। वैसे मंजर की संभावनाएं नहीं हैं, क्योंकि वायरस की यह नस्ल उतनी घातक नहीं है।

हम अपने पाठकों को आश्वस्त कर सकते हैं कि लॉकडाउन के आसार नगण्य हैं। एक-दूसरे राज्य में आने-जाने पर अभी कोई पाबंदी नहीं है। मास्क पहनना भी अनिवार्य नहीं किया गया है। अलबत्ता इतना आग्रह जरूर किया जा रहा है कि यदि आप भीड़ वाले इलाके में जाएं, तो मास्क पहन लें। यदि आपकी उम्र 60 साल से अधिक है और आप हृदय, लिवर, गुर्दे, मधुमेह आदि बीमारियों के पुराने मरीज हैं, तो भी मास्क पहन कर भीड़-भाड़ वाले बाजार या क्षेत्र में जाएं। कोरोना वायरस को लेकर हम अब कोई ढील नहीं बरत सकते, लिहाजा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को परामर्श भेजा है कि अस्पतालों में पूरी तैयारियां रखें। ऑक्सीजन सिलेंडर भरे हों। आईसीयू की व्यवस्था चाक-चौबंद हो और मॉक ड्रिल करके देख लें कि तमाम बंदोबस्त हो गए हैं अथवा नहीं। इन परामर्शों से आप चिंतित न हों और दहशत के कोई भी आसार भी न हों। लेकिन इनसे साबित होता है कि कोरोना वायरस अब भी जिंदा है, वायरस कभी नहीं मरते, उनकी नस्लें संक्रमण फैलाती रहती हैं। अमरीका जैसा विकसित देश भी कोरोना-मुक्त नहीं हो पाया, यह वायरस के अस्तित्व के कारण ही है।

वैसे सबसे पहले अगस्त, 2023 में यह वायरस लक्समबर्ग में पाया गया। उसके बाद इंग्लैंड, आइसलैंड, फ्रांस और अमरीका में इसके मामले दर्ज किए गए। इन देशों में जीनोम निगरानी काफी सक्रिय है, लेकिन अन्य वायरस की तुलना में जेएन-1 अप्रभावी है। चिकित्सकों की सलाह है कि जिनमें इम्युनिटी कम है या दबी हुई है, ऐसे बुजुर्ग लोग मास्क से अपना बचाव कर सकते हैं। सांस से संबंधी सभी वायरस, कोरोना समेत, के लिए अच्छी किस्म के मास्क काफी बचाव कर सकते हैं, लेकिन दहशत का कोई कारण नहीं है। सचेत जरूर रहें। ऑमिक्रॉन की जितनी भी नस्लें हैं, वे डेल्टा की तरह संक्रामक नहीं हैं।

# सरकार-विपक्ष के टकराव से करोड़ों बर्बाद

> सत्ता पक्ष और विपक्षी की हठधर्मिता से देश का लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। इससे करदाताओं के गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए हंगामे की भेंट चढ़ गए। देश के जरूरी समस्याओं पर चर्चा करने और उनके समाधान तलाशने के बजाय सत्ता पक्ष और विपक्ष शत्रुओं की तरह एक-दूसरे को ललकारने में लगे रहे। संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग पर शुरू हुए विवाद से कुल 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ।

**-योगेंद्र योगी-**

आजादी के बाद से अब तक संसद की कार्यवाही का सबसे कम संचालन होना देश के लोकतांत्रिक इतिहास में काला अध्याय बन गया है। सत्ता पक्ष और विपक्षी की हठधर्मिता से देश का लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। इससे करदाताओं के गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए हंगामे की भेंट चढ़ गए। देश के जरूरी समस्याओं पर चर्चा करने और उनके समाधान तलाशने के बजाय सत्ता पक्ष और विपक्ष शत्रुओं की तरह एक-दूसरे को ललकारने में लगे रहे। संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग पर शुरू हुए विवाद से कुल 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन हुआ। इनमें 112 लोकसभा और 34 राज्यसभा के हैं। सबसे ज्यादा कांग्रेस के सांसद सस्पेंड किए गए हैं। कांग्रेस के 60 (लोकसभा से 43, राज्यसभा से 17), एनसीपी के 4 (लोकसभा से 3, राज्यसभा से 1), डीएमके के 21 (लोकसभा से 16, राज्यसभा से 5), सीपीआई-एम के 5 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 3), सीपीआई के 3 (लोकसभा से 1, राज्यसभा से 2), जेडीयू के 14 (लोकसभा से 11, राज्यसभा से 3), नेशनल कॉन्फ्रेंस के 2 (लोकसभा से), तृणमूल कांग्रेस के 21 (लोकसभा से 13, राज्यसभा से 8), सपा के 4 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 2), बसपा का एक (लोकसभा से), आरजेडी के 2 (राज्यसभा से), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तीन (लोकसभा से), आप का एक (लोकसभा से), केरला कांग्रेस का एक (राज्यसभा से), झामुमो का एक (राज्यसभा से), वीसीके का एक (लोकसभा से) और आरएसपी का एक (लोकसभा से) सांसद हैं। सत्ता पक्ष पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए विपक्ष के सांसदों ने पुरानी संसद से विजय चौक तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि सरकार संसद सुरक्षा चूक पर जवाब दे। खडगे ने कहा कि सरकार सदन नहीं चलने देना चाह रही है। विपक्ष की आवाज दबा रही है। संसद में बोलना हमारा अधिकार है।

सभापति मामले को जातिगत रंग दे रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह संसद में आकर इस मामले पर बयान दें। बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संसद से विपक्ष के सांसदों का निलंबन ठीक नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना को लेकर राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि उच्चस्तरीय जांच के लिए समिति बनाई गई है और जांच जारी है। पहले भी जब इस तरह की घटनाएं हुई तो लोकसभा अध्यक्ष के जरिए ही उनकी जांच प्रक्रिया आगे बढ़ी। बिरला ने विपक्ष के रवैये पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सदन में नारेबाजी करना, तख्तियां लाना, विरोध करते हुए वेल में आ जाना ठीक नहीं है। जनता भी ऐसे आचरण को पसंद नहीं करती। सदन में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत ही चर्चा होनी चाहिए। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनका सुरक्षा में चूक के मामले से संबंध नहीं है। संसद के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर अहम बिल पास हुए। शीतकालीन सत्र में लोकसभा की उत्पादकता करीब 74 प्रतिशत रही। इस सत्र में विपक्षी दलों की गैर-मौजूदगी में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य बिल, दूरसंचार विधेयक सहित 18 अहम बिल पारित किए गए। लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। यह पहला मौका नहीं है जब संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे और निलंबन की भेंट चढ़ गया। इससे पहले मणिपुर मामले को लेकर संसद की कार्यवाही में भारी गतिरोध रहा। संसद में सेंध पर गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य की मांग की तरह विपक्ष मणिपुर हिंसा पर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को लेकर अड़ा रहा। मणिपुर मामले को लेकर बार-बार संसद की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। सत्ता और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी रहा। दोनों सदनों में जमकर हंगामा और नारेबाजी हुई।

विपक्ष के सांसद काले कपड़े पहनकर पहुंचे। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी नेताओं मल्लिकार्जुन खडगे और अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर संसद में मुद्दे पर चर्चा करने और केंद्र के साथ सहयोग करने को कहा, किन्तु विपक्ष पीएम मोदी के बयान देने पर अड़ा रहा। संसद सेंध और मणिपुर मामलों में विपक्ष की मांग पर सत्ता पक्ष ने सुनवाई नहीं की। सत्ता पक्ष का आरोप था कि विपक्ष जानबूझ कर संसद की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। इसी गतिरोध का परिणाम रहा कि हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही और सता पक्ष की तरफ से विपक्ष के 146 सांसदों का निलंबन किया गया। पॉलिसी रिसर्च स्टडीज (पीआरएस) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा का यह अंतिम साल है। अब तक इसमें 230 दिन ही कार्यवाही चली है। पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाली सभी लोकसभाओं में से, 16वीं लोकसभा में बैठक के दिनों की संख्या सबसे कम (331) थी। कार्यकाल में एक और साल शेष होने और साल में औसतन 58 दिनों की बैठक के साथ, 17वीं लोकसभा वर्ष 1952 के बाद से सबसे कम समय तक चलने वाली लोकसभा बन सकती है। मानसून सत्र से पहले संसद में 31 जनवरी से 6 अप्रैल तक बजट सत्र चला। लोकसभा में सेशन की कार्यवाही के लिए 133.6 घंटे निर्धारित हैं, लेकिन सदन में मात्र 45.9 घंटे तक ही कार्यवाही चली। वहीं राज्यसभा में कार्यवाही के लिए 130 घंटे तय हैं, लेकिन यहां मात्र 32.3 घंटे ही कार्यवाही चली। बजट सत्र के फर्स्ट हाफ में एक भी बिल पास नहीं हुआ। पिछले 5 सालों की तुलना में इस साल बजट सेशन की कार्यवाही का हाल सबसे बुरा रहा। इस मुद्दे पर संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पूरे बजट सत्र के दौरान लोकसभा की कुल प्रोडक्टिविटी 34 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि राज्यसभा में यह आंकड़ा 24.4 प्रतिशत था। वहीं, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की उत्पादकता महज 24.4 प्रतिशत आंकी। वर्ष 2022 में लोकसभा में कुल 177 घंटे और राज्यसभा में मात्र 127 घंटे ही काम हुआ।

जबकि 2021 में लोकसभा के लिए यह आंकड़ा 131.8 घंटे और राज्यभा में 101 घंटे रहा। पूर्व लोकसभा महासचिव पीडीटी आचार्य ने संसद चलने की लागत 2.5 लाख रुपए प्रति मिनट बताई। उन्होंने बताया कि इसमें बिजली, पानी, पेट्रोल, खाने का बिल, संसद की सिक्योरिटी, सांसदों की सैलरी-अलाउंस, सिक्योरिटी गार्ड और यहां के अलग-अलग हिस्सों में काम करने वाले लोगों को दी जाने वाली सैलरी का खर्च शामिल है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च में बजट सत्र में केवल छह दिनों में संसद में गतिरोध के कारण 10 करोड़ रुपए खर्च हुए। संसद में 2021 के गतिरोध से करदाताओं के 133 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया था। सत्ता पक्ष और विपक्ष में टकराव के कारण न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि खराब हुई, बल्कि देश को इसकी भारी कीमत भी चुकानी पड़ी। देश के मतदाताओं की गाढ़ी कमाई से मिलने वाले टैक्स से चलने वाली संसद में कीमती वक्त और करोड़ों रुपए बर्बाद हो गए। दीगर है कि देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी तक बिजली, पानी, सडक, अस्पताल, परिवहन सेवा, स्कूल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। सांसदों का चुनाव इसीलिए होता है कि संसद में जाकर आमजन की तकलीफों पर चर्चा करें और उन्हें दूर करने के लिए रास्ते बनाएं। इसके विपरीत सांसद फिजूल की बहसबाजी में उलझ कर आम लोगों की समस्याओं से मुंह मोड़ रहे हैं। देश में जब जिम्मेदारी तय करने पर चर्चा की जाती है, तब यह फामूर्ला सभी राजनीतिक दलों पर लागू किया जाना चाहिए। इसके अभाव में ऐसी संसदीय परंपराओं के अपमान के साथ जनप्रतिनिधियों पर लगाम लगाना मुश्किल है।

**(स्वतंत्र लेखक)**

# मानव मस्तिष्क का गणीतीकरण व समाज

**-भूपेश शर्मा-**

गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक महत्वपूर्ण उपकरण होने के साथ साथ मानव मस्तिष्क की विचार प्रक्रिया के गनीतीकरण का सर्वोत्तम साधन है। महान गणितज्ञ ह्यगाउसह्ल ने गणित को सभी विज्ञानों की रानी कहा क्योंकि बहुत से विषय ऐसे हैं जो गणित के बगैर अधूरे हैं। प्राचीन काल में भी गणित का स्थान सभी प्रकार के ज्ञान-विज्ञानों में सर्वोपरि रहा। वेदांग ज्योतिष में कहा भी गया है, ह्ययथा शिखा मयूराणाम नागानां मणयो यथाह्ल, तथा ह्यवेदांग शास्त्राणाम गणितम मुर्ध्री स्थितंह्ल, अर्थात जिस प्रकार मोरों में शिखा और नागों में मणि का स्थान सबसे ऊपर है, उसी प्रकार सभी वेदांग और शास्त्रों में गणित का स्थान सबसे ऊपर है। भारतवर्ष के लिए गर्व की बात यह है कि बारहवीं सदी तक गणित के क्षेत्र में किए गए अधिकतर महत्वपूर्ण कार्य भारतीय गणितज्ञों की खोजों पर ही आधारित थे। लेकिन वर्तमान में स्थितियां बहुत अलग हैं। वर्ष 2009-10 में भारत ने पहली बार आधुनिक अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन में भाग लिया जिसमें गणित के कौशल का भी मूल्यांकन हुआ और इस परीक्षा में तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश के कुछ छात्र पीआईएसए परीक्षा में शामिल हुए। इसमें हमारा प्रदर्शन बहुत खराब रहा। उस परीक्षा में भाग लेने वाले 74 देशों में से 73वें स्थान पर रहे, केवल कजाकिस्तान से आगे रहे। उसके बाद हमने इस परीक्षा में कभी भाग नहीं लिया। इस प्रदर्शन पर बहुत सी टिप्पणियां हुई और परीक्षा के तरीके पर भी प्रश्न चिन्ह लगे, लेकिन वास्तविकता ये है कि विश्व को राह दिखाने वाला भारतवर्ष आज गणित के क्षेत्र में अव्वल नहीं है।

ह्यराष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दूसरे अध्याय : बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञानह्ल में भी इस पहलू पर चिंता जताते हुए कहा गया है कि, ह्यविभिन्न सरकारी, साथ ही गैर सरकारी सर्वेक्षणों से ये संकेत मिलता है कि हम वर्तमान में सीखने की एक गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। वर्तमान में प्राथमिक शिक्षा में बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों ने, जिनकी अनुमानित संख्या 5 करोड़ से अधिक है, बुनियादी संख्या ज्ञान भी नहीं सीखा है। अर्थात ऐसे बच्चों को अंकों के साथ बुनियादी जोड़ और घटाव करने की क्षमता भी नहीं है ह्ल आंकड़ों के अनुसार राष्ट्र के कक्षा 3 के लगभग 72 फीसदी बच्चे सरल घटाव भी नहीं कर सकते और हिमाचल प्रदेश में यह आंकड़ा लगभग 67 फीसदी है। और ये वास्तविकता भी हमें स्वीकार करनी होगी कि नई पीढ़ी का गणित के प्रति रुझान कम होता जा रहा है और जो विज्ञान के अन्य विषयों में कुछ करना चाहते हैं, उनका गणितीय ज्ञान भी कामचलाऊ है। अब प्रश्न ये उठता है कि इस अवनति के कारण क्या हैं? कुछ शिक्षाविद सरकारी नीतियों को इसका जिम्मेवार ठहराते हैं तो कुछ अध्यापकों पर दोषारोपण करते हैं। लेकिन सत्यता ये है कि न तो कभी गणित को गणित की तरह सिखाने का प्रयास हुआ और न ही समाज ने शिक्षार्थी के अवचेतन मन पर इसकी आवश्यकता का सकारात्मक प्रभाव डाला। अगर हम पहले पहलू की बात करें तो हमको ये बात स्वीकार करनी होगी कि गणित में रट्टा नहीं हो सकता, क्योंकि ये एक गतिविधि आधारित विषय है, जिसका उद्देश्य मानव मस्तिष्क का गनीतीकरण करना है, और ऐसे विषय को सीखने के लिए स्वयंसिधम, उचित मार्गदर्शन, उचित गणितीय प्रयोगशाला और नवीनतम शिक्षण सहायक सामग्री का समन्वय जरूरी है। वर्तमान में विद्यालय स्तर पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव इस विषय के शिक्षण के लिए बिल्कुल भी नहीं है, लेकिन शिक्षण में गणितीय प्रयोगशाला और नवीनतम शिक्षण सहायक सामग्री के सामंजस्य को बनाने के लिए शिक्षक ही प्रशिक्षित नहीं है। और इस अभाव का सीधा असर शिक्षार्थी की रुचि को प्रभावित करता है और गणित जैसा विषय उनके लिए एक चुनौती बन जाता है। अगर दूसरे पहलू की बात करें तो समाज में शिक्षार्थी के मन में गणित के प्रति एक ऐसा भय डालने की परम्परा बना ली है कि बाल्यावस्था से ही बच्चे का अवचेतन मन इस विषय में रुचि बनाने को तैयार ही नहीं होता।

## संसद में सब कुछ नया-नया

**-अजीत द्विवेदी-**

भारत में इन दिनों बहुत कुछ नया हो रहा है और बड़ा भी हो रहा है। ग्रैंड स्केल पर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि उन्हें ईश्वर ने ऐसा बनाया है कि वे छोटा सोच ही नहीं सकते हैं। वे जो सोचते हैं, बड़ा सोचते हैं। तभी उनकी सरकार में सब कुछ बड़ा हो रहा है। संसद की नई और बड़ी इमारत बनी। उसके उद्घाटन का कार्यक्रम भी भव्य हुआ और सैंगोल स्थापित किया गया। नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ उसके पहले दिन दशकों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया और उसी सत्र में पास कराया गया। अब एक दिन में सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड भी बना है। साढ़े तीन दशक पुराना रिकॉर्ड टूटा है। इस नए भवन में सत्तापक्ष के एक सांसद ने विपक्षी पार्टी के एक सांसद के ऊपर उसके धर्म को लेकर टिप्पणी की। संसद सत्र के दौरान नई परंपराएं भी कायम हो रही हैं और सदन की कार्यवाही में अनुशासन तो ऐसा बन रहा है कि ईसाई मिशनरी स्कूलों के हेडमास्टर भी उससे सबक सीख सकते हैं। विधायी कामकाज के भी नए तरीके विकसित हो रहे हैं। विधेयक अब संसदीय समितियों को नहीं भेजे जाते हैं, संयुक्त संसदीय समिति नहीं बनती है और प्रवर समिति भी अपवाद है। सरकार के कामकाज को लेकर सीएजी की रिपोर्ट पेश होने का पुराना सिस्टम भी धीरे धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है।सांसदों का निलंबनः नए संसद भवन में शीतकालीन सत्र के 11वें दिन सोमवार, 18 दिसंबर को एक दिन में 78 सांसदों को निलंबित किया गया। निलंबित सांसदों में 33 लोकसभा के और 45 राज्यसभा के सदस्य थे। राज्यसभा के 11 सांसदों का और लोकसभा के तीन सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। समिति को तीन महीने में रिपोर्ट देने को कहा गया है। यानी इन 14 सांसदों का निलंबन कम से कम तीन महीने रहना है। इसका मतलब है कि वे जनवरी के आखिर में शुरू होने वाले 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे। बाकी सदस्यों का निलंबन सत्र के बचे हुए कार्यकाल यानी 22 दिसंबर तक है। सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार को लोकसभा से 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों का कसूर यह था कि वे संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को हुई चूक के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग रहे थे। इसके लिए वे सदन के अंदर तख्तियां लेकर नारेबाजी कर रहे थे। हालांकि यह पहली बार नहीं हो रहा था। विपक्ष में तो सबसे ज्यादा समय तक भाजपा को ही बैठने का अनुभव है और उसके सांसद भी तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते रहे हैं। लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। अब संसदीय परंपरा या लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन अहम नहीं है, अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है।तभी लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता और उप नेता सहित 33 सदस्यों को एक दिन में निलंबित कर दिया गया और अगले दिन 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। उधर राज्यसभा में सबसे बेहतरीन वक्ताओं और संसदीय आचरण वाले सदस्यों सहित 45 लोग निलंबित हुए। इससे पहले 14 दिसंबर को 14 सांसद निलंबित हो चुके थे। सो, निलंबित सांसदों की संख्या 141 हो गई। इससे पहले का रिकॉर्ड 63 सांसदों का था। 1989 में इंदिरा गांधी की हत्या की जांच कर रहे जस्टिस ठक्कर आयोग की रिपोर्ट पेश किए जाने के दिन विपक्षी पार्टियों ने हंगामा किया था और तब 63 लोगों को निलंबित किया गया था। हालांकि उसे लेकर एक दावा यह भी है कि 63 लोगों ने सामूहिक इस्तीफा दिया था, जिसे स्पीकर ने स्वीकार नहीं किया था। उस समय भाजपा को ज्यादा मौका नहीं मिल पाया था क्योंकि तब लोकसभा में उसके सिर्फ दो सांसद थे। पिछली लोकसभा में 2015 में विपक्ष के 25 सदस्यों को एक साथ निलंबित किया गया था। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया था। उसका जवाब देते हुए तब के संसदीय कार्य मंत्री एम वेंकैया नायडू ने 1989 की घटना की मिसाल दी थी और तंज किया था कि सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड किसने बनाया है! अब भगवान का शुक्र है कि वह रिकॉर्ड भी भाजपा के नाम हो गया है।संसद में अभद्र टिप्पणीः नए संसद भवन में हुए पहले ही सत्र में भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के ऊपर बहुत आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने उनके धर्म को लेकर और एक व्यक्ति के तौर पर उनके ऊपर बेहद अपमानजनक टिप्पणी की।

# लोक लुभावन घोषणाओं का भविष्य क्या है?

**-अजीत द्विवेदी-**

पांच राज्यों के चुनाव नतीजों की कई अलग अलग पहलुओं से व्याख्या हो चुकी है। नतीजों से उठा गुबार थमने के बाद सभी मुद्दों और पार्टियों की ओर से किए तमाम राजनीतिक उपायों पर बात हुई है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि लोक लुभावन घोषणाओं का मुद्दा पीछे छूट गया है। पांच राज्यों के चुनाव नतीजों में एक मध्य प्रदेश के छोड़ दें, जहां भाजपा की जीत का श्रेय मुख्य रूप में लाड़ली बहना योजना को दिया जा रहा है तो बाकी चार राज्यों के नतीजों में मुफ्त की चीजें या सेवाएं बांटने की घोषणाओं का असर नहीं देखा जा रहा है। हो सकता है कि हर राज्य में नतीजों पर किसी न किसी स्तर तक इन घोषणाओं या गारंटियों का भी असर हुआ हो लेकिन यह पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि लोक लुभावन घोषणाओं ने नतीजों को बड़े पैमाने पर प्रभावित नहीं किया है। मई में कर्नाटक के चुनाव नतीजों के बाद यह दावा किया गया था कि कांग्रेस की पांच गारंटियों ने उसे चुनावी जीत दिलाई लेकिन यह बात भी आंशिक रूप से ही सही थी। कांग्रेस की जीत के कई राजनीतिक और सामाजिक कारण भी थे।तभी सवाल है कि लोक लुभावन घोषणाओं, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुफ्त की रेवड़ीइ कहा था उसका भविष्य क्या है? आगे भी पार्टियां वैसे ही अनाप-शनाप घोषणाएं करती रहेंगी, जैसी इस साल के चुनावों में की हैं या उनकी रफ्तार धीमी होगी? गौरतलब है कि मुफ्त की रेवड़ीइ की जो राजनीति अभी हो रही है उसका नया दौर अरविंद केजरीवाल ने शुरू किया है। हालांकि पहले भी लोक लुभावन घोषणाएं होती थीं लेकिन बहुत सीमित होती थीं और आमतौर पर चुनाव दूसरे मुद्दों पर लड़ा जाता था। सरकारों के कामकाज, भ्रष्टाचार, मंहगाई के साथ साथ विचारधारा का मुद्दा भी होता था। लेकिन पिछले कुछ बरसों से भाजपा विरोधी पार्टियों के लिए बाकी मुद्दे हाशिए में चले गए हैं और मुफ्त की चीजों की घोषणाएं सबसे मुख्य हो गई हैं। अब ऐसा लग रहा है कि इसमें बदलाव आना शुरू हो रहा है। हालांकि ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक इसे अभी स्वीकार नहीं करेंगे और पार्टियां भी अगले कुछ चुनावों तक मुफ्त की चीजों की घोषणा करती रहेंगी लेकिन यह बहुत स्मार्ट राजनीति नहीं होगी। क्योंकि जो पार्टी इसकी मात्रा घटाएगी और दूसरे मुद्दों को इससे जोड़ेगी उसे फायदा होगा। जैसे इस बार भाजपा ने मुफ्त की चीजों के साथ दूसरे एजेंडे जोड़ कर चुनाव जीते।तभी चुनाव नतीजों के बाद भाजपा मुफ्त की चीजों की घोषणाओं पर अमल की जल्दी में नहीं है। मिसाल के तौर पर मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत 10 दिसंबर को महिलाओं के खाते में साढ़े 12 सौ रुपए की रकम पहुंचनी चाहिए थी। शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर याद भी दिलाया था कि आज 10 तारीख हैइ लेकिन उसके कई दिन बाद भी राज्य सरकार ने महिलाओं के खाते में रकम ट्रांसफर करने की जल्दी नहीं दिखाई। उलटे नई सरकार ने एक आदेश जारी करके कुछ महिला समूहों को इस योजना से बाहर करने की पहल की है। विपक्षी पार्टियां इसकी आलोचना कर रही हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार शिवराज सिंह चौहान की ओर से घोषित योजनाओं की बजाय मोदी की गारंटी पर फोकस कर रही हैं। मोदी ने महिलाओं को सशक्त बना कर लखपति बनाने, उन्हें आवास देने और सस्ता सिलेंडर देने की गारंटी दी थी। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार सिर्फ इसी की बात कर रही है। हालांकि संभव है कि लाड़ली बहना योजना चलती रहे लेकिन रकम बढ़ा कर तीन हजार प्रति महीना तक ले जाने की कोई संभावना नहीं दिख रही है।इसी तरह जिन पांच राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है उनमें सिर्फ एक में इसे आंशिक रूप से लागू किया गया है। हिमाचल प्रदेश में करीब साढ़े पांच सौ कर्मचारियों को आखिरी वेतन के 50 फीसदी के बराबर पेंशन देने की घोषणा हुई है। वहां एक हजार करोड़ का प्रावधन भी किया गया है। लेकिन बाकी चार राज्यों में इस पर अमल नहीं हुआ है। अब दो राज्यों- राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार भी बदल गई है। सो, इन दोनों राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं। वैसे कांग्रेस की सरकार ने भी इसे लागू नहीं किया था। छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार का दावा था कि राज्य के कर्मचारियों का 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा पीएफआरडीए के माध्यम से एनएसडीएल में जमा है। वह लौटाया जाए तभी पुरानी पेंशन योजना शुरू होगी। राजस्थान सरकार का कहना था कि एनपीएस के तहत पेंशन पा रहे कर्मचारियों ने सेवाकाल में एनपीएस से जो पैसे निकाले हैं उसे लौटाएं तभी पुरानी पेशन योजना शुरू होगी। झारखंड सरकार का भी यही तर्क है। पंजाब की आम आदमी पार्टी ने भी पुरानी पेंशन योजना की अधिसूचना जारी कर दी है लेकिन किसी को पैसे नहीं मिल रहे हैं।हालांकि कुछ योजनाओं पर अमल हो गया है। जैसे कई राज्यों में मुफ्त में दो सौ या तीन सौ यूनिट बिजली दी जा रही है। पानी मुफ्त में देने की घोषणा पर अमल हो रहा है। महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की योजना लागू हो गई है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारों ने महिलाओं के खाते में पैसे डालने भी शुरू कर दिए हैं। लेकिन इस तरह की योजनाओं के बगैर भी भाजपा की जीत ने विपक्ष को भी सोचने पर मजबूर किया है। वे भाजपा से लड? के लिए कोई बड़ा नैरेटिव खड़ा करें या मुफ्त की चीजों और सेवाओं की घोषणा पर निर्भर होकर चुनाव लड़ें? उन्हें मुफ्त की चीजों की घोषणाओं के साथ साथ देश या राज्यों की आर्थिक सेहत के बारे में भी लोगों को बताना होगा क्योंकि भाजपा यह मुद्दा बना रही है कि मुफ्त की रेवड़ीइ की वजह से राज्यों की आर्थिक सेहत खराब हो रही है।विपक्ष के नेता आधे अधूरे तरीके से बताते हैं कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बड़े कारोबारियों का 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है और कॉरपोरेट टैक्स में कटौती की है, जिससे बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों को लाखों करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। अगर विपक्ष लोगों को यह यकीन दिलाने का प्रयास करे कि उसकी सरकार बनी तो वह बड़े डिफॉल्टर उद्योगपतियों से वसूली करके आम लोगों को पैसे देगी या सुविधाएं देगी तो उसका बड़ा असर हो सकता है।

NCR समाचार

**संपादकीय कार्यालय**

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

**एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें**

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 6.59 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.24 प्रतिशत |
| मारुति | 2.01 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 1.13 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.98 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.69 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |




## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।




# बैंकों को बड़े दिवालिया मामलों की हर महीने होगी समीक्षा

**नई दिल्ली,** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों को हर महीने शीर्ष 20 दिवालिया मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने दिवालिया मामलों की समीक्षा के लिए कहा है क्योंकि दिवालिया अदालतों में मामलों को स्वीकार करने में देरी होती है। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) के कामकाज की भी समीक्षा करेंगी क्योंकि फँसे कर्ज की वसूली में देरी हो रही है। सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एनएआरसीएल प्रबंधन के साथ बैठक बुलाई थी।

एनएआरसीएल की स्थापना वाणिज्यिक बैंकों की तनावग्रस्त संपत्तियों को संभालने और उनका निपटान करने के लिए की गई थी ताकि उनके बही-खाते साफ हो जाएं और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक धन उपलब्ध हो सके। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पिछले सप्ताह संसद को सूचित किया कि नवंबर 2024 तक एनएआरसीएल ने सितंबर 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्धारित दो लाख करोड़ रुपये के मूल लक्ष्य के मुकाबले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से 11,617 करोड़ रुपये के फँसे हुए ऋण का अधिग्रहण किया है।




मंत्रालय ने कहा, एनएआरसीएल द्वारा अधिग्रहित कुछ खाते आईबीसी के तहत हैं और एनसीएलएटी द्वारा समाधान योजना को मंजूरी मिलने के बाद ही वसूली संभव है। इस प्रकार, शेष खातों में एनएआरसीएल ने 30 नवंबर 2023 तक केवल 16.64 करोड़ रुपये की वसूली की है।

आईबीसी मामलों में भी देरी होती है, जिन्हें न्यायाधिकरणों में दाखिल होने में ही एक साल से अधिक का समय लग जाता है, जबकि समाधान प्रक्रिया 360 दिन की समयसीमा से कहीं अधिक लंबी हो जाती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 2019 से 2023 के बीच पांच वर्षों में सात लाख करोड़ रुपये से अधिक का फंसा कर्ज माफ कर दिया।

इन अटकी संपत्तियों में से 6.5 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 2023 में 94,000 करोड़ रुपये या मात्र 15 प्रतिशत की वसूली की गई है, जिसमें से आधे से अधिक बरामद राशि आईबीसी मार्ग के माध्यम से आई है।

### केंद्र ने राज्यों को कर मद से अतिरिक्त 72,961 करोड़ रुपए जारी किए

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार ने विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचा विकास के वित्तपोषण के लिए राज्य सरकारों को 72,961.21 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त जारी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि यह किस्त 10 जनवरी 2024 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण किस्त और 11 दिसंबर 2023 को पहले ही जारी की गई 72,961.21 करोड़ रुपये की किस्त से अलग है।

## भारतीय स्टार्टअप्स में 35 हजार से ज्यादा नौकरियां गई, 2024 में भी छंटनी रहेगी जारी

**नई दिल्ली,** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। पिछले दो साल में भारतीय स्टार्टअप्स में 35,000 से ज्यादा लोगों ने नौकरी से हाथ धोया हैं, और 2024 में भी नौकरियों में कटौती बेरोकटोक जारी रहने की संभावना है।

2022 में बायजू, ओला, अनएकेडमी, ब्लिंकिट और वाइटहैट जूनियर, स्किल-लिंक, गो मैकेनिक, शेयर चैट और जेस्टमनी जैसे प्लेयर्स के नेतृत्व में भारतीय स्टार्टअप्स ने 18,000 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया। इंक42 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में 17,000 से ज्यादा लोग पहले ही अपनी नौकरियां खो चुके हैं और यह लिस्ट बढ़ती ही जा रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट ने रणनीतिक पुनर्गठन के तहत 200 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के लगभग 15 प्रतिशत को नौकरी से निकाल दिया है।

गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने कर्मचारियों की कुल संख्या 110 में से लगभग 36 प्रतिशत या 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

गूगल समर्थित एडटेक प्लेटफॉर्म अड्डा247 ने विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 250-300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।




- 2022 में भारतीय स्टार्टअप्स ने 18,000 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया
- 2024 में भी नौकरियों में कटौती बेरोकटोक जारी रहने की संभावना

एनट्रैकर ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा, दिसंबर 2021 में कंपनी द्वारा लगभग 20 मिलियन डॉलर में अधिग्रहित यूपीएससी-केंद्रित एडटेक प्लेटफॉर्म स्टडीआईक्यू से लगभग 100 से 150 कर्मचारियों को निकाल दिया गया था।

## जीरो-डे वल्नरेबिलिटी के लिए गूगल ने जारी किया इमरजेंसी पैच

**सैन फ्रांसिस्को,** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। गूगल ने क्रोम जीरो-डे वल्नरेबिलिटी को संबोधित करने के लिए एक इमरजेंसी पैच जारी किया है, जिसमें उन्होंने माना है कि ऐसा हो रहा है। यह साल की शुरुआत के बाद से जारी किया गया आठवां पैच है। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में सुरक्षा सलाह जारी करते हुए लिखा, गूगल को पता है कि सीवीआई-2023-7024 (एक प्रकार का बग) मौजूद है। टेक जांयट ने स्टेबल डेस्कटॉप चैनल में यूजर्स के लिए जीरो-डे की खामी को ठीक कर दिया, गूगल को इसकी सूचना दिए जाने के एक दिन बाद विंडोज यूजर्स (120.0.6099.129/130), मैक और लिनक्स यूजर्स (120.0.6099.129) के लिए पैच किए गए वर्जन ग्लोबल लेवर पर जारी किए गए। बग की खोज और रिपोर्ट गूगल के थ्रेट एनालिसिस ग्रुप (टीएजी) के क्लेमेंट लेसिग्ने और व्लाद स्टोलारोव ने की थी। ब्लीपिंग कंप्यूटर के अनुसार, टीएजी सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स का एक ग्रुप है, जिसका प्राथमिक लक्ष्य गूगल कस्टमर्स को स्टेट-स्पांसर्ड अटैक से बचाना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मोजिला फायरफॉक्स, सफारी और माइक्रोसॉफ्ट एज सहित कई वेब ब्राउजर रीयल-टाइम टाइम कम्युनिकेशंस (आरटीसी) क्षमताओं (जैसे, वीडियो स्ट्रीमिंग, फाइल शेयरिंग और वीओआईपी टेलीफोनी) प्रदान करने के लिए जावा स्क्रिप्ट एपीआई का उपयोग करते हैं। गूगल ने कहा, बग डिटेल्स और लिंक तक एक्सेस तब तक प्रतिबंधित रखा जा सकता है, जब तक कि अधिकांश यूजर्स को समाधान के साथ अपडेट नहीं किया जाता है।

## 'वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों को विकासशील देशों के प्रति निष्पक्ष होना चाहिए'

**नई दिल्ली,** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। फिच, मूडीज और एसएंडपी जैसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों को अपनी सॉवरेन रेटिंग प्रक्रिया में सुधार करने की जरूरत है, जो भारत जैसे विकासशील देशों के खिलाफ भारी है, इसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त फंडिंग लागत अरबों डॉलर में चल रही है। यह बात सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार, वी अनंत नागेश्वरन ने कही है। सीईए के कार्यालय द्वारा प्रकाशित री-एग्जामिनिंग नैरेटिव्स- ए कलेक्शन ऑफ एसेज नामक दस्तावेज़ में, नागेश्वरन ने कहा कि गैर-पारदर्शी और व्यक्तिपरक गुणात्मक कारकों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण क्रेडिट रेटिंग पद्धतियों में अपारदर्शिता भी बढ़ती है। बैंडवैगन प्रभाव और संज्ञानात्मक पूर्वाग्रह विभिन्न अध्ययनों में व्यापक रूप से परिलक्षित होते हैं, इससे क्रेडिट रेटिंग की विश्वसनीयता के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा, क्रेडिट रेटिंग में बढ़ी हुई पारदर्शिता कठिन डेटा के उपयोग को मजबूर कर सकती है और इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में संप्रभु लोगों के लिए क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड हो सकती है।



नागेश्वरन ने कहा, इससे उन्हें निजी पूंजी तक पहुंचने में मदद मिलेगी, जिसे जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने और ऊर्जा परिवर्तन का समर्थन करने में जी-20 द्वारा केंद्रीय भूमिका सौंपी गई है। नागेश्वरन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सरकार देश के मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के आधार पर भारत की क्रेडिट रेटिंग में सुधार की मांग कर रही है। इस मुद्दे को फिच रेटिंग्स, मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में उठाया गया है। सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग सरकार की कर्ज चुकाने की क्षमता का माप है और कम रेटिंग क्रेडिट पर डिफ़ॉल्ट के उच्च जोखिम को इंगित करती है। सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग ब्याज दर और उस आसानी को निर्धारित करती है, जिसके साथ किसी देश की सरकारें और कॉर्पोरेट वैश्विक बाजार से धन जुटा सकते हैं। रेटिंग एजेंसियां किसी देश को रेटिंग देने के लिए विकास दर, मुद्रास्फीति, सरकारी ऋण, अल्पकालिक विदेशी ऋण और राजनीतिक स्थिरता जैसे विभिन्न मापदंडों का उपयोग करती हैं। नागेश्वरन ने कहा, रेटिंग पर उनका प्रभाव गैर-तुच्छ है क्योंकि इसका तात्पर्य यह है कि क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड हासिल करने के लिए, विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को मनमाने संकेतकों के साथ प्रगति प्रदर्शित करनी होगी, साथ ही रेटिंग में होने वाले भेदभाव से भी जूझना होगा।

### सार संक्षेप

#### विदेशी मुद्रा भंडार 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ता हुआ 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.82 अरब डॉलर बढ़कर 606.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 8.35 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 545.05 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 44.6 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 47.58 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.32 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 18.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.02 अरब डॉलर हो गई।

#### खाद्य तेल आयात पर कस्टम में कटौती एक साल बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए खाद्य तेल के आयात पर लागू सीमा शुल्क में कटौती को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने इस साल जून में कच्चे पाम तेल, कच्चे सूरजमुखी तेल और कच्चे सोया तेल पर कस्टम मार्च 2024 तक 17.5 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया था। इनकी कीमतें नियंत्रण से बाहर हो रही थीं। अब इसे मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है। भारत दुनिया में खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक देश है। यह अपनी 60 प्रतिशत आवश्यकता आयात से पूरी करता है। देश मुख्य रूप से इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से पाम तेल खरीदता है जबकि यह अर्जेंटीना और ब्राजील से सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का आयात करता है।

#### इनकम टैक्स छापे के बाद पॉलीकैब इंडिया के शेयरों में गिरावट


**मुंबई।** देशभर में पॉलीकैब इंडिया कंपनी के 50 परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी की खबरों के बाद इसके शेयरों में शुक्रवार को करीब 5 फीसदी की गिरावट आई। संदिग्ध टैक्स चोरी के लिए की जा रही छापेमारी में फर्म के शीर्ष प्रबंधन के आवासों और दफ्तरों की भी तलाशी ली जा रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर पॉलीकैब के शेयर 5.04 प्रतिशत गिरकर 5,335 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। बीएसई पर शेयर 5,404 रुपये पर आ गया। यह कंपनी के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस साल इसके शेयर की कीमत दोगुनी हो गई थी। पॉलीकैब इंडिया अन्य बिजली के सामानों के अलावा तार और केबल भी बनाती और बेचती है। कंपनी का परिचालन 23 विनिर्माण सुविधाओं, 15 से अधिक कार्यालयों और 25 से अधिक गोदामों के साथ पूरे देश में फैला हुआ है। कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 436.89 करोड़ के समेकित शुद्ध लाभ की घोषणा की थी।

# शेयर बाजार में तेजी जारी

**मुंबई** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, आईटी, टेक और धातु समेत अठारह समूहों में हुई लिवाली कि बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 241.86 अंक की तेजी के साथ 71 हजार अंक एक मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 71,106.96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 94.35 अंक चढ़कर 21,349.40 अंक हो गया। इस तरह बीएसई का मिडकैप 0.74 प्रतिशत उछलकर 35,882.68 अंक और स्मॉलकैप 1.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,001.75 अंक रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3883 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2436 में लिवाली जबकि 1323 में बिकवाली हुई वहीं 124 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि 12 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.93, सीडी 1.18, ऊर्जा 0.96, एफएमसीजी 0.59, हेल्थकेयर 1.25, इंडस्ट्रियल्स 1.14, आईटी 1.93, दूरसंचार 0.95, यूटिलिटीज 0.17, ऑटो 1.37, कैपिटल गुड्स 1.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.95, धातु 1.92, तेल एवं गैस 0.91, पावर 0.17, रियल्टी 2.52, टेक 1.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.64 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.08 और जापान का निक्केई 0.09 प्रतिशत बढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.12, हांगकांग का हैंगसेंग 1.69 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.13 प्रतिशत गिर गया।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 182 अंक की तेजी के साथ 71,045.65 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत दोपहर से पहले 71,259.55 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 70,713.56 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 70,865.10 अंक के मुकाबले 0.34 प्रतिशत बढ़कर 71,106.96 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 41 अंक मजबूत होकर 21,295.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,390.50 अंक के उच्चतम जबकि 21,232.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,255.05 अंक की तुलना में 0.44 प्रतिशत चढ़कर 21,349.40 अंक रहा। इस दौरान सेंसेक्स कि मुनाफा कमाने वैली कंपनियों में विप्रो 6.59, एचसीएल टेक 2.83, टाटा मोटर्स 2.24, मारुति 2.01, टेक महिंद्रा 1.96, टाटा स्टील 1.91, इंफ़ोसिस 1.68, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.54, एलटी 1.49, एशियन पेंट 1.24, टाइटन 1.19, भारती एयरटेल 1.11, नेस्ले इंडिया 0.98, टीसीएस 0.95, सन फार्मा 0.92, हिंदुस्तान यूनिलियर 0.85आईटीसी 0.85, कोटक बैंक 0.44, बजाज फिनसर्व 0.18, एनटीपीसी 0.17, अल्ट्रासिमको 0.11 और रिलाइंस 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एसबीआई 1.13, बजाज फाइनेंस 1.00, आईसीआईसीआई बैंक 0.98, एचडीएफसी बैंक 0.93, एक्सिस बैंक 0.69, इंडसइंड बैंक 0.50, पावरग्रिड 0.28 महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

## दिल्ली, हैदराबाद में वाहन चार्जिंग सुविधा विकास के लिए सिडबी से ईटीओ मोटर्स को 12.45 करोड़ रुपए

हैदराबाद, 22 दिसंबर (एजेंसियां)। सरकारी क्षेत्र के भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने हैदराबाद और दिल्ली में 300 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए कुल 300 चार्जिंग स्टेनों के विकास के लिए 12.45 करोड़ रुपये प्रदान किए है।



कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस सहायता से ईटीओ मोटर्स ईवी चार्जिंग अवसंरचना का नियोजन एवं निर्माण करेगी। सिडबी ने ईटीओ मोटर्स को अपने मिशन 50के-ईवी4ईसीओ के तहत यह वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस मिशन का उद्देश्य भारत में ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किफायती वित्तपोषण तक पहुंच प्रदान करना और बैटरी स्वैपिंग सहित चार्जिंग अवसंरचना का विकास करना है।

वर्तमान में, ईटीओ मोटर्स यात्रियों की पहली एवं आखिरी मीलकी संपर्कता के लिए दिल्ली मेट्रो, नागपुर मेट्रो, हैदराबाद मेट्रो और पुणे मेट्रो जैसी मेट्रो रेल के साथ साझेदारी करता है। ईटीओ मोटर्स 1,500 से अधिक ई3डब्ल्यू (पैसेंजर + कार्गो) का प्रबंधन करती है और इसके 1,500 से अधिक ड्राइवर हैं, जिनमें 200 महिला ड्राइवर भी शामिल हैं।

# खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों टिकाव रहा जबकि दाल-दलहन और मीठे में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 3674 रिंगिट प्रति टन पर स्थिर रहा। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की बढ़त लेकर 49.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान उड़द दाल 200 रुपये और मसूर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल महँगी हो गई। वहीं, चना, दाल चना और मूंग दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## सरकार के दबाव के बीच भारतीय एआई स्टार्टअप ने नवाचार को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली,** 22 दिसंबर (एजेंसियां)। जैसे-जैसे भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए फंडिंग की कमी हो रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विस्फोट ने देश में उद्यमियों और संस्थापकों को नई संजीवनी दी है, क्योंकि केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र के समर्थन बढ़ाया है।

परिणामस्वरूप, घरेलू जेनेरेटिव एआई स्टार्टअप %सर्वम एआई% ने लाइटस्पीड के नेतृत्व में और पीक एक्सवी पार्टनर्स और विनोद खोसला द्वारा संचालित खोसला वेंचर्स द्वारा समर्थित सीरीज ए राउंड में इस महीने की शुरुआत में 4.1 करोड़ डॉलर जुटाए, जो इस स्तर पर किसी भारतीय एआई स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। रिपोर्टों के अनुसार, देश 70 से अधिक जेनएआई स्टार्टअप हैं, जिन्होंने अब तक 44 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए हैं।

विवेक राघवन और प्रत्यूष कुमार द्वारा स्थापित, सर्वम एआई ने जनरेटिव एआई के लिए फुल-स्टैक विकसित करने की योजना बनाई है, जिसमें कस्टम एआई मॉडल के प्रशिक्षण में अनुसंधान-आधारित नवाचारों से लेकर लेखन और तैनाती के लिए एंटरप्राइज-ग्रेड प्लेटफॉर्म तक शामिल है। सर्वम एआई भारतीय भाषाओं और वॉयस-फर्स्ट इंटरफेस के विविध सेट का समर्थन करने के लिए एआई मॉडल को प्रशिक्षित करेगा। कंपनी भारतीय उद्यमों के साथ उनके डेटा पर डोमेन-विशिष्ट एआई मॉडल बनाने के लिए भी काम करेगी।



एआई स्टार्टअप का लक्ष्य विशेष रूप से सार्वजनिक-अच्छे अनुप्रयोगों के लिए अत्यधिक सफल भारत स्टैक के शीर्ष पर जेनएआई को जनसंख्या-स्तर पर प्रभाव पैदा करना है। राघवन ने कहा, भारत ने प्रदर्शित किया है कि वह प्रौद्योगिकी का अलग तरीके से उपयोग कर सकता है, और जेनएआई के साथ हमारे पास फिर से कल्पना करने का अवसर है कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कैसे बेहतर बना सकती है।

कुमार ने कहा, अधिक शक्तिशाली एआई की ओर दौड़ रोमांचक और विभाजनकारी दोनों है। हमने अपनी कंपनी का नाम सर्वम रखा, जिसका संस्कृत में अर्थ है सभी, क्योंकि हम जानबूझकर तकनीकी और पारिस्थितिकी तंत्र नवाचारों में निवेश कर रहे हैं जो इस तकनीक को सभी के लिए सुलभ बनाते हैं। पिछले सप्ताह, सूचना प्रौद्योगिकी और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा था कि सरकार देश में एआई स्टार्टअप को फंड और समर्थन देने की योजना बना रही है। सरकार मूलभूत एआई मॉडल, बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और उभरती हुई प्रौद्योगिकी के लिए विभिन्न उपयोग के मामलों के निर्माण के लिए वित्तीय संसाधन भी तैनात करेगी।

वैश्विक स्तर पर, जेनएआई स्टार्टअप्स ने 2023 में उद्यम पूंजी में 10 अरब डॉलर जुटाए, जो 2021 की तुलना में 110 प्रतिशत की भारी वृद्धि है। पिछले कुछ वर्षों में स्टार्टअप फंडिंग में मंदी, जिसे स्टार्टअप विंटर कहा जाता है, बढ़ती ब्याज दरों, मंदी के जोखिमों और समग्र रूप से कठिन मैक्रो वातावरण के कारण प्रेरित थी। ग्लोबलडेटा में वित्तीय बाजार टीम के निदेशक सीएफए आदर्श जैन ने कहा, इन चुनौतियों के बावजूद, जेनएआई स्टार्टअप द्वारा रिकॉर्ड रकम जुटाना प्रौद्योगिकी की सफलता की प्रकृति, इसकी व्यापक प्रयोज्यता और पूरे क्षेत्रों और उद्योगों को बदलने की इसकी शक्ति को रेखांकित करता है।

## एक नजर

### उंगली में फ्रैक्चर के कारण एनसीए जाएंगे रितुराज

**मुंबई,(एजेंसी)।** भारत के शीर्षक्रम बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर अपनी उंगली में फ्रैक्चर के कारण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में जाएंगे, जबकि हर्षित राणा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले भारत ए की टीम से बाहर हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार को बताया कि सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ दायें हाथ की अनामिका उंगली में फ्रैक्चर के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं।

### बजरंग के बाद गूंगा पहलवान भी लौटाएंगे पद्मश्री पुरस्कार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** बजरंग पूनिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटाने के एक दिन बाद 2005 ग्रीष्मकालीन डिफ्लंपिक्स (मूक बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि वह भी बृज भूषण सिंह के करीबी सहयोगी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने विरोध में पद्मश्री पुरस्कार लौटाएंगे। वीरेंद्र सिंह यादव, जिन्हें गूंगा पहलवान के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें 2021 में प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार मिला।

### शुक्ला भारतीय अंडर- 19 महिला टीम की कोच नियुक्त

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में खेली जाने वाली सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति की बैठक शनिवार को यह फैसला किया गया।

### भारतीय डेविस कप टीम को जाना होगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) पंचाट (ट्रिब्यूनल) ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) की उस दलील को खारिज कर दिया है कि उसकी डेविस कप टीम को इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के दौरान सुरक्षा चिंताओं का सामना करना पड़ सकता है। आईटीएफ पंचाट के इस फैसले से 60 साल में किसी भारतीय टेनिस टीम के लिए पहली बार पाकिस्तान के दौरे का रास्ता साफ हो गया। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान की यात्रा करने में विफल रहती है तो मेजबान देश को इस टाई का विजेता घोषित कर दिया जायेगा। इससे भारतीय टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक जाएगी। भारत की डेविस कप टीम ने पिछली बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था जब उसने मेजबान टीम को 4-0 से हराया था।

### अमेरिका के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा भारत

**रांची,(एजेंसी)।** झारखंड की राजधानी रांची में 13 से 19 जनवरी से खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की महिला टीम की पहली भिड़ंत अमेरिका से होगी। भारतीय टीम पूल बी में अपना अगला मैच 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के साथ खेलेगी जबकि 16 जनवरी को उसका मुकाबला इटली से होगा। पेरिस ओलंपिक 2024 में जगह बनाने के लिये भारतीय टीम इन दिनो आगामी प्रतियोगिता के लिए जम कर पसीना बहा रही है। आक्रामक खेल शैली के मशहूर भारत की शीर्ष मिडफील्डर सलीमा टेटे रांची में अपने घरेलू टर्फ पर खेलने के लिए उत्साहित हैं। उनका लक्ष्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराना है। सलीमा टेटे ने कहा, रांची लौटना हमेशा एक घर वापसी जैसा लगता है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं हार्दिक




## आईपीएल में खेलना भी मुश्किल

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** वनडे वर्ल्डकप 2023 के शुरुआती मैचों के दौरान चोटिल हुए भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर बैठ सकते हैं, इतना ही नहीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 तक भी उनकी वापसी मुश्किल ही नजर आ रही है।

हार्दिक वर्ल्ड कप 2023 में चोटिल होने के बाद से ही क्रिकेट के मैदान से दूर चल रहे हैं। वह वर्ल्डकप और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज और फिर दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहे। हालांकि उम्मीद की जा रही थी कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज तक फिट हो जाएंगे, लेकिन इसकी उम्मीद कम ही नजर आ रही है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि टखने की चोट से परेशान हार्दिक की फिटनेस को लेकर अब तक कोई अपडेट नहीं है और यह भी साफ नहीं है कि वह कब तक फिट हो पाएंगे। ऐसे में उनका मार्च-अप्रैल और मई में प्रस्तावित आईपीएल 2024 में खेलने पर भी सवालिया निशान बन गया है। अफगानिस्तान तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज 11 से 17 जनवरी के बीच भारत में ही खेली जानी है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले यह टीम इंडिया की आखिरी टी20 इंटरनेशनल सीरीज होने वाली है। हार्दिक की गैर मौजूदगी में टी20 इंटरनेशनल टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर रहे हैं। साउथ अफ्रीका सीरीज के दौरान सूर्यकुमार यादव भी चोटिल हो गए थे और उनका भी अफगानिस्तान सीरीज तक पूरी तरह फिट होना मुश्किल है, ऐसे में वह भी अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज से आउट हो सकते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा की टी20 इंटरनेशनल टीम में वापसी होगी कि नहीं इस पर भी सस्पेंस बना हुआ है। हार्दिक पांड्या 2022, 2023 में आईपीएल में गुजरात टाइटस की ओर से खेले थे, लेकिन इस सीजन के लिए उनको मुंबई इंडियंस ने ऑल कैश डील कर गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया है।

## हार्दिक की चोट ने बढ़ाई मुंबई इंडियंस की टेंशन

आईपीएल 2024 के लिए हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी हुई है और उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान घोषित किया गया है। अब इन सबके बीच हार्दिक की फिटनेस रिपोर्ट टीम इंडिया के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के लिए बड़े झटके से कम नहीं है। अगर हार्दिक आईपीएल 2024 में अपनी फिटनेस इशू की वजह से हिस्सा नहीं कर पाते हैं तो फिर सवाल यह है कि उनकी अनुपस्थिति में कौन इस टीम की कप्तानी करेगा। रोहित शर्मा को इस टीम ने कप्तानी के पद से हटा दिया था और फिर हार्दिक को कप्तान बनाया गया था। ऐसी स्थिति में क्या रोहित शर्मा कप्तानी करने के लिए तैयार होंगे या फिर यह टीम किसी अन्य खिलाड़ी की तरफ रुख करेगी। वैसे मुंबई के पास सूर्यकुमार यादव भी हैं जो टीम की कप्तानी कर सकते हैं।

## आगामी टी20 विश्वकप में कौन होगा टीम इंडिया का कप्तान?

सबसे बड़ी समस्या यह है कि आईपीएल के तुरंत बाद टी20 विश्वकप होना है। आईपीएल को ही टीम चयन का आधार माना जा रहा है। उसमें न खेलते हुए फिर सीधे विश्वकप में वापसी करना भी टीम इंडिया के लिए घातक साबित हो सकता है। हार्दिक पिछले एक साल से टी-20 फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा था कि वह आगामी टी20 विश्वकप में भी कप्तानी करते दिखेंगे। मुंबई के कप्तान नियुक्त होने के बाद से इस बात की पूरी संभावना थी। हालांकि, अब इस बात पर भी संदेह पैदा हो गया है कि आगामी टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की कप्तानी कौन करेगा। हार्दिक की गैरमौजूदगी में सूर्यकुमार यादव पिछले दो टी20 सीरीज से टीम इंडिया की कमान संभाल रहे हैं। हालांकि, सूर्या भी दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर चोटिल हो गए थे और अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में किसी नए कप्तान की नियुक्ति हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रवींद्र जडेजा टी20 सीरीज में उपकप्तान थे। ऐसे में उन्हें कप्तानी सौंपी जा सकती है। जून में टी20 विश्वकप से पहले भारत की यह आखिरी टी20 सीरीज होगी।

# भारत ने कंगारुओं पर कसा शिकंजा

## एकमात्र टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 233 रन पर गंवाए 5 विकेट, 46 रन की मामूली बढ़त ली




**मुंबई,(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे एकमात्र महिला टेस्ट मैच के तीसरे तीन भी भारत का दबदबा देखने को मिला। तीसरे दिन भारतीय टीम ने पहली पारी में 406 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में पांच झटके दे दिए हैं। भारत को पहली पारी के आधार पर 187 रनों की बढ़त मिली।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 5 विकेट खोकर 233 रन बना लिए हैं। एनाबेल सदरलैंड (12) और एश्ले गार्डनर (7) क्रीज पर मौजूद हैं। तालिया मैकग्रा (73) के साथ एलिस पेरी (45) और कप्तान एलिसा हीली (32) की उपयोगी भागीदारियों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले भारत ने 376/7 से आगे खेलते हुए 406 रन पर सभी विकेट खो दिए। भारत का ये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में बेस्ट स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 219 रन बनाए थे।

### मूनी ने भारत को गिफ्ट में दिया अपना विकेट

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की सबसे अनुभवी बैटर बेथ मूनी (23 रन) जिस तरह से रनआउट होकर पवेलियन लौटीं, उससे भारतीय टीम की स्थिति और ज्यादा मजबूत हो गई। मैच के तीसरे दिन मूनी भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाने की पूरी कोशिश की। 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर स्नेह राणा गेंदबाजी कर रही थीं और स्ट्राइक पर मूनी थीं। मूनी ने गेंद को डिफेंस करते हुए सिली पॉइंट पर पुश किया, जहां ऋचा घोष तैनात थीं। इस शॉट को खेलते हुए वह क्रीज से बाहर आईं और ऋचा घोष ने गेंद हाथ में आते ही स्टंप की ओर फेंक दी। एक बार को ऐसा लगा कि मूनी का ब्रेन फेड हो गया था और उन्हें समझ ही नहीं आया कि उन्हें क्रीज के अंदर वापस पहुंचना है। ऋचा ने बिना किसी गलती के गेंद स्टंप पर दे मारी और बहुत ही अटपटे और मूर्खताभरे अंदाज में मूने ने अपना विकेट भारत को गिफ्ट कर दिया।

### स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया महिला: पहली पारी 219/10**

| भारत महिला पहली पारी (376/7 रन से आगे) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| दीप्ति शर्मा बो. गार्थ | 78 | 171 | 9/0 |
| पूजा कै. गार्थ बो. सदरलैंड | 47 | 126 | 7/0 |
| रेणुका कै. गार्डनर बो. सदरलैंड | 08 | 09 | 2/0 |
| राजेश्वरी गायकवाड़ नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 24, **कुल:** 126.3 ओवर में 406 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-90, 2-140, 3-147, 4-260, 5-261, 6-265, 7-274, 8-396, 9-402, 10-406, **गेंदबाजी:** लॉरेन चीटल 9-3-23-0, किम गार्थ 14-2-58-2, एलिस पेरी 4-0-31-0, एश्ली गार्डनर 41-7-100-4, जेस जॉनासन 18-4-42-1, ऐनाबेल सदरलैंड 11.3-2-41-2, अलाना किंग 19-1-69-0, तालिया मैक्ग्रा 10-2-22-0.

| ऑस्ट्रेलिया महिला दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| बेथ मूनी रनआउट | 33 | 37 | 7/0 |
| फीबी लिचफील्ड बो. राणा | 18 | 44 | 2/0 |
| एलिस पेरी कै. भाटिया बो. राणा | 45 | 91 | 5/0 |
| तालिया मैक्ग्रा बो. कौर | 73 | 177 | 10/0 |
| एलिसा हीली पगबाधा कौर | 32 | 101 | 1/0 |
| ऐनाबेल सदरलैंड नाबाद | 12 | 67 | 1/0 |
| एश्ली गार्डनर नाबाद | 07 | 23 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 13, **कुल:** 90 ओवर में 5 विकेट पर 233 रन, **विकेट पतन:** 1-49, 2-56, 3-140, 4-206, 5-221, **गेंदबाजी:** रेणुका सिंह 8-3-22-0, पूजा वस्त्राकर 8-0-36-0, स्नेह राणा 17-3-54-2, दीप्ति शर्मा 19-5-30-0, राजेश्वरी गायकवाड़ 27-10-42-0, जेमिमाह रॉड्रिग्स 2-0-13-0 हरमनप्रीत कौर 9-0-23-2.

"हैरी दी (हरमनप्रीत) के हाथों में जादू है। वह जब भी गेंदबाजी करने के लिए आती है तब विकेट जरूर हासिल करती है। वह हमेशा गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहती है। हर कोई गेंदबाजी कर रहा था लेकिन हमें एक जादुई गेंदबाज की जरूरत थी जो विकेट ले सके क्योंकि उनकी साझेदारी लंबी खिंच गई थी। इससे हम लय हासिल करने में भी सफल रहे।"

**दीप्ति शर्मा**, भारतीय ऑलराउंडर

# बांग्लादेश ने मैच व कीवियों ने जीती एकदिवसीय सीरीज

## अंतिम मैच में न्यूजीलैंड की 9 विकेट से करारी हार




**नेपियर,(एजेंसी)।** शोरिफुल इस्लाम (22 रन पर तीन विकेट), मैन ऑफ द मैच तंजीम हसन साकिब (14 रन पर तीन विकेट) और सौम्य सरकार (18 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को सीरीज का तीसरा और अंतिम वनडे एकतरफा अंदाज में 209 गेंद शेष रहते नौ विकेट से जीत कर न्यूजीलैंड के क्वीन स्वीप के इरादे को विफल कर दिया।

इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। विल यंग को मैन आफ द सीरीज के सम्मान से नवाजा गया। मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.4 ओवर में 98 रन बनाए। मात्र 99 रन के विजय लक्ष्य को बांग्लादेश ने एक विकेट खोकर 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के लिए विल यंग (26) ने अपनी टीम के लिए बल्ले से सर्वाधिक योगदान दिया। न्यूजीलैंड के छह खिलाड़ी तो अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक भी पहुंचाने में असफल रहे। जवाबी लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिए अनामुल हक (37) और कप्तान नजमुल शांतो (51) ने तेज रफ्तार से 69 रन जोड़ कर जीत की ओर कदम बढ़ा दिए। इसके बाद नए बल्लेबाज लिटन कुमार दास (एक नाबाद) ने कप्तान के साथ मिलकर जीत की औपचारिकता को निभाया।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में खेले जाने वाले पहले टेस्ट पर बारिश का साया

**सेंचुरियन,(एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से खेले जाने वाले पहले टेस्ट पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच का तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होने की उम्मीद है जिससे बल्लेबाजों को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

सेंचुरियन के क्यूरेटर ब्रायन ब्लॉय ने कहा कि टेस्ट के शुरूआती दिन और दूसरे दिन के ज्यादातर हिस्से में खेल की संभावना बहुत कम है तथा भारी बारिश के कारण तापमान में गिरावट होगी जिससे स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ब्लॉय ने कहा, तापमान काफी कम होगा जैसे 20 डिग्री। अभी तापमान 34 डिग्री है और यह गिरकर 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मैं नहीं जानता कि हालात कैसे होंगे कि हमें पहले दिन खेलने को मिलेगा या नहीं। उन्होंने कहा, उम्मीद करता हूं कि कुछ खेल हो और तीसरे दिन यह ठीक रहेगा लेकिन मुझे नहीं पता कि पिच पर कितना टर्न होगा। पहला टेस्ट शुरू होगा। ब्लॉय ने कहा कि अगर पिच कवर रहेगी तो पहले बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, मैं मौसम की भविष्यवाणी की गारंटी नहीं ले सकता लेकिन अगर पिच दो दिन में ज्यादातर समय ढकी रहेगी तो पहले बल्लेबाजी करना थोड़ा पेचीदा हो सकता है क्योंकि यह काफी लंबे समय तक ढकी रहेगी और हमें नहीं पता कि मौजूदा स्थिति में यह कितने समय में खेलने के लिए तैयार होगी। उन्होंने कहा, अगर तीसरे दिन खेल सुबह 10 बजे शुरू होगा तो हमें ज्यादा समय नहीं मिलेगा।



## मैनचेस्टर सिटी ने जीता क्लब विश्वकप खिताब

**जेद्दा,(एजेंसी)।** मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकेंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा। फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट में टीम का तीसरा गोल किया।




अल्वारोज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्वकप खिताब अपनी झोली में डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण में 16वीं ट्रॉफी दिलाई। मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैम्पियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है। इस जीत से पेप गुआर्डियोला तीन विभिन्न टीमों के साथ क्ल विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 में बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्रॉफी दिलाई थी।

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने महिला कबड्डी में खिलाए फर्जी खिलाड़ी

**भोपाल,(खेसं)।** महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा आयोजित हो रही पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभा करने गई अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की टीम की पांच खिलाड़ी कृतिका, रिशिता चंदेल, किरण ठाकुर, सिमरन कपाड़िया और अंकिता सिंह फर्जी निकली। इसमें से तीन खिलाड़ी गवर्नमेंट कॉलेज नरोजाबाद और दो खिलाड़ी मॉडल साइंस गवर्नमेंट कॉलेज रीवा की पकड़ी गई है। यह फर्जीवाड़ा एमपी ऑनलाइन से स्कैनर द्वारा चेक करने पर सामने आया पांच मे सें तीन खिलाड़ियों का एक ही आईडी में एडमिशन दिख था है और दो खिलाड़ियों की फीस रसीद में छेड़छाड़ किया गया बता जा रहा है यानी कि जानबूझकर इस तरीके से खिलाड़ियों के फर्जी प्रवेश दिखाकर टीम बनाकर भेजी गई। मजेदार बात यह है कि तीन फर्जी खिलाड़ी जी कॉलेज की है टीम के कोच विजय सिंह भी उसी कॉलेज में अतिथि विद्वान के रूप में स्पोर्ट्स ऑफिसर है और दो की फीस रसीद मे छेड़छाड़ कर के लाया गया पकड़ मे आया है दो मैच जीतने के बाद आज रीवा की टीम को डिबार कर दिया गया सुना गया है कि इंदौर में हुई पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में भी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुछ खिलाड़ी फर्जी निकले थे यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है की फर्जी खिलाड़ियों को खिलाकर टीम को विजयी बनाने का कुचक्र चलाया गया ज्ञात होगी अभी कुछ महीने पहले ही अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग में बड़े विवादित तरीके से एक सबसे कम योग्यता रखने वाले व्यक्ति को डायरेक्टर के पद पर चयनित कर दिया गया है।

## सीबीएसई नेशनल हॉकी 26 दिसंबर से

**भोपाल,(खेसं)।** श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल हॉकी अंडर-19 (बॉयज एवं गर्ल्स) प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 दिसंबर से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ) खेल मैदान पर किया जाएगा। जिसमें संपूर्ण भारत देश के साथ-साथ गल्फ देश के सीबीएसई स्कूलों की 30 टीमें भी भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां अंतिम चरणों पर है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 25 दिसंबर को शाम 4:00 बजे श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल खेल मैदान पर किया जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले लीग कम नॉकआउट आधार पर डे के साथ साथ नाइट (दूधिया रोशनी) में भी खेले जाएंगे।

## मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जेपी यादव के शतक से जीता आईपीसीए

**भोपाल,(खेसं)।** स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित 7वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जेपी यादव के शानदार शतक की बदौलत आईपीसीए ने हमीदिया स्पोर्ट्स को 56 रन से हराया। हमीदिया स्पोर्ट्स के खिलाफ आईपीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में बगैर विकेट खोए 215 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेपी यादव ने नाबाद 112 रन और अब्दुल अकील ने नाबाद 79 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलते हुए हमीदिया स्पोर्ट्स की टीम 20 ओवर में 159 रन ही बना सकी। जिसमें ओसाफ ने संघर्षपूर्ण 59 रन, इसा ने 30 और नारायण शर्मा ने 26 रन का योगदान दिया। आईपीसीए की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जामरान ने तीन, मुश्ताक और सरगम ने एक-एक विकेट लिया। जेपी यादव को शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## मध्य प्रदेश हैंडबॉल संघ के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**भोपाल,(खेसं)।** मध्य प्रदेश हैंडबॉल संघ भोपाल के खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश पुलिस के स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रदीप पांडे से भेंट की। पांडे जी ने भोपाल संघ के खिलाड़ियों को सत्र 2023 में अर्जित की सफलताओं के लिए सम्मानित किया, और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। हाल ही में आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय -17 बालक वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता में भोपाल संभाग उपविजेता रहा। भोपाल संभाग टीम प्रतियोगिता के फाइनल में मेजबान ग्वालियर संभाग की टीम से पराजित हुई। भोपाल टीम के शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता रहने पर भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णा घाड़गे, सचिव संदीप राव, मध्यप्रदेश पुलिस टीम के प्रशिक्षक भरत पांडे ने टीम को भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## वीर नर्मदा, राष्ट्र संत तुडोजी, महाराज कृष्ण कुमार व मुंबई यूनिवर्सिटी सेमीफाइनल में

**भोपाल,(खेसं)।** वीर नर्मदा साउथ गुजरात, राष्ट्र संत तुडोजी नागपुर, महाराज कृष्ण कुमार सिंह और मुंबई यूनिवर्सिटी ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वधान में आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस मेंस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आईईएस यूनिवर्सिटी में खेले जा रहे टूर्नामेंट में शनिवार को प्री क्वॉर्टर एवं क्वार्टर फाइनल के मुकाबले खेले गए। प्री क्वार्टर फाइनल में राष्ट्र संत तुडोजी नागपुर यूनिवर्सिटी ने स्वामी रमानन्द तीर्थ मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी को 3-0 से, महाराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी ने महाराष्ट्र स्वस्थ विज्ञान यूनिवर्सिटी 3-1 से व महाराज कृष्ण कुमार सिंह ने महाराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वॉर्टर फाइनल मुकाबलों में वीर नर्मदा साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी ने सूरत यूनिवर्सिटी को 3-1 से, राष्ट्र संत तुडोजी नागपुर यूनिवर्सिटी ने सेज यूनिवर्सिटी को 3-0 से, महाराज कृष्ण कुमार सिंह यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई पुणे यूनिवर्सिटी को 3-2 से व मुंबई यूनिवर्सिटी ने शिवाजी यूनिवर्सिटी कोलहापुर को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 24 दिसम्बर को टूर्नामेंट में सेमीफाइनल एवं फाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा एवं महाराष्ट्र से 65 टीमो के लगभग 500 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया।



वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस मेंस टूर्नामेंट

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश शीर्ष पर



**भोपाल,(खेसं)।** युवा कल्याण एवं खेल विभाग और रेलवे इंस्टीट्यूट के सहयोग से यूथ स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 20वीं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश 19 पदक के साथ शीर्ष पर पहुंचा। इसके अलवा पंजाब 13 पदक के साथ दूसरे और हिमाचल प्रदेश 7 पदक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में मुख्य रेफ्री ग्रैंड मास्टर सईद शेख तथा रेफ्री ध्रुवेंद्र सिंह राणा, शिवम विश्वकर्मा, रिद्धि राणा, पुष्कर साहू, कंचन, करिश्मा, तनु शर्मा, ज्योति निरंजन, आयुष जैन, हैं। आज युक्त प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल होंगे।

## ब्रजभूषण का करीबी हूं, डमी नहीं: संजय सिंह



**गोण्डा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह नें शनिवार को कहा कि यह सच है कि वह निर्वतमान अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी है मगर डमी नहीं है और करीबी होना कोई गुनाह नहीं है। संजय सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा मैं पिछले 12 वर्षों से फेडरेशन से जुड़ा हूं और पूर्व में बनारस कुश्ती संघ का अध्यक्ष रहा हूं। पिछले करीब एक वर्ष से रुकी कुश्ती पुनः दौड़ पड़ी है और नई फेडरेशन के नेतृत्व में भारत का परचम कुश्ती की दुनियां में फिर से लहरायेगा। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक के संन्यास और और बजरंग पुनिया के पदक लौटाने को उनका निजी फैसला बताते हुये सिंह ने कहा साक्षी मलिक ने उन्हे फेडरेशन का अध्यक्ष नहीं बनाया बल्कि वे उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर लोकतांत्रिक तरीके से हुये चुनाव में विजयी हुये है और जहां तक देश के प्रतिनिधित्व का सवाल है तो जिन्हें देश के लिये खेलना है, उन्होंने चुनाव परिणाम आते ही लंगोट कस ली है। खेलने वाले ओलंपिक व अन्य टूनामेंट की जोरदार तैयारियों में जुटे है लेकिन जिन्हें सिर्फ राजनीति करना है वे सियासत कर रहे है। उन्होने कहा कि कुश्ती महासंघ से मान्यता बहाली का ईमेल द्वारा आवेदन भेज दिया गया है शीघ्र ही डब्लूएफआई की मान्यता बहाल होने की उम्मीद है।

# शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा

**आधुनिकता के बढ़ते दौर के कारण आज रोज-मर्रा की जिंदगी में कई मशीनों ने जगह बना ली है और इन सबमें सबसे आम है कम्प्यूटर। आज अधिकांश लोग दिन के 24 घंटों में से 10-12 घंटे कम्प्यूटर के सामने ही बिता रहे हैं।**





**दिनभर** ऑफिस में काम करते हुए तो कम्प्यूटर स्क्रीन आंखों के सामने रहती ही है और घर में इसका स्थान टीवी ले लेती है। ऑफिस जाने वाले लोगों की तो मजबूरी है कि उन्हें इतने समय कम्प्यूटर पर काम करना पड़ता है क्योंकि आज अधिकांश कार्यालयों में बिना कम्प्यूटर के काम ही नहीं होता, लेकिन स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए तो यह इतना अहम हो गया है कि इसके बिना वे अपने आप को असहाय महसूस करने लगते हैं। अगर वे कम्प्यूटर से हटते तो मोबाइल में लग जाते।

स्वभाविक सी बात है कि इतना समय कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल के सामने बिताना आपकी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। आपकी आंखों पर इसका बुरा असर पड़ना लाजमी है। लेकिन अपनी आदतों में सुधार कर आप आंखों को इसके प्रभावों से बचा सकते हैं। नीचे दिए कुछ उपयोगी टिप्स अपनाएं और आंखों को स्वस्थ रखें।

- आपकी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है कि आपके कम्प्यूटर की जमावट सही हो। मॉनीटर, कीबोर्ड का सही जगह होना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे मॉनीटर की आपकी आंखों से दूरी एक हाथ बराबर हो और वह आंखों के लेवल से 20 डिग्री नीचे हो। कीबोर्ड भी ऐसी जगह होना जाहिए जहां आपको टाइप करने में कोई भी दुविधा न हो।
- आप जहां बैठे हैं उस कमरे का प्रकाश फैला हुआ होना चाहिए। आपके सिस्टम पर प्रकाश सीधे नहीं पड़ना चाहिए। अपने सिस्टम के कलर, कंट्रास और ब्राइटनेस को अपने अनुसार सेट करें जो आपकी आंखों के लिए सहज हो।
- आप अपने चश्मे के लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव पर्त लगवा सकते हैं जो आपकी आंखों को कम्प्यूटर से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाएगा। इसके अलावा आप आंखों के डॉक्टर से कन्सल्ट कर एक खास चश्मा बनवा सकते हैं जो विशेषकर उन लोगों के लिए बनाया जाता है जो कम्प्यूटर का अधिक इस्तेमाल करते हैं।
- हमेशा 20-20-20 नियम याद रखें। इन तीन स्टेप्स को अपनाकर आप आंखों की हिफाजत बखूबी कर सकते हैं।
  - कम्प्यूटर पर काम करते हुए हर 20 मिनिट बाद अपने सिर को घुमाएं और ऐसी किसी वस्तु पर नजर डालें जो कम से कम आप से 20 फीट दूर हो। ऐसा करने से आपकी आंखों की फोकस दूरी बदलेगी जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करेगी।
  - छोटा-सा ब्रेक लें और उसमें अपनी पलकों को लगातार 20 बार झपकाए। ऐसा करने से आंखों की नमी बरकरार रहेगी।
  - एक ही पोजीशन में बैठे रहने से अच्छा है कि आप हर 20 मिनिट में उठकर 20 कदम चलें। ऐसा करना आपकी आंखों के साथ-साथ पूरे शरीर के लिए लाभप्रद है। इससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह आसानी से होगा। अन्यथा एक ही जगह बैठे रहने से रक्त प्रवाह में रुकावट आ जाती है।
- हम औसतन एक मिनिट में 12 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है जब हम कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो एक मिनिट में सिर्फ 5 बार ही पलकें झपकती हैं। जिस कारण हमारी आंखों की नमी कम हो जाती है। और यही कमी हमारी असहजता का कारण बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पलक झपकाना न भूलें और आंखों को नम बनाए रखने के लिए जेल या कृत्रिम आंसुओं का उपयोग करें।
- काम करते समय हमेशा तनकर बैठे ताकि आपका मेरूदंड सीधा रहे। अपनी हथेलियां आपस में तब तक रगड़ें जब तक कि वे थोड़ी गर्म न हो जाएं। हथेलियों की यह गर्माहट आपक?ी थकी हुई आंखों को आराम पहुंचाएगी। अपनी इन गर्म हथेलियों को हल्के से आंखों पर रखें और 60 सेकेण्ड तक आराम करें। अपने मन में ये 60 सेकेण्ड गिनें और जब भी आपकी आंखे थक जाएं तब कम से कम दो से तीन बार इस एक्सरसाइज को करें।
- ब्रेक के दौरान अपने चेहरे और आंखों को सादे पानी से धोएं। ऐसा करने से आप फ्रेश फील करेंगे।
- सुबह ऑफिस आने से पहले उपयोग किए गए दो टी-बैग्स फ्रिज में रखना न भूलें और जब आप घर जाएं तो इन टी-बैग्स को आंखों पर कुछ मिनिटों के लिए रखें। यह आपकी थकी हुई आंखों को आराम देने के साथ-साथ उनकी सूजन भी कम करेगा।
- आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है उचित खान-पान। अपने रोजाना के खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, चिकन और दुग्ध उत्पादों को भी अपने आहार में शामिल करें। अगर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाने के साथ समय-समय पर आंखों की जांच कराना न भूलें।

# सर्द मौसम में महिलाएं रखें सावधानी

**बदलते** मौसम का अर्थ ढेरों बीमारियों को बुलावा। ऐसे में महिलाओं को अपना विशेष ध्यान रखना होता है। महिलाओं को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमारी उन्हें जब तक पूरी तरह से न पकड़ ले, वे चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करती हैं। लापरवाही के कारण कभी-कभी बीमारियां इतनी गंभीर हो जाती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है। पहले महिलाएं अज्ञानता के चलते ऐसा करती थीं। आज महिलाएं शिक्षित और समझदार हैं लेकिन आज भी सिर्फ ध्यान न देने की वजह से बीमारियां ने गंभीर रूप ले लेती हैं। महिलाओं को चाहिए कि अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। * व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। व्यायाम ज्यादा पकाऊ न हो, इसके लिए रोज कुछ नया करने का प्रयास करें। जैसे सोमवार को सैर, मंगलवार को योग, बुधवार को एक्सरसाइज आदि। *व्यायाम करते समय अपनी पसंद का म्यूजिक सुनना बहुत जरूरी होता है। इससे मन प्रसन्न होता है, और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। * खाने में हरी सब्जी, फल, सलाद और जूस का नियमित सेवन करें। तेल-घी का ज्यादा उपयोग न करें। महिलाएं एक गिलास दूध प्रतिदिन पिएं। कैल्शियम और सोयायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। * बदलते मौसम में मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए एलोवेरा का उपयोग भी कर सकते हैं। दिनभर में लगभग 18 से 20 गिलास पानी पीने से आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं। * विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट दवाइयों का सेवन करें। महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और बच्चादानी के कैंसर की समय-समय पर जांच कराती रहें। साथ ही अन्य चेकअप भी कराती रहें। * जो भी खाएं और पकाएं, हमेशा धोकर खाएं। कफ कोल्ड वाले इंसानों से दूर रहें। जितना हो सके बीमारियों से बचकर रहें।



# ठंड से बचाएं अपने नन्हे से दिल को

**जाड़े** की दस्तक के साथ ही मौज-मस्ती का सिलसिला शुरू हो रहा है। क्रिसमस से लेकर पूरे जनवरी महीने तक बेफिक्री का आलम रहेगा। रंग में भंग डालने की मेरी कोई मंशा नहीं है लेकिन मौज-मस्ती के अपने धांसू आइडिया के साथ अपने दिल की खैरियत के खयाल की गठरी भी बांध लें तो बेहतर होगा। इस दौरान दिल की तरफ से बेतकल्लुफ हो जाना खतरे से खाली नहीं है। ब्रिटेन के चर्चित कवि टीएस इलियट की तर्ज पर कहें तो दिल की परवाह नहीं की तो ये महीने सबसे निर्दयी साबित हो सकते हैं। खाने-पीने का दौर ही नहीं, जाड़े की ठिठुरन भी घातक साबित होती है। सीधे कहें तो इन महीनों में दिल के दौरे का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग तो खास खयाल रखें। हृदय रोगों के लिए ये महीने सबसे घातक होते हैं। ठंडे मौसम का हृदय रोगों से गहरा संबंध होता है। हृदय एवं रक्त संचार कई तरह से प्रभावित होते हैं। गाढ़ा हो जाने से रक्त का लसलसापन बढ़ जाता है। पतली रक्त नलिकाएं और संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल के मरीजों के लिए तो ठीक नहीं ही है, उनके दिलों के लिए भी घातक हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों से लैस हैं। इस मौसम में श्वसन से संबंधित बीमारियां होती हैं जो दिल पर बुरा असर डालती हैं।

जाड़े में लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं। उच्च रक्तचाप एवं खून को पतला करने सहित अन्य जरूरी दवाइयों से बचते हैं। मस्ती के दौरान उन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते जो दिल के दौरे की तरफ इंगित करते हैं। छाती के दर्द तक को गैस या अपच के कारण हुआ समझने की भूल करते हैं। जाड़े में अधिक समय तक ठंड में रहने और खुली जगह में शारीरिक मेहनत करने से बचें तभी आपके दिल की गर्मजोशी बरकार रहेगी।

# आहार जो दे आपको सर्दियों में गर्मी



**सर्दी को** हमारे यहां सेहत बनाने का मौसम माना जाता है। खूब सारे फल आते हैं, पाचन-शक्ति अच्छी होती है और खूब भूख भी लगती है। कहा जाता है कि इस मौसम में पत्थर भी पचाए जा सकते हैं। ऐसे में जो लोग जिम जाकर बॉडी बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह मौसम बड़े काम का है।

इस मौसम में स्वस्थ रहने और सर्दी से बचने के लिए बाहरी उपायों के अतिरिक्त हमारे यहां खान-पान पर भी जोर दिया जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम होने की आशंका ज्यादा रहती है, ऐसे में अपने शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपने खाने में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स को शामिल करने का सुझाव देते हैं। ठंड के मौसम में अपने खाने में आंवले को शामिल करें। सीधे नहीं खा सकते हैं तो या तो मुरब्बे के तौर पर या फिर किसी और तरह से हर दिन के खान-पान में इस्तेमाल करें। यदि आप डाइट चार्ट का पालन कर रहे हैं तो फिर आंवला मुरब्बा लेने की बजाय किसी और रूप में लें। इसके साथ ही अजवाइन भी शरीर को गर्मी देने का अच्छा स्रोत है। इससे भी आप कोल्ड एंड फ्लू से बचाव कर सकते हैं। गुड़ और शहद भी सर्दियों के दिनों में अच्छा माना जाता है। तिल्ली और गुड़ के लड्डू सर्दी से बचाव के लिए बेहतरीन उपाय माना जाता है। ठंड के मौसम में सूखे मेवे, बादाम आदि का सेवन भी लाभदायक होता है। या तो इन्हें भिगोकर खाएं या दूध में मिलाकर या फिर सूखे मेवों का दरदरा पावडर-सा बना लें और इसे दूध में मिलाकर प्रोटीन शेक-सा बना लें। पारंपरिक तौर पर सर्दियों के लिए मेवे के लड्डू बनाए जाते हैं। आटे, बेसन या फिर उड़द या मूंग की दाल के आटे से लड्डू बनाए जाते हैं। गुजरात में उड़द की दाल के आटे से बने लड्डुओं को अड़दिया कहा जाता है, जबकि पंजाब में इन्हें दाल की पिन्नियों के नाम से जाना जाता है। डाइट एक्सपर्ट यह मानते हैं कि सर्दियों में देशी घी का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि आप किसी डाइट चार्ट को फालो नहीं कर रहे हैं तो घी इस मौसम में अच्छा रोग प्रतिरोधक माना जाता है। यदि आप शक्कर और घी से परहेज करते हैं तो मौसमी फलों का सेवन करें। ताजी सब्जियों और मौसम के फलों के साथ गर्म दूध भी सर्दियों के लिए अच्छा माना जाता है।

# सूर्य-किरण थेरेपी क्या है?



**वैज्ञानिकों** की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग-निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ऋषि-मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।



# पूरी हुई कृति –काजोल की 'दो पत्ती' की शूटिंग




बॉलीवुड की जानी–मानी अदाकारा कजोल और कृति सैनन की आगामी फिल्म दो पत्ती की शूटिंग पूरी हो चुकी है. कृति ने अपने इंस्टाग्राम पर शूटिंग के पीछे के खूबसूरत पलों को साझा करते हुए इस खबर की घोषणा की है. इस रहस्यमय थ्रिलर फिल्म के लिए दोनों सुपरस्टार्स ने बर्फ से ढके पहाड़ों और मनाली के मनमोहक नजारों के बीच जमकर परिश्रम किया है. फिल्म दो पत्ती अगले साल, 2024 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है. यह फिल्म लेखक–निर्देशक शशांक चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी है, जिन्हें फिल्म इंडस्ट्री में बीओबी के नाम से जाना जाता है. कजोल और कृति के अलावा, फिल्म में शाहिद शेख भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे. यह फिल्म कृति सैनन के लिए इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि यह उनकी पहली निर्माता के रूप में भी है. उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म को सह–निर्मात किया है. कजोल के लिए यह नेटफ्लिक्स के साथ तीसरी फिल्म होगी, इससे पहले वह त्रिभंगा और लस्ट स्टोरीज 2 में नजर आ चुकी हैं।

## सिंगल मदर होना अपराध...: चारू असोपा



चारू असोपा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री व्लॉग शेयर करती रहती हैं, और हमेशा अपने फैंस को अपनी जिंदगी के बारे में अपडेट देती हैं। अभिनेत्री, जो हाल ही में अपने स्थान के पास एक नए घर में स्थानांतरित हुई हैं, ने घर की तलाश के दौरान आने वाली चुनौतियों को साझा किया। अपने व्लॉग में, चारू ने खुलासा किया कि एक महिला ने उन्हें घर देने से इनकार कर दिया क्योंकि वह एक अकेली मां हैं, और उनके परिवार में कोई पुरुष सदस्य नहीं है।अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, चारू ने कहा, मैंने अपने जल्द ही बनने वाले नए घर की सोसायटी मीटिंग में भाग लेने के लिए शूटिंग के बीच एक घंटे का ब्रेक लिया। सब कुछ फाइनल हो चुका था और टोकन मनी भी जमा कर दी थी। समिति के सदस्य यादातर पुरुष थे, और केवल एक महिला थीं। चारू ने बताया कि महिला ने उनसे पूछा कि कितने लोग रहने वाले हैं। इस पर चारू ने कहा कि मैं, मेरी बेटी और दो नौकरानियां होंगी।महिला ने चारू से कहा, नहीं, हम सिंगल मदर्स को घर नहीं देते। चारू ने जोड़ा, मैंने उससे कारण पूछा, लेकिन उन्होंने कहा कि वह वहां नहीं जाना चाहतीं या इस पर आगे कोई चर्चा नहीं करना चाहतीं। वह मेरे प्रति बहुत असभ्य थीं। मैं उन्हें समझाने की कोशिश कर रही थी।इस प्रकरण पर चर्चा करते हुए अभिनेत्री रो पड़ीं और इस बात पर हैरानी जताई कि एक महिला ऐसी बकवास कह रही है। चारू ने बताया कि उन्हें ऐसा लगता है कि सिंगल मदर होना एक अपराध माना जा रहा है।

# सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं तृप्ति डिमरी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एनिमल में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं, जब से फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। जहां संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़े, वहीं तृप्ति को 'नेशनल क्रश' करार दिया गया। वह इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बनाने और एक्शन–एंटरटेनर में जोया की भूमिका निभाकर सुर्खियां बटोरने में कामयाब रही हैं।पिछले कुछ दिनों से तृप्ति न सिर्फ एनिमल में अपनी परफॉर्मेंस बल्कि अपने इंस्टाग्राम फोटोज और वायरल वीडियोज को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। एक और बात जो व्यापक रूप से रिपोर्ट की गई है वह है उसका अफवाह भरा रिश्ता। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा से अलग होने की अफवाह के बाद तृप्ति एक बिजनेसमैन को डेट कर रही हैं। हालाँकि, दोनों ने कभी भी सार्वजनिक रूप से एक–दूसरे को डेट करने की बात स्वीकार नहीं की। दिसंबर 2022 में, यह बताया गया कि काला अभिनेत्री ने कर्णेश से नाता तोड़ लिया। न केवल उन्होंने सोशल मीडिया पर एक–दूसरे को अनफॉलो कर दिया, बल्कि तृप्ति ने कर्णेश के साथ कई तस्वीरें भी हटा दीं और इसके विपरीत भी।









## 'मुझे पोर्न पसंद है लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा': अरशद वारसी

बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी ने हाल ही में अपने एक नवीनतम साक्षात्कार में एनिमल जैसी फिल्म करने के बारे में खुलासा किया। जब से रणबीर कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना–स्टारर फिल्म बड़े पर्दे पर आई है, तब से यह सही और गलत दोनों कारणों से सुर्खियां बटोर रही है। जहां कुछ लोगों ने फिल्म में उनके अभिनय के लिए अभिनेताओं की प्रशंसा की है, वहीं अन्य ने हिंसा और स्त्रीद्वेष का महिमामंडन करने के लिए निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की आलोचना की है। फिल्म की रिलीज के बाद रणबीर और तृप्ति डिमरी के कई इंटीमेट और न्यूड सीन भी सोशल मीडिया पर लीक हो गए थे। हाल ही में एक राउंडटेबल में अरशद वारसी ने सेक्स कॉमेडी करने के बारे में अपने विचार साझा किए और यह भी बताया कि क्या वह भविष्य में संदीप रेड्डी वांगा के साथ काम करेंगे।मुन्ना भाई एमबीबीएस अभिनेता ने बॉलीवुड हंगामा को बताया, 卐सभी गंभीर कलाकार फिल्म (एनिमल) से नफरत कर सकते हैं, लेकिन मुझे फिल्म पसंद है। यह किल बिल के पुरुष संस्करण की तरह थी। मेरा पूरा दृष्टिकोण अलग है, मैं फिल्मों को देखता हूं संपूर्ण मनोरंजन के रूप में और जब आप थिएटर जाते हैं तो आप यही देखना चाहते हैं। मैं यादा सोचना नहीं चाहता, मुझे मत सिखाओ, मुझे सबक मत दो, मैंने इसे स्कूल में सीखा है।



## शाहिद ने खरीदी न्यू मर्सिडीज कार

शाहिद पूर के कार कलेक्शन में अब एक और लग्जीरियस गाड़ी शामिल हो गई है. दरअसल एक्टर ने हाल ही में नई ब्लैक मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600 खरीदी है. मर्सिडीज मेबैक इंडिया के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज ने शाहिद कपूर और मीरा कपूर की नई मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600 के साथ एक फोटो शेयर की है. जिसके जरिए कपल के घर नई कार के वेलकम की जानकारी मिली है.

मर्सिडीज मेबैक इंडिया ने नई मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600 के साथ मीरा और शाहिद की फोटो पोस्ट करते हुए कार की खासियत भी बताई है. पोस्ट में लिखा है– मर्सिडीज–मेबैक जीएलएस 600 शाहिद कपूर के गैराज में शामिल हो गई है, ये न सिर्फ एक शानदार एडिशन है बल्कि उनकी डेवलप्ड होती लक्जरी स्टोरी का आईना है. जहां स580 में एलिगेंस झलकता है, वहीं त्ररू 600 में ऑप्यूलेंस झलकता है.बता दें कि शाहिद कपूर की इस शानदार कार की कीमत 3.5 करोड़ रुपए है. मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600अपने शानदार फीचर्स और शानदार प्रेजेंस के लिए जानी जाती है. शाहिद कपूर से पहले रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, कृति सेनन, आयुष्मान खुराना और नीतू कपूर के पास भी मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600 है. शाहिद के वर्कफ्रंट पर बात करें तो उन्होंने दशहरे के मौके पर अपने अगले प्रोजेक्ट देवा की अनाउंसमेंट की थी. फिल्म दशहरा 2024 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसके अलावा शाहिद जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान की अनटाइटल्ड फिल्म में भी दिखाई देने वाले हैं. फिल्म 9 फरवरी 2024 को रिलीज होगी जिसमें उनके साथ एक्ट्रेस कृति सेनन दिखाई देंगी।

# एडवांस बुकिंग में करोड़ों छाप चुकी शाहरुख की 'डंकी'

शाहरुख खान के फैंस उनकी अपकमिंग फिल्म डंकी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म 21 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर थिएटर्स में रिलीज के लिए तैयार है. फिल्म की रिलीज में अभी तीन दिन बाकी है और इस बीच स्टारकास्ट फिल्म के प्रमोशन में कोई कमी नहीं छोड़ रही है. रिलीज से एक हफ्ते पहले ही डंकी की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई जिसमें शाहरुख खान की फिल्म धुआंधार कमाई कर रही है. राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी फिल्म डंकी पहले दिन की एडवांस बुकिंग में अब तक 8 करोड़ रुपए से यादा कमाई कर चुकी है. सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो डंकी ने अब तक 3,37,987 टिकट बेचे हैं और इसी के साथ एडवांस बुकिंग में 9.74 करोड़ रुपए कमा चुकी है. बता दें कि डंकी के साथ–साथ साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म सालार की भी एडवांस बुकिंग जारी है. जहां डंकी 21 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी तो वहीं सालार 22 दिसंबर को रिलीज होनी है. ऐसे में दोनों फिल्में एडवांस बुकिंग में एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही है. जहां डंकी ने अब तक 9.74 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है तो वहीं सालार 9.41 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है.डंकी के बारे में बात करें तो फिल्म चार लोगों की कहानी है जो चोर रास्ते से विदेश का रुख करते हैं. इस दौरान उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. फिल्म में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू की केमिस्ट्री दिखाई गई है. इसके अलावा विक्की कौशल और बोमन ईरानी भी फिल्म का हिस्सा हैं।







## लड़ाई के दौरान विक्की ने दिया अभिषेक को धक्का



बिग बॉस 17 के आज रात के एपिसोड में विक्की जैन और अभिषेक कुमार के बीच बहस हो गई, जिसके बाद बिजनेसमैन ने उदयियन अभिनेता से कहा कि उनके व्यवहार के कारण उन्हें भविष्य में लड़की नहीं मिलेगी। इस पर रिएक्ट करते हुए अभिषेक कहते हैं, 'हमको पता आपको लड़की कैसी मिली है।' जैन की पत्नी, अभिनेत्री अंकिता लोखंडे चिढ़ जाती हैं और उन पर चिल्लाती हैं। बाद में, विक्की आक्रामकता के साथ उसे धक्का देता है और कुमार गिर जाता है। गुस्से में कुमार उसे पीछे धकेल देता है. इसके बाद मुनव्वर फारुकी उन्हें प्रतियोगी से लड़ने के लिए कहते हैं लेकिन उन्हें अपमानजनक टिप्पणी करने से रोकते हैं। वह खुद को समझाते हुए कहते हैं कि उनका मतलब था कि विक्की को उसके हेरफेर के कारण लड़कियां मिलीं। इसके अलावा, स्टैंड–अप कॉमेडियन अभिषेक से कहते हैं कि उन्हें विक्की को धक्का नहीं देना चाहिए था। हाल ही में बिग बॉस 17 में वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में प्रवेश करने वाली आयशा खान ने अभिषेक से कहा कि उन्होंने लड़ाई के दौरान उन्हें चोट पहुंचाई। जिसके बाद, कुमार द्वारा आयशा को पागल कहने पर दोनों बहस करने लगते हैं। बहस रसोई क्षेत्र में शुरू हुई जब समर्थ जुरेल और अभिषेक ने घर में आयशा खान की वाइल्डकार्ड प्रविष्टि के बारे में टिप्पणी की, जिसने तब मोड़ ले लिया जब अंकिता ने बातचीत पर प्रतिक्रिया दी।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009